सूर्योदय 6:48 सूर्यास्त 5:25

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 8.0 न्यू | 17.4 अधि |
| धर्मशाला | 9.0 न्यू | 21.9 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 77578.38 |
| निफ्टी | 23518.50 |
| सोना 77,070 | चांदी 93,892 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान




छोटे निवेशकों को कुचला जा रहा, माधवी बुच अपने पद पर क्यों बरकरार: राहुल

पृष्ठ 13 पर

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | बुधवार, 20 नवंबर 2024 | 5 मार्गशीर्ष, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 1, अंक 334, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### संसद सत्र से पहले 24 को बुलाई सर्वदलीय बैठक

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने शीतकालीन सत्र के शुरू होने से पहले 24 नवंबर को संसद में सर्वदलीय बैठक बुलाई है। 25 नवंबर से शुरू होने वाला सत्र 20 दिसंबर को समाप्त होगा। शीतसत्र के दौरान सरकार वक्फ संशोधन बिल को पारित कराने का प्रयास करेगी। सत्र के दौरान सरकार 'वन नेशन वन इलेक्शन' बिल भी पेश कर सकती है। संसद का शीतसत्र शुरू होने से पहले सरकार रविवार को सभी दलों की बैठक में विशेषकर विपक्षी दलों को सरकार के आगामी सत्र के संसदीय एजेंडे का ब्यौरा देगी। साथ ही संसद में चर्चा के विभिन्न विषयों का जिक्र करेगी।

### सुप्रीम कोर्ट व इलाहाबाद हाईकोर्ट को उड़ाने की धमकी

**मथुरा।** श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति निर्माण ट्रस्ट को एक बार फिर से पाकिस्तान से धमकी भरी कॉल आई है। इस बार सुप्रीम कोर्ट और इलाहाबाद हाईकोर्ट को बम से उड़ने की धमकी दी गई है। धमकी दी कि श्री कृष्ण जन्मभूमि शाही ईदगाह प्रकरण की सुनवाई के समय इलाहाबाद हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट को बम से उड़ा दिया जाएगा। इसके बाद सुरक्षा एजेंसियां जांच में जुट गई हैं। श्री कृष्ण जन्मभूमि मुक्ति निर्माण ट्रस्ट के अध्यक्ष आशुतोष पांडेय को सोमवार की देर रात करीब 1:30 बजे धमकी भरी फोन कॉल आई थी।

### अभिनेता सिद्दीकी को मिली अग्रिम जमानत



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बलात्कार के एक मामले में आरोपी एवं मलयालम अभिनेता सिद्दीकी की अग्रिम जमानत याचिका मंगलवार को मंजूर कर ली। न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने कहा कि दिग्गज अभिनेता को अपना पासपोर्ट जमा कराना होगा और जांच अधिकारी के साथ सहयोग करना होगा।

### भारत यात्रा पर जल्द आएंगे राष्ट्रपति पुतिन



**नई दिल्ली।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन जल्द ही भारत की यात्रा पर आएंगे। संभावना है कि अगले साल भारत की यात्रा कर सकते हैं। राजनयिक सूत्रों ने बताया कि दोनों पक्ष इस यात्रा की संभावनाएं तलाश रहे हैं, लेकिन अभी इसे अंतिम रूप नहीं दिया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस साल जुलाई में मॉस्को में जब पुतिन से मिले थे तो उन्हें भारत यात्रा के लिए आमंत्रित किया था।

### बॉर्डर पर सिविल इंजीनियर 5 किलो सोने के साथ धरा

**कोलकाता।** बीएसएफ ने पश्चिम बंगाल के उत्तर 24-परगना जिले में एक सिविल इंजीनियर को 5.9 किलोग्राम सोने के साथ गिरफ्तार किया है। खुफिया सूचना पर टेंटुलबेरिया सीमा चौकी पर तैनात बीएसएफ के जवानों ने अंचलपारा गांव में तलाशी ली। इस दौरान भागने की कोशिश की। बीएसएफ डीआईजी और प्रवक्ता एनके पांडे ने बताया कि सिंथेटिक कैरी बैग में लिपटा एक काले कपड़े का बेल्ट बरामद हुआ, जिसमें 50 सोने के बिस्किट मिले।

# हिमाचल भवन मामले में हम कानूनी लड़ाई लड़ेंगे : सुक्खू

## दावा: नहीं हुई संपत्ति अटैच, जो पैसा जमा करना होगा, हम करवाएंगे

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



शिमला में प्रेसवार्ता करते मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू।

**हिमाचल** भवन की संपत्ति अटैच करने के मामले में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि हिमाचल की संपदा को हम लुटने नहीं देंगे। इसके लिए जो पैसा जमा करना होगा, हम करेंगे। हम आर्बिट्रेशन अवार्ड नहीं देंगे, हम इसको कानूनी तौर पर लड़ेंगे।

शिमला में मंगलवार को प्रेसवार्ता में मुख्यमंत्री ने कहा कि संपत्ति अटैच नहीं की है। यह कानूनी मुद्दा है। हम इस लड़ाई को लड़ना चाहते हैं। यह पावर प्रोजेक्ट अपफ्रंट प्रीमियम था।

> आर्बिट्रेशन अवार्ड नहीं देंगे हम इसको कानूनी तौर पर लड़ेंगे

ब्रेकल के मामले में हम अपफ्रंट प्रीमियम का केस जीत चुके हैं, जिसमें आर्बिट्रेशन कोर्ट ने 280 करोड़ रुपए दिए थे, उसके बाद जब हमने रिट दायर की, तो हाईकोर्ट ने हमारे पक्ष में फैसला दिया। आर्बिट्रेशन कोर्ट की ओर से मोजर बेयर को दिए गए 64 करोड़ रुपए के आर्बिट्रेशन के खिलाफ भी हम हाईकोर्ट गए हैं। यह पूर्व सीएम जयराम ठाकुर के समय का मामला है। उन्होंने ब्रेकल कंपनी को 280 करोड़ का आर्बिट्रेशन अवार्ड दिया था, जो गलत था। इसके बाद हाईकोर्ट ने हमारे पक्ष में फैसला दिया। बता दें हिमाचल हाईकोर्ट ने सेली कंपनी को 64 करोड़ रुपए अपफ्रंट प्रीमियम अदा न करने पर हिमाचल भवन नई दिल्ली की संपत्ति अटैच करने के आदेश पारित किए। साथ ही कंपनी को अपफ्रंट प्रीमियम 7 फीसदी ब्याज समेत याचिका दायर होने की तारीख से देने को कहा है। अदालत ने प्रधान सचिव ऊर्जा को 15 दिन में जांच कर पता लगाने को कहा कि किन दोषी अधिकारियों की चूक के कारण राशि जमा नहीं की गई। 2009 में सरकार ने कंपनी को 320 मेगावॉट का बिजली प्रोजेक्ट आवंटित किया था। यह प्रोजेक्ट लाहौल-स्पीति में लगाया जाना था। कंपनी ने वर्ष 2017 में हाईकोर्ट में रिट याचिका दायर की। अदालत को बताया कि प्रोजेक्ट लगाने के लिए मूलभूत सुविधाएं न मिलने के कारण प्रोजेक्ट बंद करना पड़ा और वापस सरकार को दे दिया।

### विक्रमादित्य बोले- हिमाचल भवन पूरे हिमाचल का आईना

**मंत्री** विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि दिल्ली स्थित हिमाचल भवन पूरे हिमाचल का आईना है और हिमाचल प्रदेश का प्रतीक है। इसकी इस तरह से अटैचमेंट चाहे सुप्रीम कोर्ट में करनी हो या डबल बेंच में, कानूनी तरीके से ही निपटा जाना चाहिए। हिमाचल प्रदेश में कई हाइड्रो प्रोजेक्ट हैं और जब भी कोई हाइड्रो प्रोजेक्ट स्थापित होता है, तो उसका अग्रिम पैसा जरूर दिया जाता है और यह सभी मामलों में होता है, चाहे वह पीएसयू प्रोजेक्ट हो या व्यक्तिगत प्रोजेक्ट। कई बार ऐसा होता है कि प्रोजेक्ट पूरा नहीं हो पाता। इसकी समयसीमा पूरी नहीं होती, तो बोली लगाने वाले या जिन्हें अवार्ड मिल चुका है, वे अपना अग्रिम पैसा वापस मांगते हैं। ऐसे कई मामले हैं। ऐसी चीजें हर राज्य की हर सरकार में होती हैं। मैं उच्च न्यायालय की ओर से दिए गए आदेश पर कोई टिप्पणी नहीं करना चाहूंगा, लेकिन जैसे हिमाचल भवन को अटैच करने की बात हो रही है। यह हिमाचल प्रदेश का प्रतीक है।

# भारत ने विजय माल्या और नीरव मोदी के प्रत्यर्पण के लिए ब्रिटेन पर डाला दबाव

## जी-20 सम्मेलन: पीएम मोदी ने ब्रिटिश समकक्ष कीर स्टार्मर से की मुलाकात

**एजेंसी, रियो डी जेनेरियो**



**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने ब्रिटेन के अपने समकक्ष, प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर के साथ बैठक में उन भारतीय आर्थिक अपराधियों का मुद्दा उठाया, जिनके प्रत्यर्पण का ब्रिटेन से इंतजार है। यह ब्राजील में जी-20 नेताओं के शिखर सम्मेलन के दौरान आयोजित पांच अलग-अलग द्विपक्षीय बैठकों में से एक थी।

हालांकि, प्रधानमंत्री या विदेश मंत्रालय ने उनका नाम नहीं बताया, लेकिन भारत विजय माल्या और नीरव मोदी के प्रत्यर्पण की मांग कर रहा है। दोनों के खिलाफ भारत में मामले लंबित हैं। ब्रिटेन को दोनों को प्रत्यर्पित करना है। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि प्रधानमंत्री (मोदी) ने ब्रिटेन में भारत के आर्थिक अपराधियों के मुद्दे के समाधान के महत्व पर ध्यान दिया। मोदी और स्टार्मर दोनों देशों के बीच प्रवासन और लोगों की गतिशीलता से संबंधित मुद्दों पर प्रगति करने की आवश्यकता पर भी सहमत हुए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जी-20 शिखर सम्मेलन से इतर अपने ब्रिटिश समकक्ष कीर स्टार्मर से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने हरित ऊर्जा, सुरक्षा, नवाचार और प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में मिलकर काम करने की इच्छा व्यक्त की। वहीं, प्रधानमंत्री मोदी ने इटली, इंडोनेशिया, नॉर्वे, पुर्तगाल, मिस्र और दक्षिण कोरिया सहित कई देशों के नेताओं से मुलाकात की और संबंधों को बेहतर एवं मजबूत बनाने के तरीकों पर चर्चा की।

> दोनों देशों ने ऊर्जा, सुरक्षा, नवाचार पर मिलकर काम करने की जताई इच्छा

### महाराष्ट्र और झारखंड में विधानसभा चुनाव के लिए मतदान आज

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र विधानसभा की सभी 288 और झारखंड में दूसरे फेज की 38 सीटों के साथ ही 4 राज्यों की 15 विधानसभा और महाराष्ट्र की नांदेड़ लोकसभा सीट पर बुधवार को उपचुनाव होंगे। इन 15 में से 13 सीटों पर विधायकों के सांसद बनने, 1 के निधन और 1 के जेल जाने से यह सीटें खाली हुई हैं। इनमें 2 सीटें एससी के लिए आरक्षित हैं। उत्तर प्रदेश की सबसे ज्यादा 9 सीटों पर वोटिंग होनी है। 15 सीटों में से भाजपा, कांग्रेस और समाजवादी पार्टी (सपा) के पास 4-4 और आम आदमी पार्टी, राष्ट्रीय लोकदल और निषाद पार्टी के पास 1-1 सीट थी। पहले 3 राज्यों की 14 सीटों पर 13 नवंबर को ही वोटिंग होनी थी, लेकिन चुनाव आयोग ने त्योहारों के चलते तारीख में बदलाव किया था।

# मंडी मस्जिद विवाद: हिंदू संगठनों ने किया प्रदर्शन



मंडी में अवैध मस्जिद को लेकर प्रदर्शन करते हिंदू संगठनों के कार्यकर्ता।

**अनंत ज्ञान, मंडी**

**छोटी** काशी मंडी के जेल रोड स्थित अवैध मस्जिद को लेकर मंगलवार को एक बार फिर हिंदू संगठनों ने सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन किया। हिंदू संगठनों के कार्यकर्ताओं ने शांतिपूर्ण तरीके से मंडी शहर के सेरी चाननी पर इकट्ठा होकर प्रदेश सरकार, स्थानीय प्रशासन और पुलिस विभाग सहित वक्फ बोर्ड के खिलाफ नारेबाजी की।

हिंदू संगठनों के नेताओं ने सरकार और प्रशासन को चेतावनी दी कि अगर उनकी मांगों पर जल्द कार्रवाई न हुई तो सरप्राइज दिया जाएगा। बता दें कि मंडी शहर के जेल रोड स्थित खसरा नंबर 1280 स्थित विवादित मस्जिद के कब्जे में बताया जा रहा है। इस भूमि को लेकर हिंदू संगठनों ने प्रशासन के समक्ष कार्रवाई करने को लेकर शिकायत दर्ज करवाई है, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। वहीं, सोशल मीडिया पर भड़काऊ बयान देने के लिए मंडी पुलिस ने हिंदूवादी नेता गोपाल कपूर पर केस दर्ज कर मोबाइल जब्त कर लिया है। जेल रोड मस्जिद का मामला प्रधान सचिव टीसीपी के न्यायालय में लंबित है और निगम आयुक्त मंडी के निर्णय पर अगले आदेशों तक रोक लगा रखी है। मंडी के हिंदूवादी नेता एवं देवभूमि संघर्ष समिति के संयोजक गोपाल कपूर ने कहा कि यह प्रदर्शन देवस्थान शिवालय खसरा नंबर 1280 को पहले इस्लाम के कब्जे से मुक्त करवाने और खसरा नंबर 1280 में पुरातत्व विभाग के निरीक्षण में खुदाई करवाने के लिए किया गया है। खसरा नंबर 1280 में देव स्थान है। वहीं, आंदोलन के मुखिया गोपाल कपूर के खिलाफ दर्ज केस को वापस लेने व उनका मोबाइल पुलिस से लेने के लिए प्रदर्शन किया जा रहा है। वहीं, छोटी काशी मंडी में प्रदर्शन को देखते हुए 100 पुलिस जवानों को शहर के विभिन्न स्थानों पर तैनात किया था, ताकि उग्र प्रदर्शन होने पर स्थिति पर काबू पाया जा सके।

> पुलिस प्रशासन ने चप्पे-चप्पे पर तैनात किए थे जवान

# चंबा में दो सगे भाइयों सहित तीन की मौत

## भरमौर-भरमाणी सड़क पर हुआ हादसा; दो लोग घायल, शादी से लौट रहा था परिवार

**अनंत ज्ञान, भरमौर**



**चंबा** जिले के दुर्गम क्षेत्र भरमौर में सोमवार देर रात को भरमौर-भरमाणी सड़क पर सावनपुर के पास एक ऑल्टो कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस हादसे में दो सगे भाइयों सहित 3 लोगों की मौत हो गई, जबकि 2 लोग घायल हुए हैं। एक घायल का सिविल अस्पताल भरमौर में उपचार चल रहा है, जबकि दूसरे घायल को चंबा मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया।

मृतकों की पहचान विजय कुमार पुत्र धर्म सिंह, तृप्ता देवी पत्नी विजय कुमार और कमलेश कुमार पुत्र धर्म सिंह गांव संचूई भरमौर के रूप में हुई है। वहीं, हादसे में विजय कुमार की बेटी नंदिनी देवी घायल हुई है। नंदिनी का सिविल अस्पताल भरमौर में उपचार चल रहा है, जबकि शिव कुमार पुत्र मान सिंह को मेडिकल कॉलेज चंबा रेफर किया है। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शवों को अपने कब्जे में ले लिया है। पुलिस ने शवों का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, यह हादसा सोमवार रात करीब 12:30 बजे हुआ। भरमौर के गांव संचूई के पास ही दूसरे गांव ग्रीमा में विजय कुमार की बुआ के बेटे की शादी थी। परिवार इसी शादी में गाड़ी लेकर गया था।

सोमवार देर शाम को परिवार बुआ के घर से अपने गांव संचूई के लिए गाड़ी से निकला। जब उनकी गाड़ी सावनपुर के पास वाली पहाड़ी से होकर गुजर रही थी, तो गाड़ी रेलिंग तोड़कर पहाड़ी से 200 मीटर नीचे सड़क पर आ गिरी।

> एक घायल को मेडिकल कॉलेज चंबा किया रेफर

### 1993 देवबंद धमाके का मुख्य आरोपी नजीर अहमद वानी गिरफ्तार

**अशोक ठाकुर श्रीनगर।** उत्तर प्रदेश पुलिस ने 1993 के देवबंद बम धमाके के मुख्य आरोपी नजीर अहमद वानी को जम्मू-कश्मीर के बडगाम जिले से गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बताया कि वानी को उत्तर प्रदेश पुलिस की टीम ने जम्मू-कश्मीर पुलिस की मदद से गिरफ्तार किया है। वानी ने हाल में हुए जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव में बडगाम विधानसभा सीट से मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला के खिलाफ चुनाव लड़ा था, लेकिन वह हार गया। वानी ने चुनावी हलफनामे में अपना व्यवसाय व्यापार बताया था। उसने अपने चुनावी हलफनामे में हालांकि, देवबंद विस्फोट मामले का जिक्र नहीं किया है।

# हमीरपुर और कांगड़ा के दो स्टोन क्रशर मालिक गिरफ्तार

## मनी लांड्रिंग मामले में ईडी की बड़ी कार्रवाई, सहारनपुर कनेक्शन में दो और के खिलाफ केस दर्ज

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**



**हिमाचल** में हमीरपुर और कांगड़ा जिलों से ताल्लुक रखने वाले दो क्रशर मालिकों नादौन के ज्ञानचंद और ज्वालामुखी के संजय धीमान को ईडी ने गिरफ्तार कर लिया है। दोनों को दो दिन पहले पूछताछ के लिए ईडी ने दिल्ली बुलाया था, जहां दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया।

हमीरपुर जिले के नादौन इलाके में स्थित ब्यास नदी और उत्तर प्रदेश में सहारनपुर के यमुना नदी में अवैध खनन मामले में ज्ञानचंद और संजय के खिलाफ मामला दर्ज किया है। इन दोनों को गिरफ्तार करके गाजियाबाद स्थित विशेष न्यायालय में पेश किया गया है। इनके अलावा, सहारनपुर कनेक्शन में दो और लोगों के खिलाफ मामले दर्ज हुए हैं। एक मामला अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ भी दर्ज है।

ज्ञानचंद से लंबे समय से पूछताछ हो रही थी। गौर रहे कि ईडी की टीम ने कई बार नादौन के पास कांगड़ा जिले में स्थित स्टोन क्रेशर पर दस्तक दी थी और वहां से रिकॉर्ड जब्त करके उसकी जांच शुरू की थी। आरोप था कि ज्ञान चंद व माफिया ब्यास नदी के तट से अवैध रेत और खनिजों को निकाल रहे हैं। इन अवैध खनन कार्यों से सैकड़ों करोड़ की आपराधिक आय (पीओसी) अर्जित की गई है। ईडी ने अवैध खनन से संबंधित कांगड़ा और ऊना जिलों के विभिन्न पुलिस स्टेशनों की ओर से दर्ज छह एफआईआर के आधार पर जांच शुरू की। ऊना और कांगड़ा जिले में टिप्पर, पोकलेन, जेसीबी और ट्रैक्टर अवैध खनन में सक्रिय रूप से लगे हुए हैं। ये वाहन अवैध रूप से खनिजों को निकालने में शामिल थे। (अनंत ज्ञान)

> क्रशर मालिक ज्ञानचंद से लंबे समय से हो रही थी पूछताछ

### सबसे पहले हमीरपुर में शुरू हुई थी जांच

**ईडी** ने सबसे पहले हमीरपुर शहर में जांच शुरू की थी, जब एक ही परिवार के तीन व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर छापेमारी की घटना के बाद लगातार दो दिन तक जांच की थी। जांच के शिकंजे में नौ ठिकाने आए थे, जिनमें क्रशर मालिक का यह ठिकाना भी मौजूद था। उत्तर प्रदेश में भी सहारनपुर और एक अन्य जगह पर ज्ञानचंद के साथ जुड़े हुए मामले पर ईडी की कार्रवाई हुई है। गिरफ्तार ज्ञान चंद और अन्य के खिलाफ बेहट पुलिस स्टेशन सहारनपुर में पहली नवंबर को एक और फिर दर्ज की गई थी। जांच में पाया कि हिमाचल और सहारनपुर में ज्ञानचंद व उसके साथियों सहित कई खनन माफियाओं के परिसरों पर 12 जगह तलाशी ली गई।

### मंडी का एक व्यक्ति बना गवाह, सुरक्षा दी

**मंडी** से ताल्लुक रखने वाले एक व्यक्ति को भी लेनदेन के मामले में ईडी ने सरकारी गवाह के रूप में शामिल किया है। इस व्यक्ति को सरकारी सिक्योरिटी दी गई है। ईडी के इस मामले को लेकर हड़कंप मचने लगा है। कारण यह है कि गिरफ्तारी को लेकर काफी समय लगा है और अब जो यह नया दौर शुरू हुआ है। वहीं, चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है।

अनंत ज्ञान

अनुभवी स्टाफ चाहिए

'अनंत ज्ञान' दैनिक अखबार को हिमाचल में अनुभवी स्टाफ की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार।

संपादकीय विभाग

उपमंडल स्तर पर जुझारू, ऊर्जावान और खोजी पत्रकारों की जरूरत है। डेस्क पर अनुभवी सब एडिटर चाहिए।

मार्केटिंग विभाग

मार्केटिंग रणनीति में माहिर मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव चाहिए।

मोबाइल नंबर: 8894521702
ई-मेल anantgyaanadm@gmail.com

### अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- हर दिन हिमाचल की छवि मिट्टी में मिला रही सुक्खू सरकार : जयराम -पेज 3
- पुलिस ने कोर्ट के बंद कमरे में दर्ज किए पीड़ित छात्राओं के बयान -पेज 9
- राजगढ़ में सूखे की मार, तीन माह से बारिश का इंतजार -पेज 12
- नालासोपारा कैश कांड में 3 एफआईआर, 9 लाख बरामद -पेज 13
- जापान को हराकर भारत फाइनल में -पेज 14

**प्रदूषण** सीजन का सबसे ज्यादा पॉल्यूशन, 22 ट्रेनें लेट, नोएडा में विजिबिलिटी घटने से वाहनों में टक्कर, 2 की मौत

# दिल्ली में सांसों पर संकट, एक्यूआई 500 पार

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**दिल्ली** में प्रदूषण बेहद खतरनाक लेवल पर बना हुआ है। मंगलवार सुबह 7 बजे दिल्ली के कई इलाकों में एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) 500 से ऊपर रिकॉर्ड किया गया।

दिल्ली का औसत एक्यूआई 494 रिकॉर्ड किया गया, जो इस सीजन में सर्वाधिक है। राजधानी में मंगलवार सीजन की सबसे खराब हवा रही।

दिल्ली-एनसीआर के 10वीं तक के स्कूलों में पहले ही ऑनलाइन पढ़ाई शुरू कर दी थी। सोमवार को सुप्रीम कोर्ट की फटकार के बाद 11वीं-12वीं की क्लासेस भी ऑनलाइन चलाने का आदेश दे दिया गया। वहीं, डीयू, जेएनयू और जामिया के कॉलेजों की क्लासेस 4 दिन तक वर्चुअल मोड पर चलेंगी। बढ़ते प्रदूषण को देखते हुए कमीशन फॉर एयर क्वालिटी मैनेजमेंट ने 18 नवंबर से दिल्ली-एनसीआर में बदला हुआ ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान का चौथा फेज लागू कर दिया है। साथ ही बच्चों, बुजुर्गों, सांस और दिल के मरीजों, पुरानी बीमारियों से पीड़ितों को घर के अंदर रहने की सलाह दी गई है। उधर, दिल्ली से सटे नोएडा में प्रदूषण और धुंध के कारण ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस-वे पर मंगलवार सुबह कई एक्सीडेंट हुए। यहां विजिबिलिटी कम होने के कारण एक ट्रक डिवाइडर पर चढ़ गया। इस कारण ट्रक के पीछे चल रहीं 4 एसयूआई कारें और कुछ बाइक्स आपस में टकरा गईं। एक्सीडेंट में 2 बाइक सवारों की मौत हो गई, जबकि 17 लोग घायल हुए हैं।


> बच्चों और बुजुर्गों को घर के अंदर रहने की सलाह

### दिल्ली सरकार ने कृत्रिम बारिश के लिए अनुमति मांगी

**दिल्ली** में प्रदूषण के खतरनाक स्तर पर पहुंचने के बीच पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने मंगलवार को केंद्र से इस मुद्दे से निपटने के लिए एक आपात बैठक बुलाने का आग्रह किया और कहा कि इस मामले में हस्तक्षेप करना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नैतिक जिम्मेदारी है। राय ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में कृत्रिम बारिश की अनुमति देने के दिल्ली सरकार के बार-बार अनुरोध पर कोई कार्रवाई नहीं की है। उन्होंने केंद्रीय केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव से कृत्रिम बारिश की अनुमति देने की अनुमति मांगी है।

# वकीलों को ऑनलाइन पेश होने का विकल्प: सुप्रीम कोर्ट

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**मुख्य** न्यायाधीश संजीव खन्ना ने कुछ वरिष्ठ वकीलों की उस मांग को खारिज कर दिया है, जिसमें अदालतों के पूरी तरह से वर्चुअल कामकाज की अनुमति देने को कहा था। सीजेआई ने वकीलों से कहा कि अदालतें हाइब्रिड मोड में काम करती हैं और वे सुनवाई के लिए वर्चुअल रूप से उपस्थित होने का विकल्प चुन सकते हैं।

दिल्ली में प्रदूषण के मद्देनजर सीजेआई ने कहा कि न्यायाधीशों से कहा जा रहा है कि जहां भी संभव हो, वर्चुअल सुनवाई करें। सीजेआई और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ जैसे ही बैठी, वैसे ही सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन (एससीबीए) के अध्यक्ष कपिल सिब्बल और अन्य वकीलों ने दिल्ली और एनसीआर में प्रदूषण की बदतर होती स्थिति का जिक्र किया।

उन्होंने पीठ से इससे निपटने के लिए तत्काल कदम उठाए जाने की मांग की। सिब्बल ने पीठ से कहा कि प्रदूषण नियंत्रण से बाहर हो रहा है। इसे कम करने की जरूरत है। यह संदेश अन्य अदालतों तक जाना चाहिए। सॉलिसिटर जनरल ने कहा कि सैद्धांतिक रूप से शीर्ष अदालत को डिजिटल माध्यम से सुनवाई करनी चाहिए।

## न्यूज ब्रीफ

### पिता की आंखें दान कर भाई-बहन ने निभाया फर्ज



**अनंत ज्ञान, शिमला।** पिता की इच्छा का मान रखते हुए शिमला के संजौली निवासी भाई बहन ने अपने मृत पिता राकेश आहूजा (69 वर्षीय) के नेत्र दान किए। राकेश आहूजा लंबे समय से हृदय रोग से ग्रसित थे। इसके चलते 3 नवंबर के दिन उन्हें अस्पताल के कार्डियोलॉजी विभाग में दाखिल किया गया। बीमारी गंभीर होने के कारण 6 नवंबर के दिन उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके पुत्र राघव आहूजा ने बताया कि उनके पिता ने नेत्रदान करने का संकल्प पहले से ले रखा था। नेत्रदान के बारे में पहले से जानकारी होने के कारण माता रितिका आहूजा ने नेत्रदान करने के लिए हामी भरी। वहीं कनाडा से आई बेटी रोहिणी ने कहा कि हमें बेहद खुशी है कि पिता के जाने के बाद उनकी आंखें किसी के जीवन की रौशनी बनेगी। नेत्र रोग विभाग के अध्यक्ष डॉ. रामलाल शर्मा ने बताया कि नेत्रदान होने के बाद मृतक के दोनों नेत्र जरूरतमंदों को ट्रांसप्लांट हो चुके हैं।

### मिस इंडिया फर्स्ट रनरअप शिनम आजाद का स्वागत



**भरत ठाकुर, कोटखाई।** कोटखाई की शिनम आजाद मिस इंडिया प्रतियोगिता में रनरअप रही है। आज कोटखाई पहुंचने पर उनका थिंक दी बिग एनजीओ द्वारा भव्य स्वागत किया। शिनम ने कोटखाई का नाम पूरे देश में चमका कर अपने घर लौटी है। इस अवसर पर नायब तहसीलदार कोटखाई कलम सिंह मौजूद रहे। चंडीगढ़ में सफल उद्यमी शिनम आजाद ने मिस इंडिया-2024 का फर्स्ट रनरअप का खिताब जीता है। उल्लेखनीय है कि नई दिल्ली के इंदिरा गांधी स्टेडियम में मिस इंडिया-2024 के ग्रैंड फिनाले में वालीबुड स्टार सारा अली खान और अर्जून कपूर ने शिनम आजाद को ताज पहनाया।

### एड्स के खिलाफ लोगों को किया जागरुक



**दशमी रावत, रोहड़ू।** सुचना एवं जन संपर्क विभाग शिमला के अंतर्गत हिम आधार लोक कला मंच ने धमवाड़ी, चिड़गांव व जांगला में (एचआईवी) एड्स के विषय में नुक्कड़ नाटक व समूह गीत द्वारा जागरूक किया गया। इस दौरान ग्राम पंचायत प्रधान, आशा कार्यकर्ता व स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

### आरकेएमवी इकाई ने शुरू किया ऋतुमति अभियान



**अनंत ज्ञान, शिमला।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद आरकेएमवि इकाई द्वारा रानी लक्ष्मी बाई की जयंती के उपलक्ष्य पर महाविद्यालय की छात्राओं के सहयोग से ऋतुमत्ति अभियान का शुभारंभ किया। जिसके तहत झोपड़ियों में रहने वाली महिलाओं को व्यक्तिगत सफाई के बारे में जागरूक किया गया। साथ-साथ ही उन सभी महिलाओं से आग्रह किया गया कि वह महावरी के दौरान गंदा कपड़ा का प्रयोग नहीं करें व वह हमेशा सेनिटरी पैड प्रयोग करें। जिससे वह अनेको बीमारी से बच सके इस मौके पर जानकारी देते हुए इकाई अध्यक्ष सानिया शर्मा ने बताया कि इकाई द्वारा सभी महिलाओं को सेनेटरी पैड वितरित किए जिसे वह इस अभियान के तहत प्रति माह अपने महाविद्यालय के छात्राओं के सहयोग से चलाया जाएगा।

### शिवा गुरुकुल स्कूल झंडूता ने जीते 8 पदक



**अनंत ज्ञान, झंडूता।** अंडर 12 खंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता जेजवी में संपन्न हुई, जहां शिवा गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल झंडूता के आठ छात्र-छात्राओं ने खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लेकर शानदार प्रदर्शन किया। इस खेल प्रतियोगिता में खो-खो में स्कूल के बच्चों अर्णव चंदेल, अयान खान, उत्कर्ष शर्मा ने स्वर्ण पदक हासिल कर अपने स्कूल का नाम रोशन किया। कबड्डी में अरनव ठाकुर, सारांश शर्मा व नक्श ठाकुर ने सिल्वर मेडल हासिल किए। वहीं, छात्रा वर्ग में शिवा गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल झंडूता की नन्ही सी छात्रा आरूही ठाकुर का भी शानदार प्रदर्शन रहा और बच्ची ने सिल्वर मेडल हासिल कर अपने स्कूल का नाम रोशन किया। स्कूल आने पर सभी बच्चों का स्कूल प्रबंधक, प्रधानाचार्य, सभी शिक्षक वर्ग और बच्चों ने भव्य स्वागत किया और स्कूल प्रबंधक ने सभी शिक्षकों और बच्चों को बधाई दी और भविष्य में भी ऐसे ही आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। वहीं, प्रधानाचार्य ने भी सभी बच्चों को आशीर्वाद देकर बधाई दी और खेलों के महत्त्व के बारे में बताया।

### एम्स कोठीपुरा के बाहर फूड वैन में लगी आग



**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान एम्स कोठीपुरा के बाहर मंगलवार दोपहर के समय एक बड़ा हादसा पेश आ गया। एम्स के बाहर स्थित एक फूड वैन में आग लग गई। इस वैन के माध्यम से लोगों को खाना दिया जाता था। आग लगने के कारण यहां पर स्थित वैन काफी जल चुकी है और यहां पर रखा सारा खाना जलकर राख हो गया। हालांकि इस हादसे में कोई जानमाल का नुकसान नहीं हुआ है। स्थानीय लोगों और दुकानदारों की मदद से आग पर काबू पा लिया गया। खबर लिखे जाने तक आग के कारणों का पता लगाया जा रहा था। लेकिन इस हादसे में फूड वैन को काफी नुकसान हुआ हैं।

### बाबूराम को चुना प्रेस क्लब झंडूता का प्रधान

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** झंडूता उपमंडल के बरठीं में पत्रकारिता को सशक्त बनाने हेतु झण्डूता ,तलाई व बरठी के समस्त पत्रकारों ने प्रेस क्लब झंडूता का सर्वसम्मति से गठन किया। प्रेस क्लब का गठन हिमाचल प्रदेश पत्रकार महासंघ के जिला उपाध्यक्ष मंगल ठाकुर की अध्यक्षता में किया गया। इस दौरान मंगल ठाकुर को प्रेस क्लब झंडूता का संयोजक बनाया गया। इसके अलावा सर्वसम्मति से बाबूराम को प्रधान, वरिष्ठ उपप्रधान तरसेम राणा, उप प्रधान ठाकुर दास, कोषाध्यक्ष सुभाष कपिल, महासचिव कश्मीर मन्हास, मुख्य सलाहकार हिमल भारद्वाज, प्रेस सचिव जितेंद्र गौतम व संजय शर्मा को नियुक्त किया गया। गठन से पहले समस्त पत्रकारों ने एक स्वर से कहा कि संगठन आज पत्रकारों के हित के लिए बहुत ही जरूरी है। आज पत्रकारों के ऊपर कहीं न कहीं कई ऐसे झूठे अपराध दर्ज कर हमेशा परेशान किया जाता है। इसीलिए आज संगठन का होना या संगठन से जुड़कर काम करना जरूरी है।

### जुखाला कॉलेज में टेबल टेनिस स्पर्धा शुरू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** राजकीय महाविद्यालय जुखाला में दो दिवसीय अंतर-महाविद्यालय टेबल टेनिस पुरुष वर्ग प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। इस प्रतियोगिता में पूरे प्रदेश से 18 महाविद्यालयों की टीमें भाग ले रही हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री रामलाल ठाकुर ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ हुआ। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ध्रुव पाल सिंह ने मुख्य अतिथि का पुष्पगुच्छ और स्मृति चिह्न भेंट कर हार्दिक स्वागत किया। अपने स्वागत भाषण में प्राचार्य ने न केवल मुख्य अतिथि बल्कि कार्यक्रम में शामिल सभी विशिष्ट अतिथियों, जनप्रतिनिधियों और विभिन्न महाविद्यालयों से आए टीम इंचार्ज का भी अभिनंदन किया। उन्होंने प्रतिभागी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन न केवल खिलाड़ियों के कौशल को निखारने का अवसर प्रदान करते हैं, बल्कि उनमें खेल भावना, अनुशासन और सहयोग की भावना को भी बढ़ावा देते हैं। मुख्य अतिथि रामलाल ठाकुर ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में विद्यार्थियों को जीवन में कड़ी मेहनत और अनुशासन का महत्व समझाया। उन्होंने कहा कि खेल जीवन के विभिन्न पहलुओं में संतुलन बनाए रखने और मानसिक तथा शारीरिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ करने में सहायक होते हैं।

स्वास्थ्य मंत्री ने वर्चुअल माध्यम से रोगी कल्याण समिति से की बैठक

# नाहन मेडिकल कॉलेज में खरीदी जाएगी नई अल्ट्रासाउंड मशीन

## टांडा अस्पताल में मरीजों की सुविधा के लिए मिलेंगे ई-रिक्शा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



बैठक की अध्यक्षता करते धनीराम शांडिल व अन्य।

स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धनीराम शांडिल ने मंगलवार को वर्चुअल माध्यम से डॉ. राजेंद्र प्रसाद राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल टांडा तथा डॉ. यशवंत सिंह परमार राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल नाहन की रोगी कल्याण समिति के शासी निकाय की बैठक की अध्यक्षता की।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार हिमाचल के दूर-दराज एवं ग्रामीण क्षेत्रों में चिकित्सकों सहित अन्य पैरामेडिकल स्टाफ की कमी को दूर करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है ताकि लोगों को उनके घर द्वार के समीप बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा सकें। उन्होंने कहा कि चिकित्सा महाविद्यालयों एवं अस्पतालों में आरकेएस के तहत कार्यरत कर्मचारियों के नियमितिकरण एवं न्यूनतम वेतन के संबंध में नीति बनाने के लिए निरंतर मांग की जा रही है इस दिशा में भी सहानुभूतिपूर्वक विचार किया जाएगा।

टांडा चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल बैठक की अध्यक्षता के दौरान स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि चिकित्सा महाविद्यालयों में विभिन्न सेवाओं से संबंधित ऐसे सभी टेंडर, जिनकी अवधि पूरी हो चुकी है या पूरी होने वाली है को नए तरीके से एचपीएसईडीसी के माध्यम से पूरा किया जाएगा। टांडा चिकित्सा महाविद्यालय में मरीजों की सुविधा के लिए वह ई-रिक्शा भेंट करेंगे। डॉ. यशवंत सिंह परमार राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय नाहन रोगी कल्याण समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि इस संस्थान के लिए रोगी कल्याण समिति के माध्यम से एक अतिरिक्त अल्ट्रासाउंड मशीन की खरीद और यहां रेडियोलॉजिस्ट की नियुक्ति भी शीघ्र की जाएगी। उन्होंने कहा कि चिकित्सा महाविद्यालय में एमआरआई मशीन स्थापित करने के लिए पर्याप्त स्थान उपलब्ध करवाया जाए।

### अध्यक्ष कमलेश व इकाई सचिव बने तिलक राज

**शिमला।** एसएफआई इकाई का 38वां सम्मेलन संपन्न हुआ, जिसमें इकाई अध्यक्ष कामरेड कमलेश व इकाई सचिव कामरेड तिलक राज को चुना गया। सम्मेलन द्वारा 29 सदस्य कार्यकारिणी का गठन किया गया।

सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए राज्य उपाध्यक्ष अध्यक्ष सनी ने कहा कि वर्तमान समय में सबसे अधिक शोषण महिलाओं व बच्चों का हो रहा है। जब से केंद्र में भाजपा सरकार सत्ता में आई है तब से महिला उत्पीड़न लगातार बढ़ता जा रहा है। ये सम्मेलन उन उत्पीड़ित महिलाओं के लिए आंदोलन का रास्ता तैयार करेगा जो आज सामाजिक आर्थिक, राजनीतिक व घरेलू हिंसा का शिकार हो रही है। राज्य उपाध्यक्ष ने कहा कि कोटशेरा हिमाचल प्रदेश का एक बहुत बड़ा महाविद्यालय हैं।

अंत में शिमला जिला सचिव कामरेड कमल ने कहा कि जिस तरीके से मौजूदा सरकार द्वारा शिक्षा का निजीकरण, भगवाकरण व व्यापरीकरण किया जा रहा है यह हमारी समावेशी व समता मूलक शिक्षा पद्धति के ऊपर सबसे बड़ा हमला है।

# सरकार का दो साल का कार्यकाल असफलताओं से भरा : बिक्रम

**अनंत ज्ञान, शिमला**



हिमाचल प्रदेश सरकार में उद्योग मंत्री रहे बिक्रम सिंह ठाकुर ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व वाली सरकार पर निशाना साधा है। बिक्रम सिंह ठाकुर ने कहा कि सुक्खू सरकार का दो साल का कार्यकाल असफलताओं से भरा रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री सुक्खू पर व्यंग्य करते हुए कहा कि जैसे कुछ बच्चों को आदत होती है कि वह असफलता का भी जश्न मनाते हैं।

ऐसे में राज्य सरकार अपने फैलियर का जश्न मनाने का काम कर रही है। पूर्व उद्योग मंत्री और भाजपा विधायक बिक्रम सिंह ठाकुर ने कहा कि मुख्य संसदीय सचिवों की नियुक्ति असंवैधानिक रूप से की गई थी। बार-बार भारतीय जनता पार्टी तो यह बात कह रही थी और अब कोर्ट के फैसले से यह साबित हो गया है।

बिक्रम सिंह ठाकुर ने कहा कि अब राज्य सरकार सुप्रीम कोर्ट जा रही है और सुप्रीम कोर्ट जाकर भी औंधे मुंह गिरने वाली है। बिक्रम सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री को यह बताना चाहिए की मुख्य संसदीय सचिवों की कुर्सी बचाने पर कितनी धनराशि खर्च की गई है। उन्होंने कहा कि बीते दो साल में एक भी अच्छा काम नहीं हुआ है और राज्य सरकार ने जो फैसला लिया, उसका परिणाम उल्टा ही आया है। बात चाहे टॉयलेट टैक्स की हो या एचआरटीसी में किराए की, हर जगह राज्य सरकार की फजीहत ही हुई है। उन्होंने कहा कि समोसे पर जांच करके भी मुख्यमंत्री ने हर जगह अपनी फजीहत कराने का काम किया है।

अब मुख्य संसदीय सचिवों की नियुक्ति असंवैधानिक करार दिए जाने के बाद मंत्री बनने की लड़ाई तेज हो गई है। यहां एक अनार और सौ बीमार वाली स्थिति पैदा हो गई है. वहीं, बिक्रम सिंह ठाकुर हिंदी की पुलिस अधीक्षक इल्मा अफरोज की लंबी छुट्टी पर जाने को लेकर सवाल खड़ा किया। उन्होंने कहा कि जो अधिकारी अच्छा काम करता है, उन्हें कांग्रेस काम नहीं करने देती है। वे निष्पक्षता के साथ काम कर रही थी, तो उन्हें लंबी छुट्टी पर भेज दिया गया।

# कमेटी ने नेरवा कॉलेज का किया निरीक्षण



कमेटी का स्वागत करते हुए गणमान्य।

**अनंत ज्ञान, शिमला**

राजकीय महाविद्यालय नेरवा में उच्च शिक्षा निदेशालय हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा गठित कमेटी ने महाविद्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य महाविद्यालय की सेल्फ असेसमेंट रिपोर्ट का मूल्यांकन करना था।

कमेटी में निदेशालय द्वारा नियुक्त डॉ. जिनेश कपूर प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय धामी, जिला शिमला, डॉ. ज्ञान एसोसिएट प्रोफेसर राजकीय महाविद्यालय धामी और डॉ. रमेश चौहान एसोसिएट प्रोफेसर, राजकीय महाविद्यालय धामी शामिल थे। टीम ने महाविद्यालय के सभी प्रशासनिक, शैक्षणिक और गैर-शैक्षणिक पहलुओं की गहन जांच की और प्रमाणिक तथ्यों व दस्तावेजों का निरीक्षण किया। निरीक्षण दल ने सेल्फ असेसमेंट रिपोर्ट में दर्शाए गए तथ्यों की पुष्टि की और इसे संतोषजनक पाया। रिपोर्ट में संस्थान की शैक्षणिक प्रगति, प्रशासनिक दक्षता और संसाधनों का प्रभावी उपयोग स्पष्ट रूप से दिखाया गया।

प्राचार्य डॉ. हरबंस लाल शर्मा और महाविद्यालय प्रशासन ने टीम की सिफारिशों को गंभीरता से लागू करने और महाविद्यालय के सर्वांगीण विकास हेतु निरंतर प्रयास करने का आश्वासन दिया।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका के लिए 30 तक करें आवेदन

**जुब्बल।** बाल विकास परियोजना अधिकारी जुब्बल ने तहसील कोटखाई के आँगनबाड़ी केंद्र के कार्यकर्ता व सहायिका के रिक्त पद भरने के लिए आवेदन मांगें है। आवेदन सभी अनिवार्य दस्तावेजों के साथ बाल विकास परियोजना अधिकारी जुब्बल में 30 नवंबर तक जमा किए जाएंगे। जिसके लिए उपमंलाधिकारी कोटखाई कार्यालय में 7 दिसंबर को सुबह 10 बजे साक्षात्कार होंगे। कोटखाई क्षेत्र की पराली बदरुडी, गरावग, महासू,नगान,बखोल रत्नाड़ी, शीली- खनेटी में पद भरे जाने है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका के पद के लिए आवेदकों की वार्षिक आय 50 हजार रुपए से अधिक नहीं होनी चाहिए। उम्मीदवार उसी लाभान्वित गांव का स्थाई निवासी होना अनिवार्य है।

# महिला टी-20 क्रिकेट 27 से

**महेंद्र कुमार, सुन्नी**

कालेज ग्राउंड सुन्नी में आयोजित होने वाली महिला टी 20 क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए तैयारियां चल रही हैं। टूर्नामेंट के मुख्य आयोजक और डीपीआरएस फाउंडेशन के एमडी सतीश मेहता ने बताया कि टूर्नामेंट का आगाज 27 नवंबर को होगा। टूर्नामेंट की खास बात है टूर्नामेंट के सभी मैच वाईट लैदर बाल से खेले जाएंगे। प्रतियोगिता में बिहार, लखनऊ हरियाणा और डीपीआरएस फाउंडेशन की टीम भाग ले रही है।

इस प्रतियोगिता का आगाज राणा एसोसिएट के एमडी टीआर राणा द्वारा किया जाएगा और साथ ही साथ डीपीआरएस फाउंडेशन आफिस का उद्घाटन भी उन्हीं के कर कमलों द्वारा किया जाएगा।

इस मौके पर आदर्श महिला मंडल सुन्नी की महिलाएं भी मौजूद रहेंगी और साथ ही साथ डीपी मैमोरियल सीजन-1 के मैन ऑफ द सीरीज और बैस्ट बैट्समैन रहे बीनू दिवान को मुख्यतिथि द्वारा सम्मानित किया जाएगा।

इसके अलावा मुख्यतिथि के साथ एचपीसीएल के फाउंडर बीनू दिवान, अजय क्रांति, अभय ठाकुर और सुमित सहगल विशेष अतिथि के तौर पर शिरकत करेंगे। उन्होंने ने बताया कि आने वाले समय में खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने तथा युवाओं को नशे से दूर रखने के लक्ष्य से प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है और युवा वर्ग नशे जैसी महामारी से बच सके व पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद प्रतियोगिता में हिस्सा ले सके तथा अपने उज्जवल भविष्य को तलाश सके।

महिला टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट के बाद ब्वॉयज टी-10 पहली दिसंबर से आरंभ होगा। (अनंत ज्ञान)

### आज बंद रहेगी बिजली

अनंत ज्ञान बिजली बंद

**जुब्बल।** जुब्बल उपमंडल में 20 नवंबर को विद्युत विभाग द्वारा कंट्रोलिंग स्टेशन गूंगलीधार में आवश्यक मरम्मत कार्य के चलते जुब्बल, खड़ा पत्थर, शीलघाट, बटाडगलू में बिजली सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक बंद रहेगी। अधिशासी अभियंता बिजली विभाग जुब्बल कमलजीत ने कहा कि बर्फबारी के दौरान जुब्बल उपमंडल के उपभोक्ताओं को विद्युत आपूर्ति को लेकर कई परेशानियों का सामना करना पड़ता है, जिसके लिए तैयारियों को पूरा करने में लगा है और साथ ही साथ कमलजीत ने जुब्बल शीलघाट, खड़ा पत्थर, बटारगलू के उपभोक्ताओं से धैर्य बनाए रखने व सहयोग करने की अपील की है।

# बिलासपुर अस्पताल के कायाकल्प के लिए किन्नौर से पहुंचेगी टीम

## हॉस्पिटल को ग्रेड देने के लिए चार सदस्यीय टीम करेगी निरीक्षण, साफ-सफाई में जुटा अस्पताल प्रशासन

**शुभम राही, बिलासपुर**



टीम के पहुंचने की सूचना मिलने के बाद साफ-सफाई में जुटा प्रशासन।

क्षेत्रीय अस्पताल बिलासपुर में वीरवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम पहुंच रही है। अस्पताल को ग्रेड देने के लिए किन्नौर से आ रही विशेष टीम पूरे अस्पताल परिसर का निरीक्षण करेगी। अगर अस्पताल की सुविधाएं विभाग के मानकों को पूरा करती हैं तो उसके बाद अस्पताल को ग्रेड दिया जाएगा। इस कायाकल्प में तीन पुरस्कार रखे गए हैं, जिसमें प्रथम 25 लाख, द्वितीय 15 लाख व तृतीय पुरस्कार 10 लाख रुपए है।

अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. सतीश शर्मा ने बताया कि विभाग पूरी तरह से तैयार है। अस्पताल में साफ-सफाई, मरीजों को मिलने वाली प्रत्येक स्वास्थ्य सुविधाएं सहित प्रत्येक मशीनरी के बारे में टीम को बताया जाएगा।

गौरतलब है कि प्रत्येक साल अस्पताल के कायाकल्प के लिए स्वास्थ्य विभाग की ओर से प्रदेशभर के अस्पतालों में टीम निरीक्षण के लिए आती है। ऐसे में जिस भी अस्पताल की सुविधाएं और सभी मानकों को पूरा करते हैं तो उनको स्वास्थ्य निदेशालय की ओर से कैश प्राइज से सम्मानित किया जाता है।

वहीं, निदेशालय की ओर से मिलने वाली ईनामी राशि अस्पताल के विकास कार्यों पर खर्च की जाती हैं। वहीं, पिछले वर्ष की बात करें तो इसमें सुंदरनगर अस्पताल को प्रथम पुरूस्कार दिया गया है। अस्पताल प्रशासन का कहना है कि उनकी तरफ से पूरी तैयारियां है और उनको उम्मीद है कि बिलासपुर अस्पताल को इस कायाकल्प के तहत बेहतर ग्रेड दिया जाएगा। क्योंकि बिलासपुर अस्पताल में कुछ सालों के भीतर काफी सुधार हुआ है। हालांकि यहां पर कुल मिलाकर 7 पद चिकित्सकों के खाली चल रहे हैं, लेकिन यहां पर मरीजों को प्रत्येक वार्ड में बेहतर सुविधा देने के लिए अस्पताल प्रशासन कार्यरत हैं। अस्पताल प्रशासन का यह भी दावा है कि अस्पताल में बनीं एमसीएच भवन के चलते अस्पताल के ओपीडी भवन में भीड़ कम हुई है। साथ ही महिलाओं ओर छोटे बच्चों के ईलाज के लिए यह एमसीएच सेंटर काफी सुविधाजनक हैं।

महिला मरीजों को एक छत के नीचे ओपीडी से लेकर डिलीवरी तक की सारी सुविधा दी जा रही है। (अनंत ज्ञान)

> **वीरवार** को जिला अस्पताल के कायाकल्प के लिए किन्नौर से एक टीम पहुंच रही है। इसके लिए अस्पताल प्रशासन बिलासपुर ने पूरी तैयारियां कर ली हैं। मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं देने के लिए अस्पताल प्रशासन दिन-रात प्रयासरत है।
>
> **-डॉ. सतीश शर्मा, वरिष्ठ चिकित्सक, बिलासपुर।**

### सांड के हमले से बेलदार घायल, एम्स में भर्ती

**श्री नयना देवी।** स्वारघाट व आसपास के क्षेत्रों के लोग आजकल अपराधियों और गुंडों से ज्यादा सांडों से डर रहे हैं। मंगलवार सुबह भी एक सांड ने लोक निर्माण विभाग में कार्यरत एक बेलदार पर हमला कर उसे बुरी तरह से लहूलुहान कर दिया। जानकारी के अनुसार हरबंस लाल पुत्र बग्गू राम निवासी गांव तियुन, डाकघर स्वारघाट व तहसील नयना देवी जी निर्माण विभाग उपमंडल स्वारघाट में बेलदार के पद पर कार्यरत हैं। वर्तमान में लोक निर्माण विभाग के स्वारघाट विश्राम गृह में रात्रि ड्यूटी करते हैं। मंगलवार सुबह हरबंस लाल अपनी ड्यूटी के समय विश्राम गृह के गेट पर खड़ा था तो स्वारघाट की तरफ से आ रहे सांड ने उस पर अचानक जानलेवा हमला कर दिया। चिल्लाने की आवाज सुनकर पास में फर्नीचर की दुकान करने वाला रमीज मोहम्मद मौके पर पहुंचाए जिसने हरबंस लाल को सांड के चंगुल से बचाया और उसे अपने वाहन में सीएचसी स्वारघाट पहुंचाया। यहां पर प्राथमिक उपचार के बाद उसे एम्स बिलासपुर ले जाया गया है, जहां उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। अगर स्थानीय दुकानदार वहां नहीं होता तो सांड बेलदार को मौके पर ही मौत के घाट उतार देता। इस घटना के बाद क्षेत्र के लोगों में भय का माहौल बन गया है।

### निरीक्षण करने घुमारवीं कॉलेज पहुंची आंतरिक रैंकिंग टीम

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** स्वामी विवेकानंद राजकीय महाविद्यालय में आज राज्य स्तर पर रैंकिंग के लिए गठित महाविद्यालयों की आंतरिक रैंकिंग टीम ने निरीक्षण किया। निरीक्षण समिति के अध्यक्ष बड़सर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर राकेश कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि अब प्रदेश के महाविद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ाने के उद्देश्य से प्रदेश में हर वर्ष एक्यूआर भरी जायेगी और महाविद्यालयों को एक दूसरे के द्वारा किए जा रहे अच्छे प्रयासों से सीखने को मिलेगाए जिससे शिक्षा और संस्थान के विकास को बल मिलेगा। निरीक्षण टीम के उपाध्यक्ष सुजानपुर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो अजायब सिंह बनयाल, प्रो. मोहिंद्र कुमार, प्रो. शशिकुमार, प्रो. शिवम कुमार, राजेश कुमार ने महाविद्यालय द्वारा तैयार की गई सेल्फ असेसमेंट रिपोर्ट के सत्यापन के लिए जमीनी स्तर पर छात्रों को दी जा रही सुविधाओं और महाविद्यालय की उपलब्धियों का आकलन किया।

### राजकीय महाविद्यालय झंडूता का किया औचक निरीक्षण

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** हिमाचल प्रदेश उच्च निदेशालय से डॉ हरीश कुमार, अतिरिक्त निदेशक व उनकी टीम द्वारा झंडूता महाविद्यालय का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान महाविद्यालय परिसर का मुआयना करते हुए महाविद्यालय में विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध सुविधाओं जैसे लाइब्रेरी, व्याख्यान कक्ष के साथ-साथ प्रयोगशालाओं, हरित पहल के लिए किए जा रहे प्रयासों जिनमें बायोएंजाइम तथा अपशिष्ट से सर्वोत्तम वस्तुएं बनाना शामिल है, का निरीक्षण किया। इसके साथ ही शिक्षकों की बायोमैट्रिक उपस्थिति का भी ब्यौरा लिया। इसके अलावा विभिन्न श्रेणी के विद्यार्थियों को मिलने वाली छात्रवृत्तियों का ब्यौरा लिया। टीम के सदस्यों ने महाविद्यालय की सराहना करते हुए कहा कि सीमित संसाधनों के होते हुए भी बहुत अच्छे तरीके से विद्यार्थियों को सुविधाएं प्रदान कर रहा है। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. संजय कुमार सहित प्राध्यापक एवं गैर-शिक्षक उपस्थित रहे।

# देशसेवा के लिए समर्पित था स्व. इंदिरा गांधी का जीवन : धर्माणी



**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

नगर नियोजन, आवास तथा तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र की दधोल पंचायत में भारत की पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया। इस अवसर पर उन्होंने स्वर्गीय इंदिरा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके विचारों और उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय इंदिरा गांधी का जीवन देशसेवा और जनकल्याण को समर्पित था। उनकी दूरदर्शिता और साहस ने भारत को एक सशक्त राष्ट्र के रूप में स्थापित किया। उन्होंने हरित क्रांति के माध्यम से देश को कृषि में आत्मनिर्भर बनाया, बैंकों का राष्ट्रीयकरण किया और भूमिहीन परिवारों को नो तोड़ भूमि देने जैसे ऐतिहासिक फैसले लिए। उन्होंने कहा कि इंदिरा गांधी के नेतृत्व और साहसिक निर्णय आज भी प्रेरणा का स्रोत हैं।

**रिव्यू** उपायुक्त की अध्यक्षता में बिलासपुर में गुड गवर्नेंस इंडेक्स पर समीक्षा बैठक आयोजित

# नवाचारपूर्ण विचारों पर काम करें अधिकारी: डीसी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**



जिला मुख्यालय के बचत भवन में गुड गवर्नेंस इंडेक्स के संदर्भ में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता उपायुक्त बिलासपुर आबिद हुसैन सादिक ने की। उपायुक्त ने बिलासपुर को गुड गवर्नेंस इंडेक्स में शीर्ष स्थान दिलाने के लिए अधिक प्रयास करने की आवश्यकता पर जोर दिया और उन संकेतकों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए, जिनमें जिला पिछड़ गया है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि यह सूचकांक न केवल उनकी जिम्मेदारियों का आकलन करता है, बल्कि विकास की राह में आने वाली चुनौतियों और अवसरों को भी उजागर करता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि प्रत्येक विभाग को सूचकांक के मापदंडों पर ध्यान केंद्रित करते हुए योजनाबद्ध तरीके से कार्य करना चाहिए।

उपायुक्त ने उपस्थित अधिकारियों को यह निर्देश भी दिए कि वे सभी सूचनाओं और डेटा की प्रामाणिकता और सटीकता सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि गलत या अपूर्ण जानकारी न केवल शासन की प्रक्रिया को बाधित करती है, बल्कि जनता के विश्वास को भी प्रभावित कर सकती है। उपायुक्त ने कहा कि प्रशासन में गुड गवर्नेंस केवल एक लक्ष्य नहीं है, बल्कि एक सतत प्रक्रिया है, जिसे रचनात्मक सोच और सक्रिय भागीदारी से ही हासिल किया जा सकता है। उन्होंने अधिकारियों से अपील की कि वे पारंपरिक तरीकों से आगे बढ़ते हुए ऐसे उपाय खोजें, जो जनता की सुविधा और विकास के उद्देश्यों को अधिक प्रभावी ढंग से पूरा कर सकें।

### अपना 'विद्यालय योजना' के स्कूल का किया चयन

**बिलासपुर।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू द्वारा शुरू की गई 'अपना विद्यालय' योजना को बिलासपुर में एक महत्वपूर्ण बैठक में जोरदार पहल मिली। यह बैठक बिलासपुर के बचत भवन में उपायुक्त आबिद हुसैन की अध्यक्षता में आयोजित की गई। उपायुक्त ने घोषणा की कि उन्होंने बिलासपुर शहर के बॉयज स्कूल को गोद लिया है। उन्होंने आश्वासन दिया कि स्कूल की शिक्षा मानक और अवसंरचना सुधारने के लिए हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी। उपायुक्त ने यह भी साझा किया कि वह 22 नवंबर को व्यक्तिगत रूप से स्कूल का दौरा करेंगे ताकि स्कूल की आवश्यकताओं का मूल्यांकन किया जा सके।

# सड़क सुविधा से जुड़ेगा बड़ा भंगाल

## मुख्यमंत्री ने की लोक निर्माण विभाग के कार्यों की समीक्षा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने मंगलवार को लोक निर्माण विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि विभाग को इस वित्त वर्ष के लिए 2806 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं और 30 सितंबर 2024 तक 1238 करोड़ रुपए विभिन्न कार्यों पर व्यय किए जा चुके हैं। उन्होंने अधिकारियों को विभाग द्वारा चलाई जा रही विभिन्न परियोजनाओं में तेजी लाने के निर्देश दिए और कहा कि वह कार्यप्रणाली में नवीन प्रौद्योगिकी को अपनाएं।

उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा अभियंताओं की वित्तीय शक्तियों को बढ़ाया गया है और निविदा प्रक्रि, या में भी तेजी लाई गई है ताकि विकास कार्यों को और गति प्रदान की जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के दुर्गम क्षेत्रों में सड़क सुविधा प्रदान करने को प्राथमिकता दे रही है। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद यह पहली बार हो रहा है कि डोडरा-क्वार पक्की सड़क सुविधा से जुड़ने वाला है। इसके लिए डोडरा क्वार सड़क पर टारिंग कार्य को तीव्र



गति से पूरा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि दो वर्ष के भीतर जिला कांगड़ा के दुर्गम क्षेत्र बड़ा भंगाल को सड़क से जोड़ा जाएगा।

उन्होंने अधिकारियों को इस कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। सुक्खू ने कहा कि विभाग को आधुनिक बनाने के लिए हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी। उन्होंने राज्य की प्रकृति एवं भौगोलिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए टनल निर्माण की संभावनाएं तलाशने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि राज्य में परिवहन के सीमित साधन हैं जिस कारण सड़कें राज्य की जीवन रेखाओं के रूप में जानी जाती हैं।

राज्य सरकार हिमाचल में पर्यटन को विस्तार प्रदान कर रही है और सड़क अधोसंरचना को भी सुदृढ़ किया जा रहा है ताकि पर्यटकों को सुगम परिवहन सुविधाएं प्रदान की जा सकें। उन्होंने वे साइड एमेनिटी परियोजनाओं के निर्माण को गति प्रदान करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार भुभूजोत टनल के निर्माण को संकल्पबद्ध है और अधिकारियों को शीघ्र अप्रोच सड़क की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार भुभूजोत टनल परियोजना के लिए पर्याप्त धनराशि उपलब्ध करवाएगी। उन्होंने अन्डरग्राउंड यूटिलिटी डक्ट्स परियोजना की समीक्षा भी की और कहा कि यह परियोजना शिमला की प्राकृतिक भव्यता में निखार लाएगी और इसके लिए 150 करोड़ रुपए जारी किए गए हैं। उन्होंने कहा कि स्थानीय लोगों एवं पर्यटकों को सुविधा प्रदान करने के लिए छोटा शिमला से चौड़ा मैदान, राजभवन से ओक ओवर और शेर-ए-पंजाब से सीटीओ चौक तक भूमिगत केबल व पाइप बिछाई जा रही हैं। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, नाबार्ड, सीआइआरएफ, सुखाश्रय परियोजनाएं, राजीव गांधी मॉडल डे बोर्डिंग विद्यालय, हेलीपोर्ट्स सहित अन्य विकासात्मक कार्यों की समीक्षा भी की। लोक निर्माण मंत्री वि, मादित्य सिंह ने विभाग की कार्य प्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए बहुमूल्य सुझाव दिए।

इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य सचिव के.के. पंत, लोक निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता एन.पी. सिंह सहित विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# सीएम सुक्खू ने इंदिरा गांधी की जयंती पर पुष्पाजंलि की अर्पित



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने ऐतिहासिक रिज पर भारत की प्रथम महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जयंती पर उन्हें पुष्पाजंलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने राष्ट्र निर्माण में इंदिरा गांधी के योगदान को याद करते हुए कहा कि उनके दूरदर्शी निर्णयों ने भारत को मजबूत आधार प्रदान कर सशक्त बनाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि भूमि सुधार और बैंकों का राष्ट्रीयकरण इंदिरा गांधी की दूरदर्शी नीतियों का प्रमाण हैं, जिससे आम आदमी लाभान्वित हुआ है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने देश की एकता और अखंडता को बनाए रखने के लिए अपना जीवन बलिदान कर दिया। इस अवसर पर उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया, विधायक हरीश जनारथा, रंजीत सिंह राणा, मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार सुनील शर्मा, मुख्यमंत्री के प्रधान सलाहकार (मीडिया) नरेश चौहान, हिमुडा के उपाध्यक्ष यशवंत छाजटा, नगर निगम शिमला के महापौर सुरेंद्र चौहान, पार्षदगण, उपायुक्त अनुपम कश्यप और अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।




## न्यूज ब्रीफ

### राजधानी में चार युवकों से चिट्टा बरामद

**शिमला।** राजधानी में पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में चार युवकों से चिट्टा बरामद किया है। चारों युवकों को गिरफ्तार कर लिया गया है। पहले मामले में पुलिस जब



संकट मोचन-बालूगंज आदि की ओर गश्त पर थी तो सूचना मिली कि बधाई में मां तारा आंचल कॉटेज (बीएंडबी) के कमरा नंबर 101 में रह रहे दो लड़के चिट्टा बेच रहे हैं। गवाह के सामने उपरोक्त बीएंडबी की तलाशी ली गई तो सुखविंदर और सुमित से 25.880 ग्राम चिट्टा बरामद हुआ। दूसरे मामले में पुलिस जब फागू और कुफरी के साथ एनएच-5 चीनी बंगलो विभाजन और रेडिसन होटल के पास पेट्रोलिंग पर थे तो यातायात जांच के दौरान उन्होंने रेशम सिंह (26) निवासी गांव कोटाधार डाकघर व तहसील ननखी जिला शिमला और सुरेंद्र कुमार (28) निवासी गांव बजटली तहसील ननखी जिला शिमला के कब्जे से 6.010 ग्राम चिट्टा बरामद किया।

### बस की टक्कर से मोटरसाइकिल के पीछे बैठे युवक की मौत

**अनंत ज्ञान, बीबीएन।** बद्दी-नालागढ़ नेशनल हाईवे पर हररायपुर के पास बस ने एक मोटरसाइकिल को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में मोटरसाईकिल चालक व पीछे बैठा व्यक्ति सड़क पर गिर गए व पीछे बैठे व्यक्ति की टांगे बस के नीचे आ गई। घायल युवक को इलाज के लिए तुरंत बद्दी अस्पताल पहुंचाया गया जहां डक्टरों ने बाइक के पीछे बैठे व्यक्ति अमन कुमार पुत्र विजय कुमार निवासी गांव पिपलु तहसील बंगाणा जिला ऊना मृत घोषित कर दिया गया।

### प्रदेश में 22 से बारिश-बर्फबारी की संभावना

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में आगामी चार दिनों तक मौसम साफ रहेगा। इस दौरान मौसम विभाग ने निचले मैदानी इलाकों मंडी बिलासपुर में कोहरे को लेकर अलर्ट जारी किया है। वहीं, 22 नवंबर से प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ सक्रि य हो रहा है, जिसके चलते प्रदेश के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में मौसम विभाग ने बर्फबारी की आशंका जताई है। हालांकि, रोहतांग दर्रा सहित ऊंची चोटियों पर रविवार को बर्फ के फाहे गिरे। लाहौल-स्पीति और कुल्लू में तापमान में कमी दर्ज की गई।

### सरकार की कार्यप्रणाली पर प्रश्नचिन्ह : बिंदल

**शिमला।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में विगत 22-23 महीनो से कांग्रेस पार्टी की सरकार काबिज है और आए दिन नए-नए



कीर्तिमान यह सरकार बना रही है। हिमाचल प्रदेश के माननीय उच्च न्यायालय ने इस सरकार की कार्यप्रणाली पर बहुत बड़ा प्रश्न चिन्ह लगाते हुए दिल्ली में स्थित हिमाचल भवन व इसकी संपति को अटैच करने के निर्देश दिए हैं। हिमाचल प्रदेश के इतिहास में कभी ऐसा सोचा भी नहीं जा सकता कि किसी पेमैंट को करने के लिए माननीय उच्च न्यायालय ने आदेश किए और सरकार ने वो पेमैंट न की हो जिसके कारण हिमाचल प्रदेश की सरकार व हिमाचल प्रदेश की जनता के उपर यह ब्लॉट लगाने का काम प्रदेश की वर्तमान सुखविंद्र सिंह सुक्खू सरकार ने किया है। डॉ. बिंदल ने कहा कि इस परिस्थिति में सवाल खड़े होते हैं कि सरकार आए दिन जो फैंसले लेती है वो जनहित से हटकर लेती है। सत्ता में आने के बाद वर्तमान सरकार ने 1500 संस्थान बंद करने का बहुत बड़ा कीर्तिमान स्थापित किया जिसके कारण जनता को भारी परेशानियों से गुजरना पड़ा रहा है।

### कांग्रेस सरकार की प्रतिष्ठा को धक्का: कश्यप

**शिमला।** भाजपा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुरेश कश्यप ने कहा कि कांग्रेस ने हिमाचल प्रदेश को बर्बाद कर दिया। आज हिमाचल हाई कोर्ट ने दिल्ली के मंडी हाउस में स्थित



हिमाचल भवन को अटैच करने का आदेश दिया ताकि सेली हाइड्रो इलेक्ट्रिक पावर नाम की बिजली कंपनी उसे नीलाम कर अपनी करोड़ों रुपये की बकाया रकम वसूल कर सके। ये हिमाचल प्रदेश की सुक्खू सरकार के लिए बहुत शर्मनाक बात है। इतना ही नहीं, अदालत ने प्रधान सचिव बिजली को फैक्ट फाइंडिंग जांच कर उन अधिकारियों का पता लगाने के आदेश भी दिए है जिनकी वजह से बिजली कंपनी की रकम अदालत के आदेशों के बाद भी जमा नहीं करायी गई। खजाना उड़ाए कांग्रेस के नेता और गाज गिरे अधिकारियों पर ? कांग्रेस और राहुल गांधी की खटाखट राजनीति का खामियाजा हिमाचलियों को दिल्ली में हिमाचल की पहचान बन चुके हिमाचल भवन को गवां कर चुकाना पड़ेगा, ये उनकी प्रतिष्ठा पर बड़ा धक्क । है। इस अवसर पर संसद राजीव भारद्वाज ने भी कहा कि एक के बाद एक प्रदेश की पूरे देश में किरकिरी हो रही है। प्रदेश सरकार की लापरवाही की वजह से हिमाचल देश की चर्चा बनकर रह गया है, चर्चा तो होनी चाहिए पर सकारात्मक होनी चाहिए, पर प्रदेश सरकार की कार्यप्रणाली ही कुछ ऐसी है जिसी प्रदेश का लगातार मजाक बनकर रह जाता है।

## राजेंद्र राणा, लखनपाल और आशीष ने कांग्रेस सरकार पर बोला जोरदार हमला

# सुक्खू सरकार संकट में, नए साल में बनेगी हमारी सरकार : भाजपा

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**



भाजपा के तीन नेताओं पूर्व विधायक राजेंद्र राणा, विधायक इंद्रदत्त लखनपाल और आशीष शर्मा ने प्रदेश की सुक्खू सरकार पर जोरदार हमला बोलते हुए कई गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा है कि जीपीएस मामले के बाद अब प्रदेश की सरकार के 6 यह विधायक ऑफिस ऑफ प्रॉफिट की वजह से परेशानी में है, सरकार संकट में है। नए साल में हिमाचल में भाजपा की सरकार गठित होगी, क्योंकि मौजूदा मुख्यमंत्री ने हिमाचल ऑन सेल की ऐसी कहानी लिख दी है जिस कारण इस सरकार को अब कोई नहीं बचा सकता।

मंगलवार को यहां संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए भाजपा के इन नेताओं ने आरोप लगाया कि बद्दी में उद्योगपति तंग आकर अब पलायन कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि व्यास नदी के किनारे और इसके आसपास जब बाकी के स्टोन क्रेशर लंबे समय से बंद रहे, तो ज्ञानचंद नामक एक व्यक्ति का स्टोन क्रेशर आखिर सरकार की मेहरबानी पर क्यों चलता रहा। उन्होंने सीएम से पूछा, उस पर छोटी-मोटी मेहरबानी नहीं थी, इसीलिए सीएम को जवाब देना चाहिए।

पावर प्रोजेक्ट में भी 67 करोड़ रुपए के मामले पर अब हिमाचल भवन पर जो नया फैसला आया है, उस पर भी इन नेताओं ने सरकार को खरी खोटी सुनाई है। इसमें हिमाचल भवन की कुर्की की स्थिति कैसे पैदा हुई यह सरकार का फेलियर है। उन्होंने सवाल किया की मुख्यमंत्री बताएं ओपीएस का कितने कर्मचारी को फायदा मिला। कितनी महिलाओं को 1500 रुपए मिले। बीते 2 साल में कितने बेरोजगारों को रोजगार मिला, श्वेत पत्र जारी होना चाहिए। 300 यूनिट फ्री बिजली की गारंटी का क्या बना और डे बोर्डिंग स्कूलों का काम कहां शुरू हुआ।

विधायक इंद्र दत्त लखनपाल ने भी सुक्खू सरकार को कई मुद्दों पर घेरा और पूछा कि जिस बडसर विधानसभा क्षेत्र में दियोटसिद्ध मंदिर में कई बरसों से टेंपल ऑफिसर नहीं, बीएमओ नहीं, एसडीओ नहीं, वीडीओ नहीं, उस क्षेत्र में योजनाओं को कैसे लागू किया जा सकता है।

हमीरपुर के विधायक आशीष शर्मा ने कहा कि इस सरकार ने डराने धमकाने की राजनीति के अलावा और कुछ नहीं किया है। आम जनता को तो छोड़ो, विधायकों के परिवारों या उनके रिश्तेदारों को प्रताड़ित करने का जो एक काम यह कर रही है।

# हर दिन हिमाचल की छवि मिट्टी में मिला रही सुक्खू सरकार : जयराम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि हिमाचल प्रदेश की छवि को हर दिन सुखविंद्र सिंह की सरकार मिट्टी में मिल रही है। सरकार हर मोर्चे पर फेल है जिसका नतीजा आज हाई कोर्ट द्वारा हिमाचल प्रदेश की शान के जाने वाले दिल्ली स्थित हिमाचल भवन के नीलामी के आदेश दिए गए हैं।



यह बेहद शर्मनाक और सरकार का गैर जिम्मेदाराना रवैया है जिसके कारण आज यह स्थिति आई। व्यवस्था परिवर्तन का दावा करने वाली सरकार ने व्यवस्था का ऐसा पतन किया जिसकी मिसाल हिमाचल में लंबे समय तक दी जाएगी।

हिमाचल प्रदेश सुक्खू सरकार के आने के बाद से ही हर दिन चर्चा में है। लेकिन एक भी दिन ऐसा नहीं हुआ जब यह चर्चा किसी सकारात्मक वजह से हुई हो हिमाचल की उपलब्धि की वजह से हुई हो। हर बार हिमाचल प्रदेश सरकार की किसी नाकामी या फिर किसी तुगलकी फरमान के चलते चर्चा में रहा। लेकिन इस बार हद हो गई जब हाई कोर्ट ने हिमाचल प्रदेश के महत्वपूर्ण प्रतिष्ठान हिमाचल भवन जो दिल्ली में स्थित है को नीलाम करने के आदेश दे दिए हैं। जयराम ठाकुर ने कहा कि यह सरकार की नाकामी है और सरकार को अपनी इस नाकामी को स्वीकार करना चाहिए।

मुझे पता है इस बार भी मुख्यमंत्री बड़े आत्मविश्वास से कोई न कोई झूठ बोलेंगे किसी ने किसी प्रकार से प्रदेश के लोगों को गुमराह करेंगे और सारा दोष भारतीय जनता पार्टी पर डालने की कोशिश करेंगे, लेकिन मुख्यमंत्री को अब इन चीजों से बाज जाना होगा। सरकार चलाने के बाद भी मुख्यमंत्री अब अपना दायित्व समझे और अपनी नाकामी को स्वीकार कर उसमें सुधार की पहल करें। प्रदेश की ब्यूरोक्रेसी और अन्य संस्थाओं पर नजर बनाए और वह ध्यान रखें कि कहां क्या हो रहा है। उन्होंने कहा कि इस मामले में सरकार द्वारा अपना पक्ष मजबूती से नहीं रखा गया। न्यायालय को सरकार विश्वास में नहीं रखा गया, इससे वालों की सरकार कोर्ट के फैसले को लेकर गंभीर है।

## मामला बाबा के 'रोट' के सैंपल फेल होने का

# अब ट्रस्ट की कैंटीन होगी आउटसोर्स

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

बाबा बालक नाथ मंदिर दियोटसिद्ध स्थित मंदिर में चढ़ाए जाने वाले 'रोट' प्रसाद की कैंटीन को सैंपल फेल होने के बाद अब बंद कर दिया गया है। इसे आउटसोर्स आधार पर खोला जाएगा। हालांकि इसके लिए प्रक्रिया पहले से ही जारी थी, लेकिन अब कुछ दिनों में ही टेंडर प्रक्रिया को अमल जामा पहना दिया जाएगा। फूड सेफ्टी विभाग ने इस कैंटीन का जो सैंपल 2 महीने पहले जांचने के लिए लिया था, वह फेल पाया गया है।

इसके अलावा एक अन्य निजी दुकान से लिया गया ऐसे ही रोट का सैंपल भी फेल पाया गया है। यानी एक ही समय में लिए गए दो अलग-अलग सैंपल फेल पाए गए हैं। कारण यह बताया गया है कि इकट्ठे ही रोट तैयार कर लिए जाते हैं और कई दिनों तक इन्हें बेच लिया जाता है। इसी वजह से बाशा और एसिडिटी के स्तर वाला ये रोट सैंपल में फेल पाए गए हैं।

मंदिर के आयुक्त और डीसी अमरजीत सिंह का कहना है कि एक शिविर भी आयोजित किया जाएगा। दियोटसिद्ध मंदिर परिसर में रोट बनाने वाले तमाम दुकानदारों हलवाइयों को इसमें बुलाया जाएगा। ताकि उसकी गुणवत्ता को लेकर गाइडलाइन जारी की जा सके। इधर फूड एंड सेफ्टी विभाग के प्रमुख अनिल शर्मा ने बताया कि दो सैंपल मंदिर परिसर की दुकानों के लिए गए थे। जिनमें एक ट्रस्ट द्वारा संचालित कैंटीन और दूसरी निजी दुकान थी। दोनों ही सैंपल बाशा और एसिडिटी युक्त पाए गए हैं। दोनों सैंपल फेल हैं।

ट्रस्ट के अध्यक्ष और बड़सर के एसडीएम राजेंद्र गौतम ने बताया कि ट्रस्ट की एक कैंटीन पहले से ही आउटसोर्स की जा चुकी है। दूसरी की प्रक्रिया जारी है। अब नए घटनाक्रम के बाद इसका टेंडर बहुत जल्दी यानी अगले सप्ताह में हो जाएगा।

# एम्स बिलासपुर बीएसएफ चिकित्सा अधिकारियों को दे रहा प्रशिक्षण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

पंच-प्राण पहल के तहत आयोजित तीन दिवसीय बुनियादी और आपातकालीन और अभिघात देखभाल प्रशिक्षण पाठ्यक्रम, आज कौशल और सिमुलेशन केंद्र, एम्स बिलासपुर में जालंधर, पंजाब के बीएसएफ चिकित्सा अधिकारियों और पैरामेडिक्स के लिए शुरू हुआ।

इस गहन कार्यक्रम का उद्देश्य व्यापक प्रशिक्षण मॉड्यूल के माध्यम से आपातकालीन प्रति, या क्षमताओं को बढ़ाना है, जिसमें व्यावहारिक अभ्यास और विभिन्न आपातकालीन परिदृश्यों का अनुकरण शामिल है। प्रतिभागियों



को बुनियादी जीवन समर्थन बीएलएस, समय-संवेदनशील आपात स्थितियों, आघात, सदमे, जलन और मस्कुलोस्केलेटल चोटों के प्रबंधन जैसे आवश्यक जीवन-रक्षक कौशल में प्रशिक्षित किया जाएगा। पाठ्यक्रम में बुनियादी और उन्नत वायुमार्ग प्रबंधन तकनीकों दोनों पर एक कार्यशाला भी शामिल है।

## स्थापना दिवस — भारतीय जीवन दर्शन में नर सेवा को ही नारायण सेवा माना : राज्यपाल

# झुग्गी-झोपड़ी के बच्चों का उत्थान कर टोंगलेन ने दी प्रेरणा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने कहा कि भारतीय जीवन दर्शन में नर सेवा को ही नारायण सेवा कहा गया है। उन्होंने कहा कि टोंगलेन चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक भिक्षु जामयांग ने अपनी टीम के साथ झुग्गी झोपड़ी के बच्चों और उनके परिवारों के उत्थान के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित करके समूचे समाज को एक नई प्रेरणा दी है। उन्होंने यह सिद्ध कर दिया कि यदि कोई दृढ़ निश्चय कर ले तो वह बड़े से बडा काम कर सकता है।

बुधवार को सरांह में टोंगलेन चैरिटेबल ट्रस्ट के 20 वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य पर आयोजित वार्षिक समारोह में बतौर मुख्यातिथि राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने कहा कि टोंगलेन चैरिटेबल ट्रस्ट ने झुग्गी झोपड़ी के निवासियों के जीवन में स्थाई बदलाव लाने के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को हथियार



बनाया। शिक्षा भी ऐसी जिसमें हॉलिस्टिक अप्रोच है।

उन्होंने कहा कि भिक्षु जामयांग ने निस्वार्थ भाव से समाज के सबसे दुर्बल वर्ग की सेवा का जो बीड़ा उठाया था अब उसके परिणाम समाज के सामने हैं। कभी धर्मशाला की सड़कों पर कूड़ा बीनने और भीख मांगने वाले बच्चे उच्च शिक्षा प्राप्त कर आज डॉक्टर, इंजीनियर, पत्रकार, होटल मैनेजर एवं अन्य व्यवसायों में अपनी जगह बना रहे हैं। यह किसी चमत्कार से कम नहीं है। उन्होंने कहा कि बचपन में मैक्लोडगंज में अपनी मां के साथ भीख मांगने वाली बेटी पिंकी अब एमबीबीएस पास करके डॉक्टर बन चुकी है। मैं पिंकी और ऐसे ही अन्य बच्चों को बधाई तथा आशीर्वाद देता हूं। गतिविधियों में भाग लेने का अवसर दिया जिससे वे अच्छे इंसान बन सके। उन्होंने कहा कि टोंगलेन चैरिटेबल ट्रस्ट ने नशे की बुराई के खिलाफ सकारात्मक अभियान भी छेड़ा हुआ है। वह और उनके बच्चे समाज में युवा वर्ग को जागरूक करते हैं कि नशा विनाश का कारण बनता है इसलिए इसे दूर रहें। इसका प्रभाव यह हुआ कि बच्चों ने तो नशे को हाथ नहीं लगाया और उनके जो अभिभावक नशा करते थे उन्होंने भी उसे त्याग दिया।

इस अवसर पर राज्यपाल ने टोंगलेन चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से समाज सेवा के लिए एडवोकेट रणजीत सिंह राणा, विजय लांबा और अनीता शर्मा को सम्मानित भी किया। इससे पहले प्रोफेसर अजय श्रीवास्तव ने मुख्यातिथि का स्वागत करते हुए टोंगलेन चैरिटेबल ट्रस्ट की 20 वर्षों की यात्रा की विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि टोंगलेन चैरिटेबल ट्रस्ट शिक्षा के साथ साथ कई निशुल्क औषधालय खोले।

# दवा निर्माता कंपनी को स्टॉप प्रोडक्शन नोटिस देने की तैयारी

**शुभम राही, बिलासपुर**

बिलासपुर जिला के ग्लालथाई क्षेत्र में स्थित एक दवा निर्माता कंपनी को स्टॉप प्रोडक्शन नोटिस जारी होने जा रहा है। यह दवा निर्माता कंपनी सेंट्रल ड्रग स्टैंडर्ड कंट्रोलर की गुड मैन्युफैक्चरिंग प्रैक्टिस के मानकों को पूरा नहीं कर रही है।

इस दौरान अभी 11 व 12 नवंबर को ड्रग इंस्पेक्टर बिलासपुर ने दो सेंट्रल ड्रग इंस्पेक्टरों के साथ निर्माता कंपनी का औचक निरीक्षण भी किया है। दो दिन तक किए गए निरीक्षण के बाद कंपनी को स्टॉप प्रोडक्शन नोटिस जारी करने की अनुशंशा भी की गई है।

जानकारी के अनुसार जिला के ग्वलाथाई में तीन दवा निर्माता कंपनी हैं। इनमें से एक कंपनी की सेंट्रल ड्रग स्टैंडर्ड मैन्युफैक्चरिंग कंट्रोलर से प्रदेश ड्रग विभाग को रिस्क बेस इंस्पेक्शन करने के निर्देश जारी हुए थे। जिस पर गत 11 व 12 नवम्बर को ड्रग इंस्पेक्टर बिलासपुर ने दो सेंट्रल ड्रग इंस्पेक्टरों के साथ इसका निरीक्षण किया था।

> ग्वालथाई में स्थित एक दवा निर्माता कंपनी का निरीक्षण किया गया है। कंपनी विभाग के कुछ मानकों पर खरा नहीं उतरी है। सारी रिपोर्ट बनाकर विभाग को सौंप दी गई हैं। कार्रवाई ड्रग कंट्रोलर द्वारा की जाएगी। –डॉ. दिनेश शर्मा, ड्रग इंस्पेक्टर, बिलासपुर।



दो दिन तक इस दवा निर्माता कंपनी का निरीक्षण करने के बाद संबंधित ड्रग इंस्पेक्टरों ने विभाग को इस दवा निर्माता कंपनी को स्टॉप प्रोडक्शन का नोटिस जारी करने की अनुशंसा की है। संबंधित दवा कंपनी द्वारा टेबलेट्स व कैप्सूल बनाए जाते हैं। संबंधित कंपनी का लिवोसिट्रिजीन का सेंपल फेल हुआ था। संबंधित सेंपल रांची में फेल हुआ था। (अनंत ज्ञान)

# न्यूज ब्रीफ

## भोडा स्कूल के सभी विद्यार्थी एनीमिया मुक्त



**राकेश डोगरा, डरोह।** मंगलवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भोडा में स्वास्थ्य विभाग हिमाचल प्रदेश के सौजन्य से स्कूल हेल्थ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान स्कूल स्वास्थ्य कार्यक्रम अधिकारी संजय कटोच और रुबी गुलेरिया द्वारा विद्यार्थियों के पंजीकरण के साथ कार्यक्रम का आगाज हुआ। कार्यक्रम का मार्गदर्शन राजन सूद द्वारा किया गया। स्कूल हेल्थ प्रोग्राम के डॉ. आशा, फार्मेसी अधिकारी अंकुर परमार तथा दीपिका द्वारा सभी बच्चों की सम्पूर्ण स्वास्थ्य की जांच की गई। कुल 71 विद्यार्थियों में कोई भी एनीमिया युक्त नहीं पाया गया। कार्यक्रम के दौरान सभी विद्यार्थियों को स्वच्छ एवं ताजा भोजन करने की सलाह दी व स्वस्थ जीवन के लिए क्या जरूरी है पर जागरूक किया। प्रधानाचार्य संजीव जम्वाल द्वारा बच्चों को अपने संबोधन में स्वस्थ जीवन हेतु शर्तुचर्या तथा दिनचर्या पर महत्वपूर्ण जानकारी दी गई तथा बच्चों को नशे से दूर रहने का संदेश दिया। स्कूल प्रबंधन समिति अध्यक्ष राजीव कुमार ने प्रबंधन समिति की तरफ से इस कार्यक्रम के आयोजन के लिए आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम में संतोष कुमार, रुचिका, सदीप, संजय कटोच, राकेश चंद्र किशोर, विजय, नीलम, रमेश, राजन सूद, राकेश राजीव शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

## खैरा स्कूल में पढ़ाया समाजसेवा का पाठ



**अनंत ज्ञान, डरोह।** राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला खैरा में मंगलवार को सात दिवसीय एनएसएस विशेष शिविर का समापन हुआ। यह शिविर 13 नवंबर से 19 नवंबर तक आयोजित किया गया। इस शिविर में विद्यालय के कार्यालय अधीक्षक अशोक राणा ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने स्वयंसेवियों को शिविर के दौरान समाजसेवा के जरिए सीखी गई बातों का अपने जीवन में अनुसरण करने को कहा। वहीं, प्रधानाचार्य विजय शर्मा ने स्वयंसेवकों को हमेशा समाजसेवा के लिए आगे रहने व जीवन में कुछ समय समाजसेवा के लिए देने को कहा। एनएसएस प्रभारी राजीव कुमार व सुनीता देवी ने बताया कि स्वयंसेवियों ने शिविर के दौरान विभिन्न गतिविधियों के साथ साथ विद्यालय के आसपास सफाई अभियान भी चलाया। इस दौरान विभिन्न विभागों से रिसोर्स पर्सन्स बुलाए गए, जिनमें प्रशांत सूद असिस्टेंट मैनेजर के सी सी बैंक खैरा, डॉ. दीक्षा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खैरा, परवीन राणा पुलिस इंस्पेक्टर पीटीसी डरोह, रजनीश अवस्थी एनएसएस डिस्ट्रिक्ट असिस्टेंट को-ऑर्डिनेटर, प्रीतम चौधरी रिटायर्ड आर्मी पर्सनल ने बच्चों को अपने अपने विभागों की कार्यप्रणाली से अवगत कराया। वहीं, स्वयंसेवियों ने समापन समारोह पर रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया।

## कराटे में अनीश कुमार ने जीता सिल्वर मेडल




**अनंत ज्ञान, इंदौरा।** पंजाब के बटाला में 17 और 18 नवंबर को इंडो-नेपाल कराटे प्रतियोगिता हुई। इसमें हिमाचल से कोच राजेश कुमार की अगुवाई में 10 खिलाड़ियों ने भाग लिया था। स्पर्धा में अनीश कुमार ने 75 किलो भार वर्ग में सिल्वर मेडल जीता, जबकि आयुष, हर्ष आईटी, दिव्यांश ने अपने वर्ग में बॉन्ज मेडल जीता। अंशिव ने भी अपने वर्ग में बॉन्ज मेडल जीता।

# दियोल, फटाहर में पेयजल सुविधा पर व्यय हो रहे 71 लाख : किशोरी लाल

### विधायक ने फटाहर में 5 लाख की लागत से निर्मित महिला मंडल भवन का किया लोकार्पण

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ**

बैजनाथ के विधायक किशोरी लाल ने ग्राम पंचायत दियोल और फटाहर में सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम में शिरकत की। उन्होंने ग्राम पंचायत फटाहर में 5 लाख की लागत से निर्मित महिला मंडल भवन का लोकार्पण भी किया। विधायक ने कहा कि प्रदेश सरकार, समाज के सभी वर्गों के कल्याण के लिए बचनबद्ध है। उन्होंने कहा कि सुखविंदर सिंह सुक्खू सरकार, सुशासन की सरकार है और लोगों को अनावश्यक परेशानी से बचाने के लिए सरकार जनता के द्वार जैसे महत्वपूर्ण कार्यक्रम आरंभ किए गए हैं।

उन्होंने कहा कि वे स्वयं पंचायतों में जाकर लोगों की समस्याओं से रु ब रु हो रहे हैं। ताकि अंतिम पक्ति में बैठे व्यक्ति को भी किसी भी समस्या का सामना न करना पड़े। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि लोगों की समस्याओं को प्राथमिकता पर हल किया जाए।



फटाहर में महिला मंडल भवन का लोकार्पण करते विधायक किशोरी लाल।

उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत दियोल और फटाहर में जल जीवन मिशन के तहत 70 लाख 35 हजार के कार्य आरंभ किए गए हैं। इसमें 90 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। उन्होंने कहा इस स्कीम से जलग्रा, कंडकोसरी, भरेड़ , दियोल खास, धार जोत, फटाहर, सोकडु , पशाकोट को शामिल किया गया है। इस योजना के तहत दो टैंकों में पानी डाल दिया गया है। उन्होंने कहा कि लोगों को पानी की समस्या न हो इसके लिए एक लाख लीटर पानी के टैंक का निर्माण कर दिया है।

उन्होंने कहा कि इसमें 600 मीटर पाइप बिछा कर जल्दी ही टैंक में पानी डाला जाएगा और इसमें लगभग 13 किलोमीटर पाइप बिछा दी गई है। उन्होंने विभाग को शीघ्र इस योजना को पूर्ण करने के आदेश दिए, ताकि लोगों को पेयजल उपलब्ध करवाया जा सके। उन्होंने दियोल सामुदायिक भवन की मरम्मत हेतु अपनी विधायक निधि से 50 हजार रुपए देने की भी घोषणा की। (अनंत ज्ञान)

### विकास कार्यों पर खर्च किए जा रहे 50 लाख

**विधायक** ने कहा कि दियोल और फटाहर पंचायत में विकासात्मक कार्यों पर लगभग 50 लाख खर्च किए जा रहे हैं। इसमें पीरडी नाला पुली के निर्माण के लिए डेढ़ लाख, जीप रोड पीरडी से शमशान घाट सेरी तक निर्माण के लिए डेढ़ लाख , युवक मंडल फटाहर के लिए साढ़े तीन लाख, जखराम के घर के नजदीक रेलिंग के निर्माण के लिए 50 हजार इसके अतिरिक्त 15वें वित्त आयोग के लिए फटाहर में वार्ड नंबर 5 में शौचालय निर्माण के लिए 3 लाख, जगत राम के घर के लिए रास्ता 30 हजार, शिल्लानाला पुली के लिए 3 लाख दिए गए है। उन्होंने कहा कि सभी कार्य तीव्र गति से किये जा रहे हैं और जल्दी ही जनता को समर्पित किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त दोनों पंचायतों के प्रधानों तथा स्थानीय लोगों द्वारा रखी गई मागों को चरणबद्ध तरीके से पूरा करने का आश्वासन दिया।

# सिटी अस्पताल में कटे होंठ व तालू के ऑपरेशन की फ्री सुविधा शुरू

**आशीष दमीर, कांगड़ा**




विश्व भर में बहुत से बच्चें ऐसे है, जिनके जन्मजात होंठ व तालू कटे हुए हैं और इस बिमारी से परेशान है उनके लिए सिट अस्पताल घुरकड़ी (मटौर) ने निशुल्क सुविधा मुहैया करवाना शुरू कर दी है। जानकारी देते हुए अस्पताल के प्रबंधक निदेशक डॉ. आशीष गर्ग, डॉ. प्रदीप मक्कड़ व डॉ. राजीव डोगरा व ने बताया कि जिनकी सालाना आय 8 लाख रुपए से कम हैं, ऐसे परिवार के दो बच्चों का सफल ऑपरेशन बच्चों के सर्जरी विभाग के विशेषज्ञ डॉ.ठाकुर थुस्यु व डॉ. बंटी सिरकेक द्वारा किया गया है। उन्होंने कहा कि सिटी अस्पताल तथा स्माईल ट्रेड नामक अंतरराष्ट्रीय संस्था के गठबंधन के सौजन्य से सह सब संभव हो पाया है व यह सुविधा पूरे वर्ष उपलब्ध रहेगी। यह भी बताया कि कटे होंठ व तालू के रोगी जिस तकलीफ और परेशानी से जीवन यापन कर रहे थे, इलाज के बाद उन्हें उससे छुटकारा मिल गया है। उन्होंने कहा कि ऐसी जन सेवा मुहैया करवाने के लिए सिटी अस्पताल और सुपर स्पेशलिटी अस्पताल सदैव प्रतिबद्ध रहेगा। उन्होंने कहा कि मरीजों को हर प्रकार की स्वास्थ्य सुविधा मुहैया करवाने के लिए अस्पताल प्रयास करता रहता है व उन सुविधाओं को मरीजों को समय पर उपलब्ध भी करवाता है ताकि मरीजों को स्वास्थ्य संबंधी सुविधाओं के लिए बाहरी राज्यों का रुख न करना पड़े। (अनंत ज्ञान)

## बच्चों को गैस सिलेंडर यूज करने का तरीका सिखाया

**अनंत ज्ञान, परागपुर।** आदर्श स्कूल परागपुर में मंगलवार को आरके इंडेन गैस एजेंसी परागपुर के सौजन्य से एक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कंपनी के तीन कर्मचारियों ने स्कूल के बच्चों को बताया कि गैस का चूल्हा सिलेंडर से ऊपर होना चाहिए, गैस की पाइप आईएसआई मार्क वाली होनी चाहिए, गैस का हिसाब होने पर रेगुलेटर बंद करके उसकी सील लगा दी जाए। उन्होंने कहा कि यदि हम सभी बातों का ध्यान रखें तो हम अपना बचाव कर सकते हैं और सुगमता से गैस का उपयोग कर सकते हैं।

# प्रदेश में भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रही सरकार: संजय शर्मा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता संजय शर्मा ने सरकार पर आरोप लगाया है कि निजी हित साधने के लिए सरकार संदिग्ध निष्ठा वाले अधिकारियों को संवेदनशील पदों पर तैनाती दे रही है। सरकार प्रदेश में भय का वातावरण पैदा कर रही है क्योंकि ईमानदार लोग ऐसे अधिकारियों के चलते अपनी बात विभागों में नहीं रख पाते हैं। अभी हाल ही में भू व्यवस्था विभाग के हमीरपुर जिला के बड़सर वृत्त में एक सेवानिवृत्त तहसीलदार को जिसके ऊपर पहले से ही विजिलेंस विभाग द्वारा भ्रष्टाचार का केस दायर किया गया है उसको विभाग में पुर्ननियुक्ति दे दी गई है। इससे पता चलता है कि सरकार स्वयं प्रदेश में भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रही है। प्रदेश में यह कोई ऐसे पहला मामला नहीं है, जहां संवेदनशील पदों पर भ्रष्टाचार में लिप्त लोगों को बिठाया जा रहा है, बल्कि और भी कई विभागों में ऐसे लोगों को संरक्षण दिया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग में ड्रग संबंधित अधिकारियों को, जिनके ऊपर कई भ्रष्टाचार के केस चल रहे हैं, उनको भी संवेदनशील पदों पर तैनाती दी जा रही है। जिला मुख्यालय पर ऐसे अधिकारियों को बिठाया जा रहा है जिनके कारण दवा विक्रेता और दवा निर्माता भय के वातावरण में काम कर रहे हैं।

## श्री सत्य साईं सेवा समिति नगरोटा ने निकाली प्रभात फेरी



नगरोटा बगवां। श्री सत्य साईं सेवा समिति नगरोटा बगवां द्वारा मंगलवार को प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। प्रभात फेरी का शुभारंभ सुबह 5:30 बजे अमित और अनुराधा बस्सी के निवास स्थान से किया गया। इस प्रभात फेरी में श्री सत्य साईं के कई भक्तजनों ने भाग लिया। वहीं, शाम 4 बजे श्री सत्य साईं मंदिर में लक्ष्य अर्चना कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें दीप प्रज्वलन, भजन व आरती सहित सभी अनुष्ठान महिला श्रद्धालुओं द्वारा संपन्न करवाया गए। श्री सत्य साईं सेवा समिति नगरोटा बगवां के कन्वीनर हरीश आनंद ने जानकारी देते हुए बताया कि समिति द्वारा 17 नवंबर से प्रतिदिन प्रभात फेरी का आयोजन किया जा रहा है, जो कि 23 नवंबर तक आयोजित की जाएगी। 24 नवंबर को सिविल अस्पताल नगरोटा बगवां में मरीजों को फल एवं प्रसाद का वितरण किया जाएगा।

## विभाग के पास विद्युत मीटर नहीं

**फतेहपुर।** विद्युत विभाग उपमंडल रे में घरेलू विद्युत मीटरों की कमी चल रही है, जिस कारण उपभोक्ता खासे परेशान हैं। उपमंडल के भिन्न-भिन्न क्षेत्रों के उपभोक्ताओं ने बताया कि उन्होंने घरेलू विद्युत मीटर लगवाने के लिए विभाग के पास आवेदन किया हुआ है, लेकिन विभाग द्वारा अभी तक मीटर नहीं लगाए गए हैं, जिस कारण वह विद्युत सुविधा लेने से वंचित रह रहे हैं। वहीं, इस पर जब सहायक अभियंता गुरनाम धीमान के साथ बात की तो उन्होंने माना कि उपमंडल के भिन्न-भिन्न क्षेत्रों के करीब 200 उपभोक्ताओं ने विद्युत मीटर लगवाने को आवेदन कर रखा है, लेकिन विभाग के पास मीटर की उपलब्धता न होने कारण मीटर नहीं लगाए गए हैं। मीटरों की कमी बारे उच्च अधिकारियों को अवगत करवाया गया है।

# अनंत ज्ञान फैशन



## सहेली की शादी में बिखेरना है जलवा तो इन आउटफिट का करें चयन

जिस तरह से शादी का दिन दुल्हन के लिए खास होता है, ठीक उसी तरह से ये दिन दुल्हन की सहेलियों और बहनों के लिए भी बेहद अहम होता है। इसके लिए हर लड़की महीनों-महीनों पहले से ही अपने लिए आउटफिट का चयन करती है। आउटफिट से लेकर वो चाहती हैं कि उनकी ज्वेलरी और मेकअप भी सबसे अलग और हटकर दिखे। इस दिन दुल्हन की सहेलियां और बहनें ब्राइड्समेड का किरदार निभाती है। ऐसे में यदि आप के घर में भी लड़की की शादी है और आप खूबसूरत ब्राइड्समेड बनकर जलवा बिखेरना चाहती हैं, तो हम आपको उसके लिए कुछ आउटफिट दिखाने जा रहे हैं। इस तरह के ट्रेंडी आउटफिट कैरी करके आप शादी में अपना जलवा बिखेर सकती हैं।



### हैवी वर्क गाउन

**इस** तरह का हैवी वर्क वाला गाउन आप तो शादी विवाह में कैरी कर सकती हैं। इसके साथ आपको न को ज्यादा हैवी ज्वेलरी कैरी करनी पड़ेगी और न ही इसके साथ आपको ज्यादा डार्क मेकअप करना पड़ेगा। ऐसे लुक के साथ आप चाहें तो बालों को कर्ल कर सकती हैं।

### ग्लैमरस लहंगा

**वैसे** तो अक्सर ब्राइड्समेड हमेशा लहंगा ही पहनती हैं, लेकिन आप चाहें तो ग्लैमरस दिखने के लिए अपने लहंगे में थोड़ा ट्विस्ट ला सकती हैं। इसके लिए ब्लॉउज को थोड़ा अलग स्टाइल में तैयार कराएं। आप इसे डीपनेक या फिर लेटेस्ट डिजाइन का बनवा सकती हैं।



### साड़ी स्टाइल ड्रेस

**ये** ड्रेस देखने में तो साड़ी जैसा लग रही है लेकिन ये साड़ी नहीं है। इस तरह की साड़ी स्टाइल ड्रेस के साथ कमर में कमरबंध जरूर बांधें। इसके साथ आप गले में हल्का सा नेकपीस कैरी कर सकती हैं, ताकि आपका लुक प्यारा दिखे।

### लहंगा साड़ी

**यदि** आप लहंगा और साड़ी दोनों में से क्या पहनें, इस बात को लेकर संशय में हैं तो लहंगा साड़ी एक अच्छा विकल्प है। लहंगा-साड़ी देखने में काफी खूबसूरत लगती है। इसके साथ अपने बालों को खुला करके स्ट्रेट कर दें, ताकि आपके खुले बाल आपको परेशान न करें।

### प्लाजो-क्रॉप टॉप और श्रग

**यदि** आप कुछ हल्का लेकिन स्टाइलिश सा पहनने का सोच रही हैं तो ये आउटफिट आपके लिए बेहतर विकल्प है। प्लाजो और क्रॉप टॉप के साथ आपका श्रग लंबा होना चाहिए, ताकि आपका लुक रॉयल दिखे। इसके साथ बालों में मेसी बन बनाएं।





सनग्लासेस आज के समय में फैशन और स्टाइल का एक अभिन्न हिस्सा बन चुके हैं। शायद ही कोई ऐसा व्यक्ति होगा जिसने कभी सनग्लासेस का इस्तेमाल नहीं किया हो। ये न सिर्फ धूप से आपकी आंखों को बचाते हैं, बल्कि एक फैशन एक्सेसरीज के रूप में भी काफी लोकप्रिय हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं कि सनग्लासेस का इतिहास क्या है? धूप का चश्मा पहली बार कहां और कब इस्तेमाल किया गया था? आपको यह जानकर हैरानी होगी कि सनग्लासेस का इतिहास सदियों पुराना है। प्राचीन समय में विभिन्न संस्कृतियों ने आंखों को धूप से बचाने के लिए तरह-तरह के उपकरणों का इस्तेमाल किया था। आधुनिक सनग्लासेस का विकास धीरे-धीरे हुआ और आज यह दुनिया भर में फैशन का एक अहम हिस्सा बन गया है।

## फैशन का अभिन्न हिस्सा बन चुके हैं सनग्लासेस

### कहां से आए सनग्लासेस?

**सनग्लासेस** के आविष्कार के इतिहास को लेकर इतिहासकारों में काफी मतभेद हैं। कुछ का मानना है कि ये 1282 से 1286 के बीच इटली में बनाए गए थे, जबकि अन्य का मानना है कि इनका आविष्कार 13वीं सदी के आसपास हुआ था, लेकिन सबसे व्यापक रूप से स्वीकृत सिद्धांत यह है कि सनग्लासेस का मूल चीन है। माना जाता है कि 12वीं सदी में चीन में इनका आविष्कार हुआ था और फिर 1430 के आसपास इटली पहुंचे। यहीं से ये दुनिया के बाकी हिस्सों में फैल गए।

**सदियों पुराना है इसका इतिहास सबसे पहले न्यायाधीशों ने पहना**

### सेहत और स्टाइल का परफेक्ट कॉम्बो

1930 के दशक तक, सनग्लासेस अमेरिका में एक लोकप्रिय फैशन ट्रेंड बन चुके थे। 1936 में, एडविन लैंड ने पोलेरॉइड फिल्टर का आविष्कार किया, जिससे सनग्लासेस हानिकारक यूवी किरणों से आंखों की रक्षा करने में सक्षम हो गए।

### क्या था सनग्लासेस का असली मकसद?

**सनग्लासेस** का इतिहास उतना ही पुराना है जितना कि फैशन का। सबसे पहले इनका इस्तेमाल 12वीं शताब्दी में चीन में हुआ था। धुएं के रंग के [ र्ट्ज से बने इन चश्मों को सबसे पहले न्यायाधीशों ने पहनना शुरू किया था। दरअसल, गवाहों से पूछताछ करते समय अपनी भावनाओं को छुपाने के लिए वे इन्हें पहनते थे। धीरे-धीरे, ये चश्मे चीन में एक फैशन स्टेटमेंट बन गए और केवल अमीर लोग ही इन्हें खरीद सकते थे। चीनी अदालतों में तो ये आम हो गए थे। न्यायाधीश जब भी कोई फैसला सुनाते या गवाहों से सवाल-जवाब करते, वे ये चश्मे लगा लेते थे ताकि उनकी भावनाओं को कोई नहीं समझ सके। देखा जाए, तो यह एक तरह से उनकी शक्ति और रहस्यमय छवि को दर्शाता था।

### स्टूडियो में होने लगा काले चश्मे का इस्तेमाल

**सन** 1430 में, चीन ने इटली में सनग्लासेस पेश किए। 18वीं सदी में, जेम्स ऐसकॉफ ने इन चश्मों के साथ प्रयोग करना शुरू किया। उन्हें लगा कि लेंस को हरे या नीले रंग में बदकर लगाने से दृष्टि दोष ठीक किए जा सकते हैं, हालांकि यह धारणा बाद में गलत साबित हुई। 20वीं सदी की शुरुआत में, सनग्लासेस धीरे-धीरे लोकप्रिय होने लगे। फिल्म स्टार्स ने स्टूडियो की तेज रोशनी से बचने के लिए इनका इस्तेमाल करना शुरू किया, जिससे ये फैशन का एक अहम हिस्सा बन गए।



## इन दुपट्टों को पहनने से सस्ता सूट भी लगेगा महंगा

**दुपट्टा किसी भी सिंपल और सस्ते से सूट में जान डालने का काम करते हैं। यहां हम आपके लिए ऐसे 5 दुपट्टे की डिजाइन जो आपके सूट को महंगा दिखा सकते हैं।**



**मिरर वर्क दुपट्टा :** ये किसी भी प्लेन सलवार-सूट को महंगा दिखा सकता है। देखने में मिरर वर्क काफी खूबसूरत नजर आता है। इस तरह के मल्टी-शेड वाले दुपट्टे आपको मार्केट में 300 से 500 रुपए तक में मिल जाएंगे।

**नेट वर्क दुपट्टाः** नेट वर्क दुपट्टा को आप किसी भी सिंपल प्लेन सूट के साथ कैरी कर सकते हैं। वहीं देखने में इस तरह के दुपट्टे काफी फैंसी लुक देने का काम करते हैं। इसमें व्हाइट कलर में काफी कढ़ाई वर्क भी देखने को मिल जाएंगे, जिन्हें आप खुद से डाई करवा सकती हैं।

**मल्टी कलर दुपट्टाः** मल्टी कलर दुपट्टे में आपको हल्के से लेकर लाइट वेट में कई तरह की दुपट्टे डिजाइन देखने को मिल जाएंगे। आप चाहें तो हैवी लुक के लिए दुपट्टे के किनारों पर चौड़े पट्टी वाली गोटा-पट्टी लेस को लगवा सकती हैं।

**पाकिस्तानी स्टाइल दुपट्टाः** सिंपल स्ट्रैट सूट या घेरेदार सूट के साथ आप पाकिस्तानी स्टाइल दुपट्टा कैरी कर सकते हैं। इस तरह के दुपट्टे वजन में भी काफी भारी होते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि इस पूरे दुपट्टे में हाथों से बारीक कढ़ाई वर्क किया जाता है।

## न्यूज ब्रीफ

### विद्यालय की वार्षिक पत्रिका 'उमंग' का किया विमोचन



**आदर्श, नेरचौक।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गागल का वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह बड़ी धूमधाम से मनाया गया। पारितोषिक वितरण समारोह में प्रकाश चौधरी पूर्व मंत्री बतौर मुख्यातिथि मौजूद रहे। सरस्वती वंदना एवं दीप प्रज्वलन के उपरांत प्रधानाचार्य रमेश कुमार ने मुख्यातिथि एवं अन्य अतिथियों का समारोह में शामिल होने पर स्वागत किया और विद्यालय वार्षिक रिपोर्ट मुख्यातिथि के समक्ष रखी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों ने विद्यालय की वार्षिक पत्रिका 'उमंग' का विमोचन किया गया। इसके अतिरिक्त सभी कक्षाओं की वार्षिक परीक्षा में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र -छात्राओं को सम्मानित किया गया।

### बच्चों को बताए नशे और मोबाइल के दुष्प्रभाव



**दशमी रावत, जुब्बल।** हिमाचल आइस स्केटिंग एसोसिएशन द्वारा जुब्बल के सरस्वती नगर में आयोजित तीन दिवसीय ऑफ आइस स्केटिंग प्रशिक्षण शिविर का सफल आयोजन हुआ। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य बच्चों को नशे और मोबाइल फोन की लत से दूर रखना और उन्हें स्वस्थ जीवन की ओर प्रेरित करना है। यह शिविर सरस्वतीनगर में दूसरी बार आयोजित किया गया। इस शिविर के बाद प्रतिभागियों का चयन राज्य स्तरीय और राष्ट्रीय आइस स्केटिंग प्रतियोगिताओं जैसे कि खेलो इंडिया और राष्ट्रीय खेलों के लिए किया जाएगा। प्रदेश आइस स्केटिंग एसोसिएशन के उपाध्यक्ष प्रदीप सिंह ने बताया कि जनवरी माह में कुछ खिलाड़ियों को उच्च प्रशिक्षण के लिए विदेश भेजा जा रहा है।

### युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए किया जागरूक



**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गोपालपुर के प्रांगण में सात दिवसीय एनएसएस कैंप का समापन विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. बलवंत सिंह द्वारा किया गया। वहीं लोगों को साफ-सफाई रखने वह युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए जागरूक किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने समापन समारोह पर स्वयंसेवियों को नशे से दूर रहने और आपस में सहयोग की भावना से काम करने की प्रेरणा दी। इस मौके पर एनएसएस के प्रभारी विजय सिंह प्रवक्ता गणित व महिला प्रभारी निर्मल देवी प्रवक्ता राजनीति शास्त्र, रेखा देवी प्रवक्ता कार्मश, कविता ठाकुर प्रवक्ता जीव विज्ञान, सुरेश पौल प्रवक्ता भौतिकी, मंजू शर्मा प्रवक्ता अंग्रेजी, प्रवीण शैणी प्रवक्ता इतिहास व अन्य शामिल रहे।

### ऑनरेरी कैप्टन शाम लाल सेना प्रमुख से सम्मानित



**अनंत ज्ञान, शिमला।** शिमला के गांव व पंचायत धमून के निवासी कारगिल योद्धा सूबेदार मेजर ऑनरेरी कैप्टन (सेवानिवृत) शाम लाल शर्मा को सेना अध्यक्ष द्वारा चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ वेटरन अचीवर व प्रशंसा पत्र से सम्मानित किया गया है। गत 16 नवंबर 2024 को आर्मी ट्रेनिंग कमान शिमला में सेना प्रमुख (चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ) जनरल उपेंद्र द्विवेदी द्वारा शाम लाल शर्मा को वेटरन अचीवर अवॉर्ड से सम्मानित किया। सेना प्रमुख की ओर से उनकी उल्लेखनीय सेवाओं की सराहना के लिए प्रशंसा पत्र भी प्रदान किया है। यह पत्र उनकी सेवानिवृति के बाद भी देशभक्ति व कर्तव्यनिष्ठा से देश के लिए किए गए अभूतपूर्व योगदान को मान्यता प्रदान करता है। कैप्टन शामलाल ने इस सम्मान को अपने लिए गौरव का क्षण बताया है। कारगिल युद्ध में ऑपरेशन विजय के दौरान 1999 में 14 जम्मू कश्मीर राइफल्स में रहते हुए शाम लाल सेक्टर कारगिल काकसर में बटालियन हेड क्लर्क के रूप युद्ध में सक्रिय तौर पर भाग लिया जहां पर उन्हें ओपी विजय स्टार व ओपी विजय मेडल से सम्मानित किया गया। यही नहीं ऑनरेरी केप्टन शाम लाल ने अपने गांव में प्राकृतिक व जैविक खेती को अपनाते हुए पूर्व सैनिकों व स्थानीय लोगों को भी प्राकृतिक खेती के लिए प्रशिक्षण दे रहे हैं।

### जयराम ने वंदना के घर पहुंचकर जताया शोक



**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने दोपहर चोल्थरा पहुंचकर पूर्व कैबिनेट मंत्री महेंद्र सिंह ठाकुर के दामाद और जिला पार्षद वंदना गुलेरिया के पति दिनेश गुलेरिया की मौत पर गहरा शोक व्यक्त किया। उनके साथ उनके सहयोगी प्रकाश राणा, दिलीप ठाकुर, इंद्र सिंह गांधी, पूर्व विधायक कमलेश कुमारी और राजेंद्र राणा भी साथ थे। पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने पूर्व मंत्री महेंद्र सिंह ठाकुर और वंदना गुलेरिया से गहरी संवेदना प्रकट की। दिनेश गुलेरिया के पर्यटन क्षेत्र में दिए गए योगदान की सराहना की और इसे निजी क्षति करार दिया।

### जिला प्रशासन और दूरसंचार विभाग के उच्च अधिकारियों की बैठक, डीसी ने की अध्यक्षता, कहा-

# जिले के कई ग्रामीण क्षेत्रों में नहीं नेटवर्क की कनेक्टिविटी

**अनंत ज्ञान, चंबा**

उपायुक्त चंबा मुकेश रेपसवाल की अध्यक्षता में दूरसंचार विभाग हिमाचल प्रदेश लाइसेंस सर्विस एरिया के उच्च अधिकारियों की आकांक्षी जिला चम्बा में वर्तमान में चल रही दूरसंचार विभाग की सरकारी परियोजनाओं तथा उनके कार्यान्वयन के संबंध में उपायुक्त कार्यालय के सम्मेलन कक्ष में एक बैठक आयोजित हुई। बैठक में उपायुक्त मुकेश ने दूरसंचार आधारभूत संरचना के विस्तार के कार्यान्वयन में आ रही समस्याओं के बारे में जानकारी ली और निवारण हेतु हिमाचल प्रदेश लाइसेंस सर्विस एरिया के उच्च अधिकारियों को जिला प्रशासन की तरफ से हर संभव सहायता का आश्वासन दिया।

उन्होंने कहा कि ज़िला के दुर्गम व दूर दराज के ग्रामीण क्षेत्रों में उचित दूरसंचार सेवाएं उपलब्ध करवाने के लिए जिला प्रशासन और हिमाचल प्रदेश दूरसंचार विभाग की ओर से मिलकर प्रयास किए जा रहे है।



अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए उपायुक्त और साथ हैं अन्य।

उन्होंने कहा कि आकांक्षी जिला चंबा के सभी उपमंडलों के दुर्गुण ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को उचित दूरसंचार सेवाएं उपलब्ध करवाने के लिए प्रदेश की विभिन्न दूरसंचार कंपनियों के द्वारा लगभग 2600 किलोमीटर लंबी ऑफसी लाइन बिछाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा कि पूरे जिला में 4जी सैचुरेशन नेटवर्क कनेक्टिविटी उपलब्ध करवाने को लेकर बीएसएनएल, जिओ व ऐयरटेल के द्वारा विशेष कार्य योजना तैयार की गई है।

उपायुक्त ने कहा कि जिला में दूरसंचार सेवाएं विभाग द्वारा नेटवर्क कनेक्टिविटी का अवलोकन कर उसकी यथास्थिति को और मजबूत बनाया जा रहा है।

उपायुक्त ने दूरसंचार सेवाऐं प्रदाताओं से बैठक में विस्तृत चर्चा करते हुए कहा कि आकाशी जिला चंबा में आज भी ऐसे कई ग्रामीण क्षेत्र है जहां नेटवर्क कनेक्टिविटी उपलब्ध नहीं है। उन्होंने दूरसंचार सेवा प्रदाताओं से आग्रह किया है कि ज़िला के उन क्षेत्र मोबाइल नेटवर्क उपलब्ध करवाने का प्रयास करें जहां आज भी नेटवर्क कनेक्टिविटी नहीं है। उपायुक्त ने राष्ट्रीय उच्च मार्ग प्राधिकरण, जल शक्ति व लोक निर्माण विभाग को सीबड ऐप्प का अधिक प्रचार प्रसार करने को लेकर भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए

बैठक में अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी अमित मेहरा विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस दौरान निदेशक (ग्रामीण) चन्द्र भान यादव ने चम्बा जिला में दूरसंचार आधारभूत संरचना की वर्तमान स्थिति के बारे में जानकारी दी तथा दूरसंचार सेवा प्रदाताओं ने जिले में दूरसंचार सेवाओं को और बेहतर बनाने तथा विस्तार करने की अपनी-अपनी योजनाओं के बारे में जानकारी दी। बैठक में सहायक आयुक्त पीपी सिंह, जिला राजस्व अधिकारी जगदीश चंद्र सहित दूरसंचार सेवा प्रदाताओं के विभिन्न अधिकारी मौजूद रहे।

## प्रदेश में तीसरी, छठी, नौवीं कक्षा के बच्चों का कराया मॉक टेस्ट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



**तीसरे मॉक टेस्ट में सरकारी स्कूलों के साथ निजी स्कूलों के बच्चे भी हुए शामिल**

प्रदेश में 4 दिसंबर को होने जा रहे परख सर्वेक्षण -24 से पहले आज स्कूलों में मॉक टेस्ट कराया गया। यह तीसरा मॉक टेस्ट था, जिसमें सरकारी स्कूलों के स थ निजी स्कूलों के बच्चे भी शामिल हुए। स्कूली बच्चों के सीखने की क्षमता परखने के लिए 4 दिसंबर को हिमाचल के स्कूलों में भी परख सर्वे होगा। इसके लिए अबकी बार प्रदेश के स्कूलों में बड़े स्तर पर तैयारियां कराई जा रही हैं।
स्कूलों में कराई जा रही इन तैयारियों का आकलन करने के लिए समग्र शिक्षा मॉक टेस्ट भी करा रहा है, जिससे कि इनमें पाई जाने वाली कमियों को दूर किया जा सके। इसी कड़ी में आज प्रदेश के स्कूलों में तीसरा मॉक टेस्ट कराया गया।

इस मॉक टेस्ट में करीब 18 हजार स्कूलों के तीसरी, छठी और नौवीं कक्षा के छात्र शामिल हुए। यह टेस्ट स्कूलों में सुबह 10.30 बजे आरंभ हुआ। इसको लेकर स्कूली बच्चों में खासा उत्साह देखा गया। यह टेस्ट ओएमआर शीट पर लिया गया, जिसके लिए प्रश्न पत्र भी बच्चों को उपलब्ध कराए गए। इस टेस्ट के माध्यम से तीसरी व छठी कक्षा के बच्चों का भाषा, गणित और द वर्ल्ड अराउंड अस (ईवीएस) और 9वीं कक्षा के बच्चों का भाषा, गणित, विज्ञान और सामाजिक विज्ञान विषयों का ज्ञान परखा गया। इससे पहले स्कूलों में दो मॉक टेस्ट कराए जा चुके हैं। आंसर-की स्कूलों के साथ कल शेयर की जाएगी, जिसके आधार पर शिक्षक बच्चों की ओएमआर शीट का आकलन करेंगे। स्कूल इसकी रिपोर्ट गूगल शीट के माध्यम से समग्र शिक्षा निदेशालय और शिक्षा विभाग के साथ शेयर करेंगे। उम्मीद है कि अबकी बार परख सर्वे में हिमाचल का प्रदर्शन बेहतर होगा।

## तकनीक से जुड़कर ही विकसित भारत की कर सकते हैं संकल्पना : अनिल



बच्चों को जागरूक करने के दौरान मौजूद गणमान्य।

**मुकेश कुमार, डलहौजी**

पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय बकलोह में पीएम श्री योजना के अंतर्गत कक्षा आठ के विद्यार्थियों के लिए पांच दिवसीय इंटरशिप प्रोग्राम 'सर्टिफिकेट कोर्स इनएआई एंड एमएल यूजिंग पाइथन' कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ।

शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य अनिल कुमार द्वारा किया गया। प्राचार्य ने विद्यार्थियों को कहा कि 21वीं सदी के इस तकनिकी दौर में एआई की महत्ता बढ़ती जा रही है।

हम तकनीक के साथ जुड़कर ही विकसित भारत की संकल्पना कर सकते हैं। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य तकनीकी युग में आ रहे नए-नए बदलावों से विद्यार्थियों को रू-ब-रू कराना है। बच्चों में कौशल विकास हेतु आर्टिफिसियल इंटेलीजेंस (एआई) को शामिल किया गया है।

## लोगों ने क्षेत्र को स्वच्छ रखने का लिया प्रण

**अनंत ज्ञान, भरमौर**



जनजातीय गौरव दिवस समारोह के पांचवें दिन आज उपमंडल भरमौर के सभी सरकारी कार्यालयों व पंचायत स्तर पर स्वच्छता अभियान चलाया गया।

इस अवसर पर अधिकारियों व कर्मचारियों और पंचायत स्तर पर स्थानीय लोगों ने मिलकर स्वच्छता अभियान में भाग लिया और क्षेत्र को स्वच्छ रखने का प्रण भी लिया। इस अवसर पर कार्यवाहक अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी भरमौर कुलवीर सिंह राणा भी मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि जनजातीय गौरव दिवस समारोह की गतिविधियों में स्वच्छता अभियान को भी शामिल किया गया है ताकि लोग अपने क्षेत्र के आस-पड़ोस में स्वच्छता को बनाएं रखे। उन्होंने जनजातीय गौरव दिवस में सभी लोगों को भाग लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि इस समारोह को मनाने का मुख्य उद्देश्य सांस्कृतिक परंपराओं का संवर्धन और जनजाति संस्कृति की जीवन शैली को उजागर करना है।

कुलवीर सिंह राणा ने लघु सचिवालय परिसर का निरीक्षण करते हुए कमरों की व्यवस्था का जायजा भी लिया और कार्यक्षेत्र को अधिक सुव्यवस्थित बनाने के दिशा निर्देश जारी किए।

उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश देते कहा कि निकारा और विकार पड़े सामान की एक सूची जल्द से जल्द तैयार की जाएं। किसान प्राकृतिक खेती फॉर्म, कुरुक्षेत्र और राष्ट्रीय डेयरी अनुसंधान संस्थान करनाल में भ्रमण के लिए एडीएम कुलबीर सिंह राणा ने आज भरमौर क्षेत्र के लघु सचिवालय पट्टी से 15 किसानों को और तहसीलदार होली ने गरोला, होली से 15 किसानों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस अवसर पर एडीएम ने कहा कि कृषि विभाग आत्मा परियोजना के अंतर्गत 30 किसानों को सात दिवसीय किसान भ्रमण कार्यक्रम के लिए रवाना किया गया।

## भरमौर में मनाई इंदिरा गांधी की जयंती



**अनंत ज्ञान, भरमौर।** पूर्व प्रधानमंत्री एवं आयरन लेडी इंदिरा गांधी की जयंती भरमौर में धूमधाम के साथ मनाई गई।

इस मौके पर राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ब्रह्मानंद ठाकुर एवं दूसरे कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गरोला में उनकी फोटो पर पुष्प अर्पित किए। इस दौरान ब्रह्मानंद ठाकुर में इंदिरा गांधी के योगदान पर चर्चा की।

## एनएचपीसी चौहड़ा डैम में समाई पिकअप

**अनंत ज्ञान, डलहौजी।** एनएचपीसी चौहड़ा डैम में मंगलवार सुबह एक सब्जी से भरी गाड़ी के अनियंत्रित होकर डैम में समा जाने का मामला प्रकाश में आया है।

जानकारी अनुसार यह गाड़ी पंजाब से सब्जी लेकर तीसा की ओर जा रही थी जो अनियंत्रित होकर चोहड़ा डैम में जा गिरी। स्थानीय प्रशासन मौके पर पहुंचा और जायजा लिया। मौके पर गोताखोरों की भी मदद ली जा रही है जो काम अभी भी जारी है। खबर लिखे जाने तक कोई भी सफलता नहीं मिल पाई थी। थाना प्रभारी खैरी ने बताया कि तीसा क्षेत्र से सब्जी की गाड़ी नहीं पहुंची है। डैम में तैर रही सब्जी इस बात को पुख्ता करती है कि गाड़ी डैम में समा गई है, अभी गोताखोरों की मदद ली जा रही है।

## मंत्रोच्चारण में काव्य शिवालिक स्कूल प्रथम



कार्यक्रम के दौरान मौजूद गणमान्य व विद्यार्थी।

**अनंत ज्ञान, चंबा**

हिमाचल संस्कृत अकादमी शिमला हिप्र द्वारा भरमौर विद्यालय में जिला स्तरीय संस्कृत प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें संस्कृत गीतिका, श्लोकोच्चारण, भाषण, व मंत्रोच्चारण प्रतियोगिता में बच्चों ने भाग लिया।

मंत्रोच्चारण में काव्य शिवालिक स्कूल प्रथम, श्रद्धा राज वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कन्या भरमौर द्वितीय, आकाश राज वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भरमौर तृतीय स्थान पर रहे। भाषण में निकिता गर्ल स्कूल भरमौर प्रथम, अंजलि राज वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खानी द्वितीय, शिवांशु डीएवी भरमौर तृतीय स्थान पर रहे।

संस्कृत श्लोकोच्चारण में शगुन प्रथम, सुजल द्वितीय, भूमिका तृतीय स्थान पर रहे। संस्कृत गीतिका में हर्षिता शिवालिक स्कूल भरमौर प्रथम, भूमिका राज वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कन्या भरमौर द्वितीय, साक्षी पठनीय राज वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खनि तृतीय स्थान पर रहे।

## अवैध शराब सहित युवक गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, चंबा।** सुल्तानपुर पुलिस चौकी के दल को एक राहगीर से 20 लीटर अवैध शराब पकड़ने में सफलता हासिल की।

पुलिस चौकी सुल्तानपुर की टीम ने गश्त के दौरान उक्त व्यक्ति से पूछताछ की तो उससे 20 लीटर अवैध शराब बरामद की गई। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपी को आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को जमानत पर रिहा कर दिया गया।

आरोपी की पहचान 30 वर्षीय सत्य प्रकाश पुत्र त्रिलोकचंद गांव कुंडा डाकघर कुपाहड़ा तहसील में जिला चंबा के रूप में हुई है। इस सारे मामले की पुष्टि पुलिस अधीक्षक चंबा द्वारा की गई है।

## लोगों को बताए तंबाकू के दुष्प्रभाव



तंबाकू के खिलाफ शपथ दिलाते डॉ. विपन।

**अनंत ज्ञान, चंबा**

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग चंबा द्वारा राष्ट्रीय तंबाकू कंट्रोल प्रोग्राम के अंतर्गत चलाए जा रहे तंबाकू फ्री युथ कैंपेन के अंतर्गत चिकित्सा अधिकारियों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता मुख्य चिकित्सा अधिकारी चंबा डॉ. विपन ठाकुर ने की। इस प्रशिक्षण में 22 चिकित्सा अधिकारियों ने भाग लिया।

इस प्रशिक्षण में उन्हें तंबाकू के हानिकारक दुष्प्रभाव तथा कोटपा एक्ट-2003 के बारे में बताया गया, जिसके अधीन कोई भी व्यक्ति सार्वजनिक स्थान पर तंबाकू का सेवन नहीं कर सकता ओर यदि वो ऐसा करता है तो उसे 200 रुपए तक का जुर्माना किया जा सकता है। इस प्रशिक्षण में डॉ. करण हितेषी ने प्रशिक्षक की भूमिका निभाई।

डॉ. वैभवी गुरंग जिला कार्यक्रम अधिकारी चम्बा उनके सहयोगी के रूप में उपस्थित रहे। इस मौके पर जिला स्वास्थ्य अधिकारी जालम सिंह भारद्वाज विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### सूडोकु 00122 (मध्यम)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 6 | | 3 | | 4 | | 8 |
| | 2 | | | | 9 | | 7 | |
| 4 | | | 1 | 6 | | | | 2 |
| | 8 | | | | 2 | | 3 | |
| 1 | | 4 | | | | 2 | | 5 |
| | 3 | | 5 | | | 8 | | |
| 7 | | | | 9 | 5 | | | 3 |
| | 8 | | 6 | | | | 4 | |
| 6 | | 2 | | 7 | | 5 | | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु 00121 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |

## स्वयंसेवियों ने समझे यातायात नियम

**अनंत ज्ञान, धर्मपुर**



शिविर के दौरान सामूहिक चित्र में स्वयंसेवी।

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला हियुण पैहड में, 15 नवंबर से शुरू हुए, राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के, पांचवें दिन स्वयंसेवियों के शैक्षणिक सत्र में, धर्मपुर पुलिस थाना के हेड कांस्टेबल, विधि चंद ट्रैफिक इंचार्ज तथा कांस्टेबल मनजीत सिंह ने स्वयंसेवियों को सड़क सुरक्षा व यातायात के विभिन्न नियमों की जानकारी दी। उन्होंने यातायात के नियमों का पालन न करने पर सजा के तौर पर विभिन्न प्रकार की चालान संबंधी जानकारी दी। अंत में कार्यक्रम अधिकारी चतर सिंह ने विधि चंद हेड कांस्टेबल व मनजीत सिंह कांस्टेबल का यातायात सुरक्षा बारे जानकारी जानकारी देने के लिए धन्यवाद किया।

## दुकान में घुसकर आरोपियों ने की दंबगई

**अनंत ज्ञान, मंडी**

मंडी जिला मुख्यालय स्थित अंतरराज्यीय बस स्टैंड के समीप एक दुकान में घुसकर आरोपियों द्वारा दंबगई मामले की सीसीटीवी फुटेज सोशल मीडिया पर वायरल हुई है। वायरल वीडियो में साफ तौर पर देखा जा सकता है कि वारदात के समय दो युवक दुकान में खड़े हुए हैं और बाहर से एक युवक आकर लात-घूंसों से उनके साथ मारपीट शुरू कर देता है।

इसी दौरान हमलावर युवक का एक अन्य साथी हाथ में हथियार लहराते हुए युवकों को मारने के लिए टूट पड़ता है। इसके बात दुकान में एक के बाद एक कई अन्य आरोपी भी घुसकर दोनों युवकों को मारना शुरू कर देते हैं। इसमें कुछ हमलावरों के हाथों में हथियार भी मौजूद हैं। मामले में दुकानदार ने भी हमलावरों को समझाने की बार-बार कोशिश की। लेकिन हमलावर नहीं माने और युवकों पर ताबड़तोड़ लात-घूंसों तथा हथियारों से वार करते रहे। हमले के दौरान एक महिला द्वारा भी बीच-बचाव किया जा रहा है, लेकिन हमलावर मारपीट की घटना को अंजाम देते रहे। मामले में आरोपियों ने दुकान में रखे हुए सामान को भी तोड़ा है।

पुलिस ने केस दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी। एसपी मंडी साक्षी वर्मा ने बताया कि पुलिस थाना सदर मंडी में गवाहों के बयान दर्ज कर रही है और आरोपियों को सदर थाने में बुलाया गया है और आगामी कार्रवाई जारी है।

अनंत ज्ञान

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी, श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

**मेष:** आज आपकी आर्थिक योजनाएं सफलतापूर्वक सम्पन्न होंगी। किसी मनोहर स्थल पर प्रवास-पर्यटन का आयोजन कर सकेंगे।

**वृषभ:** मन चिंता से परेशान रहेगा। शारीरिक थकान का अनुभव होगा। वरिष्ठ अधिकारियों का व्यवहार नकारात्मक रहेगा।खर्चों पर नियन्त्रण रखने की आवश्यकता है।

**मिथुन:** आज आर्थिक जिम्मेदारियों पर ध्यान देंगे और उन्हें सफलतापूर्वक पूरा कर सकेंगे। आर्थिक लाभ होने की सम्भावनाएं हैं।

**कर्क:** वाद-विवाद और झगड़े से बचें। गुस्से पर काबू रखें। वाणी पर संयम रखना आपके लिए फायदेमंद रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखिएगा।

**सिंह:** आज आपकी वाणी के कारण भ्रांति खड़ी हो सकती है। आवेश और उग्रता के कारण किसी से तकरार न हो जाए इसका ध्यान रखें।

**कन्या :** आज का दिन आपके लिए फायदेमंद है। नौकरी और व्यापार में भी लाभ के संकेत हैं। आय के साधनों में वृद्धि होगी।

**तुला:** आज का दिन आपके लिए बहुत अनुकूल है। घर का वातावरण आनंदप्रद रहेगा। शारीरिक और मानसिक तौर पर आनंदित रहेंगे।

**वृश्चिक:** आज का दिन आपके लिए सुखमय रहेगा। मित्रों के साथ पार्टी या पिकनिक में आज का दिन बहुत अच्छी तरह से बीतेगा।

**धनु :** आज के दिन अपने निजी विचारों को छोड़कर, दूसरों के विचारों पर भी ध्यान देने की सलाह है। घर के काम करते समय सकारात्मक रवैया रखें।

**मकर :** आलस्य, थकान, अशक्ति रहने के कारण अस्वस्थ महसूस करेंगे। मानसिक तनाव हो सकता है। व्यवसायिक क्षेत्र में भाग्य का साथ नहीं मिलेगा।

**कुंभ :** आवश्यक निर्णय लेने के लिए आज का दिन शुभ है। विचारों में स्थिरता से आप अपना कार्य बहुत अच्छी तरह से कर सकेंगे।

**मीन:** मित्रों के साथ प्रवास-पर्यटन का आयोजन करेंगे। भाई-बंधुओं के साथ संबंधों में निकटता आएगी। सामाजिक मान-सम्मान में वृद्धि होगी।

## आज का पंचांग

20 नवंबर, 2024, बुधवार

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत :** 1946 (क्रोधी), **मास :** कार्तिक, **तिथि** पंचमी (4:51): **नक्षत्र** पुनर्वसु (02:50), **पक्ष :** कृष्ण **योग :** शुभ (1:07) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (कोई नहीं), **राहुकाल** (12:06 - 01:26)।

### विशेष दिन

- 20 नवंबर : बूंदी महोत्सव आज होगा समाप्त।
- 20 नवंबर : मायानंद चैतन्य जयंती आज।

# प्रदेश में हरित एवं सतत् विकास साझेदारी परियोजना का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, शिमला**




हिमाचल प्रदेश में भारत-जर्मनी साझेदारी के अंतर्गत हरित एवं सतत् विकास साझेदारी (जीएसडीपी) परियोजना का शुभारंभ किया गया। नीति आयोग की यह परियोजना सतत् विकास लक्ष्यों को स्थानीय स्तर पर हासिल करना सुनिश्चित करेगी। यह परियोजना भारत और जर्मनी के मध्य हरित और सतत् विकास साझेदारी के प्रयासों को प्रदर्शित करती है।

हिमाचल प्रदेश सतत् विकास लक्ष्यों को हासिल करने में देश का प्रमुख राज्य है। इसके दृष्टिगत हिमाचल को इस परियोजना की साझेदारी के लिए चुना गया है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि, मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना ने कहा कि हिमाचल भौगोलिक दृष्टि से देश के अन्य राज्यों से अलग है।

सतत् विकास के लक्ष्यों को हासिल करने की दिशा में इन परिस्थितियों को ध्यान में रखना अत्यन्त आवश्यक है। उन्होंने कहा कि प्रदेश ने हरित एवं सतत् विकास के क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति की है। उन्होंने कहा कि इसके तहत क्षमता निर्माण और नॉलेज एक्सचेंज वर्कशाप संबंधी गतिविधियां आयोजित की जाएगी। हरित और सतत् विकास साझेदारी के लिए विभिन्न हितधारकों के लिए नॉलेज एक्सचेंज वर्कशॉप का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में नीति आयोग के उप-सचिव हेमन्त कुमार और योजना विभाग के प्रधान सलाहकार डॉ. बासू सूद ने भी प्रस्तुति दी।

## सीएंडवी शिक्षकों को बनाएं माध्यमिक स्कूलों का प्रभारी

**अनंत ज्ञान, पधर**

जिला सी एंड वी अध्यापक संघ के जिला मंडी अध्यक्ष दयाराम ने कहा कि शिक्षकों से गैर शिक्षण कार्य न लेना स्वागत योग्य कदम है लेकिन विशेष वर्ग शिक्षक के लिए यह आदेश औचित्यपूर्ण नहीं है।

उन्होंने कहा कि क्या गणित, विज्ञान और अंग्रेजी में उत्तीर्ण होने पर ही विभाग छात्रों को पास कर देगा। छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए सभी विषयों का संतुलन बनाए रखना अति आवश्यक है। यदि परख पर सर्वे की मॉक परीक्षा के आधार पर यह आदेश हुए हैं तो परख सर्वेक्षण की मॉक परीक्षा में छात्र भाषा में भी पिछड़े हैं। भाषा के विकास के लिए विभाग ने क्या कदम उठाया है। क्योंकि बिना भाषा के अन्य विषयों का अध्ययन भी संभव नहीं है। सामाजिक विज्ञान की अपनी कोई भाषा नहीं और ना ही गणित की। इन सभी विषयों का अध्ययन हिंदी भाषा के माध्यम से ही होता है। अब क्या बिना भाषा के इन सभी विषय का विकास हो पाएगा। यदि कार्यभार ही देना है तो वरिष्ठ सी एंड वी अध्यापकों को माध्यमिक स्कूलों का प्रभारी बनाया जाए। उन्होंने शिक्षा निदेशक से मांग की कि इस अधिसूचना को रद्द किया जाए या माध्यमिक स्कूलों का पूरा प्रभार का दायित्व वरिष्ठ सी एंड वी अध्यापकों को दिया जाए।

"मैं किसी दूसरे को सलाह दूं और उसे मैं खुद पर अमल न करूं तो मैं असहज महसूस करता हूं। -लाल बहादुर शास्त्री

## संपादकीय

# भगोड़ों की खैर नहीं

भारत में घोटाला करने के बाद विदेश भागे कारोबारियों का मुद्दा फिर चर्चा में है। दरअसल, ब्राजील के रियो डी जेनेरियो शहर में हुए जी20 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने गए पीएम मोदी ने ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर से मुलाकात कर भगोड़े कारोबारियों का मसला उठा दिया। इस दौरान दोनों नेताओं ने प्रवास यानी माइग्रेशन से जुड़ी प्रक्रिया तेज करने की जरूरत पर सहमति जताई। अब राजनीतिक विशेषज्ञ कयास लगा रहे हैं कि ब्रिटेन जल्द ही कोई एक्शन ले सकता है। भारत के भगोड़े हीरा कारोबारी नीरव मोदी लंदन में रह रहे हैं। वह पंजाब नेशनल बैंक के साथ 13 हजार करोड़ रुपए की बैंक धोखाधड़ी करने के बाद फरार चल रहे हैं। बैंक धोखाधड़ी में दूसरा मुख्य आरोपी और नीरव के चाचा मेहुल चौकसी एंटीगुआ और बारबाडोस की नागरिकता ले चुके हैं। यही नहीं, बैंकों से कर्ज लेकर एक और शख्स लंदन में हैं। मशहूर उद्योगपति और शराब कारोबारी विजय माल्या इस समय लंदन की अदालत में प्रत्यर्पण के खिलाफ केस लड़ रहे हैं। विजय माल्या पर भारतीय बैंकों से 9,000 करोड़ रुपए का ऋण धोखाधड़ी से लेने का आरोप है। संगीतकार नदीम सैफी ने भी भारत से जाकर लंदन में शरण ली थी। सवाल यह है कि भारत में घोटालों को अंजाम देने के बाद ये कारोबारी लंदन ही क्यों जाते हैं? जवाब यह है कि, लोग इसलिए भागकर जाते हैं क्योंकि भारत और ब्रिटेन का उपनिवेश रहा है और इस वजह से वहां की और यहां की कानूनी प्रणाली लगभग एक जैसी है।

ब्रिटेन और भारत के कानूनी जानकार दोनों देशों के कानूनों को बहुत अच्छे से जानते हैं जिससे भागकर गए शख्स को बहुत लाभ होता है। कानूनी वजहों के अलावा ब्रिटेन में भारत के लोगों का वहां होना भी एक बड़ी वजह है जो कुछ लोग भागकर वहां जाते हैं। लंदन में बहुत से भारतवासी रहते हैं जिसके कारण यहां रहना आसान है। यहां पर दक्षिण एशियाई खाना आराम से मिल जाता है। लंदन में बहुत सारे लोगों के पहले से यहां पर ठिकाने हैं। बॉलीवुड के कई बड़े स्टार्स, उद्योगपतियों के यहां घर हैं। पहले से घर होने के कारण भी लंदन में भागकर आने में आसानी होती है। भगोड़ों को भारत वापस लाना इतना आसान नहीं होता, क्योंकि ब्रिटेन में पहुंचने वाले लोगों को न्याय का पूरा मौका दिया जाता है। हालांकि ब्रिटेन से लोगों को प्रत्यर्पित किया जा सकता है, लेकिन इस प्रक्रिया को पूरी कानूनी कार्यवाही से होकर गुजरना होता है। प्रत्यर्पण कार्यवाही के दौरान कानूनी दांव-पेंच का इस्तेमाल होता है और दोनों देशों के कानूनों की जानकारी होना लंदन में काम आती है। अब सवाल उठता है कि क्या कानूनी पेचीदगियों के कारण नीरव मोदी और विजय माल्या जैसे उद्योगपतियों को ब्रिटेन से भारत वापस नहीं ला पाएगा? विजय माल्या के प्रत्यर्पण के मामले में भारत को सफलता मिल सकती है।

भारत बड़ी शक्ति के रूप में उभर रहा है जिसे ब्रिटेन समझता है। ब्रेग्जिट के बाद ब्रिटेन को भारत की जरूरत है। वह भारत के साथ मुक्त व्यापार समझौता करना चाहता है तो इसलिए ब्रिटेन के हक में नहीं है कि वह इन लोगों को अपने यहां रहने दे। हालांकि, फिर भी ब्रिटेन के कानून का मजबूत होना इन लोगों को लंदन में रोके रख सकता है। इन भगोड़े कारोबारियों को प्रत्यर्पण कर वापस भारत लाने के लिए भारत सरकार ने कई प्रयास किए हैं, लेकिन इसमें कई अड़चनें आ रही हैं। प्रत्यर्पण की प्रक्रिया जटिल और समय लेने वाली होती है। इसमें कई कानूनी और प्रशासनिक चरण शामिल होते हैं। प्रत्यर्पण के लिए देशों के बीच समझौता होना आवश्यक है, लेकिन कई देशों के साथ भारत के प्रत्यर्पण समझौते नहीं हैं। कई मामलों में राजनीतिक दबाव के कारण प्रत्यर्पण में देरी होती है। भगोड़े कारोबारी अक्सर अपने अधिकारों की रक्षा के लिए कानूनी सुरक्षा का उपयोग करते हैं। इन अड़चनों के बावजूद, भारत सरकार ने भगोड़े कारोबारियों को प्रत्यर्पण कर वापस लाने के लिए कई प्रयास किए हैं। भगोड़े कारोबारियों पर कार्रवाई भारत-ब्रिटेन संबंधों में पारदर्शिता और विश्वास बढ़ाने के लिए एक अहम कदम साबित हो सकती है। इसके लिए माइग्रेशन और प्रत्यर्पण मामलों में तेजी लाने का निर्णय दोनों देशों के लिए एक सकारात्मक संकेत है। निश्चित रूप से इस पहल से अन्य आर्थिक अपराधियों पर भी कार्रवाई का दबाव बनेगा। ■

# द ग्रेट खली के कद से भी बड़ा माना जाता है उनके कड़े संघर्ष का इतिहास

जैसा कहा भी जाता है कि किसी भी महान व्यक्तित्व के पीछे उसके संघर्षों का एक लंबा इतिहास माना जाता है, जिस कड़ी मेहनत और सुविधाओं के अभाव में कोई भी विशेष व्यक्तित्व मानों शून्य से शिखिर तक का सफर तय करते हैं, ऐसा ही खास उदाहरण हम अपने लेख के माध्यम से आप सभी के सामने लाने का प्रयास करेंगे, वह ऐसा खास व्यक्तित्व है जो कि किसी परिचय का मोहताज नहीं माना जाता है, जिनकी पहचान देश ही नहीं अपितु विदेशों में भी प्रसिद्ध है, ऐसा व्यक्तित्व है जिला सिरमौर से संबंध रखने वाले द ग्रेट खली ऊर्फ दलील राणा जी, जिनका जन्म स्थल शिलाई विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत गांव धिराईना में हुआ, जो कि (धिरवान विरादरी के लिए भी गर्व का विषय है) द ग्रेट खली के छोटे भाई यशपाल राणा जी की जानकारी अनुसार हम परिचय करवाना चाहेंगे, कहां जाता है कि ग्रेट खली का बचपन से ही मानों जिम्मेदारियों और संघर्ष का जैसे चोली दामन का साथ रहा हो, तो वहीं घर की आर्थिक स्थिति भी अनुकूल नहीं मानी जाती थी।

ग्रेट खली ने प्रारंभिक शिक्षा भी पूर्ण नहीं की, तो वहीं परिवार की परवरिश और अपने छह भाइयों को शिक्षा देने के उद्देश्य से शिमला की और रुख किया। जहां उन्होंने यहां तक कि दिहाड़ी मजदूरी का भी काम किया और अपने छह भाइयों और एक बहन को शिक्षा देने में आर्थिक रूप से बड़ा सहयोग और भूमिका रही, जबकि उनके जैसे विशाल और अद्भुत शरीर की पहचान तत्कालीन सरकार एवं आलाधिकारियों ने नहीं की। इस प्रकार उनका संघर्ष भरा जो दौर रहा जिसकी हम शायद कल्पना भी नहीं कर सकते, अर्थात इनको अनेक बार तो दो वक्त की रोटी भी नसीब नहीं हो पाती थी। जिस प्रकार का उनका अद्भुत और विशाल शरीर था। कहां जाता है कि शिमला में उस समय पंजाब पुलिस के कुछ आलाधिकारियों का दौरा हुआ, जिनमें से एक वरिष्ठ पंजाब पुलिस के अधिकारी की नजर ग्रेट खली पर पड़ी, तो जैसे कहा भी जाता है कि (हीरे की पहचान केवल जोहरी) ही कर सकता है जिसको उस समय चरितार्थ किया। उस विशेष पुलिस अधिकारी ने तथा मुलाकात होती है तो ग्रेट खली को पुलिस अधिकारी की और से पंजाब पुलिस में भर्ती होने का सुझाव आता है जिसको ग्रेट खली ने सहजता से स्वीकार भी किया, क्योंकि उस समय कहीं न कहीं उन पर परिवार की जिम्मेदारी भी थी, तो वहीं उन्होंने पंजाब पुलिस के अधिकारी के समक्ष अपने भाई को भी पंजाब पुलिस में भर्ती होने की बात कहीं, क्योंकि ग्रेट खली शायद अपने राज्य से बहार जाने में अपने आप को कहीं न कहीं संकोच सा मान रहे थे, तो वहीं पंजाब पुलिस ने ग्रेट खली के भाई को भी पंजाब पुलिस में भर्ती किया, तो वहीं पंजाब पुलिस के उस आलाधिकारी ने ग्रेट खली जिनका वास्तविक नाम दलीप राणा है, को पंजाब की एक अलग पहचान ग्रेट खली के माध्यम से कहीं न कहीं धरातल पर उतारने का प्रयास किया, जिसमें कहीं न कहीं वह सफल भी हुए तथा ग्रेट खली को तत्कालीन समय में पंजाब पुलिस में एक अलग पहचान और रुतबा हासिल हुआ। पंजाब पुलिस के अधिकारियों ने ग्रेट खली को विश्वसनीय डब्ल्यूडब्ल्यूई जैसे खेलों में जालंधर में परीक्षण दिया।



**लेखक : हेमराज राणा**
स्वतंत्र लेखक, सिरमौर

ग्रेट खली को भी डब्ल्यूडब्ल्यूई में खेलने एवं उत्सुकता कहीं न कहीं जाहिर होती रही, जिसके परिणामस्वरूप ग्रेट खली ने अमेरिकी में रेसलिंग की दुनिया में अपनी विश्वस्तर पर अलग पहचान स्थापित की, अर्थात ग्रेट खली ने विश्व विजेता अंडर टैकर, 22× इत्यादि अनेक धुरंधरों को पराजित कर धुल चटाई, जिसकी दुनिया साक्षी रही और ग्रेट खली ने अपनी काबिलियत और कड़ी मेहनत से दुनिया को यह साबित कर दिया कि यह मायने नहीं रखता कि आप किस क्षेत्र से संबंध रखते हैं और आपका क्या है, अगर किसी भी व्यक्ति में अपने हुनर और कड़ी मेहनत करने का जज्बा हो तो मानों दुनिया में (असंभव जैसे शब्दों) का कोई औचित्य नहीं माना जाता। इस बात को रेसलिंग की दुनिया में खलबली मचाने वाले ग्रेट खली ने हर क्षेत्र में साबित भी किया तो वहीं दूसरी ओर जिस प्रकार आज का युवा कुछ समय की मेहनत और संघर्षों से मुह फेर लेते हैं और या फिर अपने जीवन ज्ञापन करने के लिए गलत रास्ते पर चल पड़ते, जिनका कुछ ही समय में पर्दाफाश और समाज के बीच असली आईना पेश आता है, परंतु आज के युवाओं को ग्रेट खली का जितना बड़ा कद माना जाता है उससे भी अधिक है उनके संघर्षों की एक लंबी कहानी जिसको कदाचित शब्दों में पिरोना नामुमकिन माना जाता है, को जानने की आवश्यकता है।

यहां देखने वाली बात यह भी है कि ग्रेट खली की जो पहचान पंजाब पुलिस के अधिकारी ने की अगर वही पहचान हिमाचल प्रदेश पुलिस के अधिकारी एवं अन्य कोई जनप्रतिनिधियों के द्वारा की जाती तो यकीनन ग्रेट खली को अपने हिमाचल प्रदेश सरकार पर भी गर्व महसूस होता और कहीं न कहीं मन में भाव, परंतु संघर्ष भरे जीवन में ग्रेट खली को तराशने का बखूबी कार्य पंजाब पुलिस ने किया, जिनको तत्कालीन और वर्तमान में भी कहीं न कहीं अनेक प्रकार का लाभ एवं मान सम्मान और प्रतिष्ठा भी ग्रेट खली के माध्यम से प्राप्त हुई। जो एक जमीनी वास्तविकता को दर्शाता है, अर्थात ग्रेट खली ने देश-भर के युवाओं को इस क्षेत्र की ओर आकर्षित और मार्गदर्शन के लिए पंजाब के जालंधर में ही एक सुंदर और अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित अकादमी का भी निर्माण किया है जिसमें वर्षों से इच्छुक और हुनरमंद हष्ट पुष्ट शरीर के स्वस्थ युवाओं को ग्रेट खली के माध्यम से बखूबी परीक्षण दिया जा रहा है। अगर तत्कालीन हिमाचल प्रदेश सरकार तराशने का काम करती तो संभव है कि वह हिमाचल प्रदेश के युवाओं एवं समाज के लिए इस प्रकार के परीक्षणों और मार्गदर्शन से समाज को अनुग्रहित भी करते, परंतु फिर भी ग्रेट खली अपने क्षेत्र समाज की बेहतरी और उज्ज्वल भविष्य के लिए हमेशा तत्पर नज़र आते हैं, तो वहीं युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए जागरूक करने का प्रयास भी करते रहते हैं, जिन ग्रेट खली ने अपनी पहचान मानों शून्य से शिखिर तक स्थापित की। ऐसे ग्रेट खली हमेशा अपने देव भूमि हिमाचल प्रदेश और जिला सिरमौर के लोगों की किस तरह से सेवा हो सकें, हमेशा तत्पर रहते हैं। हाल ही में जिस प्रकार जिला सिरमौर के गताधार क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा देने और सिरमौर की एक सौ ग्यारह विशिष्ट हस्तियों को गाताधार के जागरूक युवाओं द्वारा 23 नवंबर को सम्मानित करने का प्रयास किया जा रहा है, जिसकी हरेक क्षेत्रों में भूरी भूरी प्रशंसा भी हो रही है। ऐसे सराहनीय कार्यक्रमों में ग्रेट खली ऊर्फ दलील राणा जी मुख्यातिथि के रूप में शिरकत करेंगे, जहां वह सभी को सम्मानित और मार्गदर्शन भी करेंगे। इस प्रकार ग्रेट खली के व्यक्तित्व पर मानों जितना लिखा जाएं कम ही होगा। एक रोचक तथ्य और इतिहास यह बात माना जाता है कि जब जिला सिरमौर में आने से पहले ( धिरवान बिरादरी) का इतिहास दोहराया जाता है, जिसमें शुरुआत दौर में बड़े बुजुर्गों एवं बुद्धिजीवियों द्वारा दोहराया जाता है कि उत्तर प्रदेश के बिजनौर में धिरवान बिरादरी रहतीं थीं, तत्कालीन सैकड़ों वर्षों पूर्व भी ग्रेट खली के जैसे एक विशाल एवं अद्भुत शरीर वाला एक व्यक्ति माना जाता था।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## नजरिया

# 'खो-खो' के वर्ल्ड कप से भारतीय खेल को विश्व स्तर पर पहचान मिलेगी

भारत के माटी के खेल, खो-खो का पहली बार वर्ल्ड कप होने जा रहा है। खो-खो फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित और भारतीय युवा मामले और खेल मंत्रालय द्वारा समर्थित इस टूर्नामेंट का उद्देश्य देसी खेल 'खो खो' को वैश्विक मंच पर लाना है। खो-खो वर्ल्ड कप 13 से 19 जनवरी को नई दिल्ली में आयोजित किया जा रहा है। महाभारत कालीन के इस खेल को आज दुनिया के पटल पर लाने की जोरदार कोशिश की जा रहा है।

भारत के प्राचीन खेल 'खो-खो' के पहले वर्ल्ड कप के आयोजन से भारतीय मिटटी से जुड़े इस खेल को वैश्विक स्तर पर पहचान स्थापित करने में मदद मिलेगी और भविष्य में ओलिंपिक और एशियाई खेलों में प्रवेश का रास्ता प्रशस्त हो जाएगा। पीछा करने के सदियों पुराने रोमांचक खेल 'खो-खो' की जड़ें भारतीय पौराणिक कथाओं में हैं। इतिहास में इसका बर्णन मौर्या शासनकाल चौथी ईसा पूर्व में मिलता है। 'खो-खो' खेल का वर्णन महाभारत काल में भी किया गया है। इस खेल के आधुनिक स्वरूप की शुरुआत महाराष्ट्र में हुई थी, जो कि आज दुनिया के सभी महाद्वीपों तक पहुंच गया है। वर्ष 1914 में बाल गंगाधर तिलक ने पहली बार 'खो-खो' खेल के नियमों पर रूल बुक लिखी। विश्व के खेल इतिहास में 'खो-खो' की एंट्री 1936 में बर्लिन ओलिंपिक में डेमो खेल से मानी जा सकती है।



**लेखक : सुधांशु मित्तल**
स्वतंत्र टिप्पणीकार

जब अडोल्फ हिटलर ने इस खेल को सराहा। वर्ष 1996 में पहली बार 'खो-खो' की पहली एशियाई चैंपियनशिप आयोजित की गई। वर्ष 2010 में इस खेल को पहली बार इंडोर मेट पर खेलना शुरू किया गया। 'खो-खो' फेडरेशन ऑफ इंडिया का लक्ष्य है कि 2032 में होने वाले ओलंपिक में इस खेल को शामिल किया जाए। भारत सरकार कई स्वदेशी खेलों को बढ़ावा दे रही है और 2025 में 'खो-खो' विश्व कप के उद्घाटन संस्करण की मेजबानी करना उसी दिशा में एक कदम है। भारत के प्राचीनतम खेलों में से एक 'खो-खो' के इस विश्व कप का उद्घाटन संस्करण का आयोजन 13 से 19 जनवरी 2025 के बीच नई दिल्ली में होगा। इस समय 'खो-खो' विश्व के सभी महाद्वीपों 54 देशों में खेला जा रहा है तथा 2025 के अंत तक 'खो-खो' दुनिया भर के 90 देशों में अपनी उपस्थिति रजिस्टर कर लेगा।

इस वर्ल्ड कप में इंग्लैंड, जर्मनी, हॉलैंड और संयुक्त राज्य अमेरिका सहित छह महाद्वीपों के 24 देश भाग लेंगे, जिनमें 16 पुरुष और 16 महिला टीमें शामिल होंगी। जबकि कुछ देश ऑब्जरवेशन डेलिगेट भेजेंगे। प्रत्येक 'खो-खो' टीम में 18 सदस्य होंगे, जिसमें 15 खिलाड़ी, 01 कोच, 01 मैनेजर और 01 सपोर्ट स्टाफ का सदस्य होगा। इसमें भाग लेने वाली टीमें इंदिरा गांधी स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स में आगामी 8 जनवरी से प्रैक्टिस सेशन में भाग ले सकेंगी तथा पूरे परिसर में पीले और हरे रंग की कुल 1200 प्रैक्टिस मैट्स बिछाई जाएंगी। इस चैंपियनशिप में अफ्रीकी महाद्वीप से घाना, केन्या, दक्षिण अफ्रीका और युगांडा अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। एशिया का प्रतिनिधित्व मेजबान भारत के साथ दक्षिण कोरिया, पाकिस्तान, श्रीलंका, भूटान, बांग्लादेश, नेपाल इंडोनेशिया, ईरान, और मलेशिया, करेंगे। यूरोप से जर्मनी, नीदरलैंड पोलैंड और इंग्लैंड, प्रतिभागी होंगे जबकि उत्तरी अमेरिका का प्रतिनिधित्व अमेरिका और कनाडा करेंगे। दक्षिण अमेरिका महाद्वीप से पेरू और ब्राजील की टीमें होंगी, जबकि न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया ओशिनिया की टीमें होंगी।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## अपनी बात

**नशा** एक बहुत ही भयंकर गंदगी है, जो कि दिन-प्रतिदिन समाज में धुंए की तरह फैलती जा रही है। नशा करना तो दूर नशा करने के लिए प्रेरित करना भी एक घोर पाप है। नशे से एक घर ही नहीं अपितु सारा समाज भी खाई में डूबता नजर आता है जो केवल एक जीव की ही नहीं, बल्कि सारे समाज की बर्बादी है। नशे के कारण लोग दिन प्रतिदिन हिंसा, शोषण, बलात्कार, दुर्घटना जैसे अमानवीय कृत्य हो रहे है, इसलिए हमें नशे से दूर करने के लिए उन्हें समझाना चाहिए और नशे के विरुद्ध आवाज उठाना चाहिए जिससे समाज खुशहाल जीवन बिता सकेगा। नशा परिवारों को बर्बाद करने का माध्यम है, नशा देशों को भी बर्बाद करता है। नशा एक सामाजिक बुराई है जो समाज के साथ-साथ सेहत के भी खतरनाक है इस बुराई को हम जागरूकता से ही खत्म कर सकते हैं। **विपिन,टांडा**

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### भारतीय महिला फ्रीस्टाइल पहलवान

**बबीता** फोगाट एक भारतीय महिला फ्रीस्टाइल पहलवान हैं जिन्होंने 2010 के राष्ट्रमंडल खेलों में रजत पदक जीता है। उन्होंने 2012 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता और 2014 राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीते। बबीता फोगाट राष्ट्रमंडल खेलों की विजेता गीता फोगाट की बहन हैं। बबीता फोगाट का जन्म हरियाणा में भिवानी जिले के छोटे से गांव बलाली के हिंदू-जाट परिवार में हुआ था। ये गीता फोगाट की बहन हैं। बबीता फोगाट पहलवान और द्रोणाचार्य पुरस्कार प्राप्तकर्ता महावीर सिंह फोगाट की बेटी हैं। उनकी सबसे छोटी बहन रितु फोगाट वह एक अंतरराष्ट्रीय स्तर पहलवान हैं और 2016 राष्ट्रमंडल कुश्ती चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीत चुकी हैं। उनकी छोटी बहन, संगीता फोगाट भी एक पहलवान हैं। 2009 से 2015 तक बबीता ने सभी कॉमनवेल्थ, एशियन गेम्स में हिस्सा लिया है, जहां उन्होंने बहुत से पदक अपने नाम किए। बबीता फोगाट, उनकी बहनों और चचेरे भाइयों ने हरियाणा में अपने गांव की महिलाओं और लड़कियों के प्रति दृष्टिकोण में बदलाव के लिए विशेष योगदान दिया है। बबीता फोगाट चाहती हैं कि उनके गांव वालों की सोच बदले और वे लोग भी अपनी बेटियों को पढ़ा-लिखा कर आगे बढ़ायें ।बबीता फोगाट राष्ट्रमंडल खेलों की विजेता गीता फोगाट की बहन हैं। बबीता फोगाट का जन्म हरियाणा में भिवानी जिले के छोटे से गांव बलाली के हिंदू-जाट परिवार में हुआ था। ये गीता फोगाट की बहन हैं। बबीता फोगाट पहलवान और द्रोणाचार्य पुरस्कार प्राप्तकर्ता महावीर सिंह फोगाट की बेटी हैं। ■



**बबीता फोगाट**
**जन्म :** 20 नवंबर, 1989

## ग़ज़ल

### दूजे दयार में



*रक्षा कुमारी खनियारा*

*हर शख्स ही सही है अपने मयार में,*
*जब तक न जाए परखा दूजे दयार में।*
*महफिल के मेले कर दें गर भीड़ में अकेला,*
*यकीनन दिल है धड़का तेरे इंतजार में।*
*मासूमियत का दौर अब कब का रवां है दिल में,*
*नजरों के दायरे रहते कब इख्तियार में।*
*रहती नजर है आइने की हसीन सूरतों पे,*
*रहते हैं अक्स धड़कते सूनी कतार में।*
*नजरों का हश्र होगा आएगी जब कयामत,*
*ढूंढेंगी फिर मुआफी हरेक गुनहगार में।*
*पतझड़ खबर है रखता मौसम खिजा का जानम,*
*कि फूल कब चमन का खिलेगा बहार में।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 पर भेज सकते हैं।**

# बच्चों के लिए सदैव छोटी और कम पंक्तियों वाली कविताएं ही लिखनी चाहिए

सबसे पहले तो यही कहूंगा कि बच्चों के लिए कुछ भी लिखना आकाश यानी आसमान में छेद करने जैसा है। बच्चों के लिए लिखते हुए अपने को बच्चों जैसा बनना पड़ता है मतलब बड़ी उमर के होते हुए भी बच्चा बनना पड़ता है। उनकी तरह ही जिज्ञासु और जिद्दी होना बड़ा कठिन काम है। किसी बात को लेकर जब बच्चा कुछ जानने की इच्छा रखता है तो उसका बिलकुल सटीक और सही उत्तर देना हम सबका कर्तव्य तो बनता ही है न और बच्चे की उसी जानने की ख्वाहिश को किसी रचना में परिपूर्ण करना कितना जोखिम भरा है, बताने की आवश्यकता नहीं है ,यह बाल साहित्य लिखने वाले बखूबी जानते हैं।

यहां यह कहना कि बच्चों को समझना और समझाना सरल है , नहीं यह बात बिलकुल भी सही नहीं है। सबसे मुश्किल काम ही बच्चों को समझना और समझाना है और इस कड़ी में बच्चों का भी अपना वर्गीकरण है। बच्चे शहरी हैं तो ग्रामीण क्षेत्र से भी हैं। बहुत अमीर हैं तो बेहद गरीबी भरे वातावरण में रहते बच्चे भी हैं। मेहनतकश बच्चे हैं तो बेहद शरारती और निकम्मे भी, लेकिन आखिर हैं तो बच्चे ही न। बहुत से बच्चों ने रेल देखी है तो अनेक बच्चे इस बात से भी अनभिज्ञ हैं कि ट्राम कहां और किन स्थानों पर चलती थी या चलती होगी। सबसे पहले तो बच्चों को यही जान लेना आवश्यक हो जाता है कि ट्राम होती ही क्या है और जब बाल साहित्यकार अपनी कहानियों लेखों कविताओं या फिर अपने यात्रा संस्मरणों में इन विषयों पर लिखते हैं तो बच्चे इसी बात को लेकर उत्साहित तो होंगे ही, बल्कि उसे जानने की और अधिक कौशिश करेंगे कि ट्राम है क्या और रेल तथा ट्राम में अंतर क्या है। यह बात भी स्पष्ट करता चलूं कि ट्राम और ट्रेन में अंतर को शायद एक शिक्षित बच्चा उतनी अच्छी तरह प्रस्तुत न कर पाए, किंतु जगह-जगह कूड़ा कबाड़ इकट्ठा करते बच्चे बड़ी सरलता से यह स्पष्ट कर देंगे। क्यों ? आइए ! यह भी बताता हूं, क्योंकि कबाड़ समेटते बच्चे अन्यंत्र स्थानों में बारह महीने घूमते फिरते रहते हैं।

बेशक वह पढ़े लिखे नहीं हैं, किंतु उन्होंने कलकत्ता जैसे महानगर में आज भी ट्राम को चलते हुए देखा है जो सन 1873 से निरंतर अपनी गति जारी रखे हुए है, जबकि आज असंख्य शिक्षित बच्चों को या तो ट्राम के बारे में जानकारी ही नहीं होगी और यदि होगी भी तो वह यह नहीं जानते होंगे कि यह आज के संदर्भ में कहां कहां या किस शहर में चलती है। वैसे दिल्ली में भी कभी ट्राम रेंगती फिरती थी। हम बाल साहित्यकारों के हिस्से में यह बेहद गंभीर और आवश्यक उत्तरदायित्व है कि हम इन सभी विषयों पर विस्तार से लिखें और बिलकुल सटीक और सही जानकारियां बच्चों अपने साहित्य के माध्यम से दें। कहा जाए तो भले ही आज का मानव चांद पर पहुंचने में सक्षम है, किंतु फिर भी साहित्य का रुतवा न तो कभी कम हुआ हो और न ही कभी होगा। पुरातन काल से ही साहित्य लिखा जाता रहा है और पाठकों को परोसा जाता रहेगा, जिसमें हमारे बाल पाठक यानी हमारे नन्हें मुन्ने निश्चित रूप से शामिल हैं। हम यह भी जानते हैं कि बच्चों को गीत नाटक कार्टून और कविताएं मन को भाती हैं और यह भी कि वह कविताओं को बहुत जल्दी कंठस्थ कर लेते हैं क्योंकि ऐसा ही कुछ हम सबने भी किया है। अपना बचपन याद करें तो हमने भी अनेक पत्रिकाएं और कामिक्स पढ़े हैं।



**लेखक : राजेंद्र पालमपुरी**
स्वतंत्र टिप्पणीकार

इनमें सुमन सौरभ, चंपक, लोटपोट, बाल भारती, बाल हंस, बाल भास्कर, नन्हें सम्राट, नंदन, हंसती दुनिया, स्नेह, बाल वाटिका, बाल वाणी, देवपुत्र, बच्चों का देश, बाल प्रहरी आदि बाल पत्रिकाएं आसानी से मिल जाती हैं। इन बाल पत्रिकाओं को पढ़ने से बाल साहित्यकारों के बारे में भी जानकारी मिलती है। जैसे चिरैया बाल पत्रिका बाल सखा पत्रिका बाल साहित्य समीक्षा (मासिक) बालहंस (पाक्षिक) चकमक (मासिक) लल्लू जगधर (छमाही) लोटपोट (पाक्षिक) अभिनव, देवपुत्र, देवपुत्र दोस्त नन्हे सम्राट, नव मधुवन, साइकिल, मोटू पतलू, चाचा चौधरी, फैंटम और प्रमुख बाल पत्रिकाएं जैसे बालहंस, सुमन सौरभ, बाल भारती, चकमक नंदन, पराग, चंदामामा, बाल प्रहरी आदि बाल विकास और बाल मनोरंजन की असंख्य बाल पत्रिकाएं हैं जिन्हें आज के संदर्भ में बच्चों को पढ़ना और पढ़ाना बेहद आवश्यक समझता हूं मैं । हां यहां एक बात कहना तो भूल ही गया मैं, कि 1974 में प्रदर्शित हुई फिल्म 'दोस्त' में आनंद बख्शी द्वारा लिखा गया गीत 'गाड़ी बुला रही है, सीटी बजा रही है' आज के संदर्भ में उपयुक्त नहीं बैठता, क्योंकि आज की रेलगाड़ी सीटी नहीं बल्कि बस ट्रक और कार की ही भांति हॉर्न बजाती है और वह धुआं उड़ाता रेल का इंजन भी कहीं नहीं दिखता और इस प्रकार समय समय में हुए बदलावों पर हर साहित्यकार का यह उत्तरदायित्व बन जाता है कि वह अपनी रचनाओं के माध्यम से पाठकों को अप टू डेट यानी नवीनतम जानकारियां देता रहे। वैसे तो यह काम हमारी पाठ्य पुस्तकें भी करती हैं किंतु ऐसा भी कदापि संभव नहीं हो सकता कि हर वर्ष या हर छमाही और तिमाही किताबें बदली जाएं, जबकि कवि लेखक और साहित्यकार यह पुनीत कार्य जब चाहें कर लेते हैं और कर सकते हैं। बाल पाठकों की रुचि के मद्दे नजर भी हमें अपनी रचनाओं में रोचकता, मधुरता और लय का भी ध्यान रखना होगा। बहुत लंबी रचना भी बच्चों को अरुचिकर लगती है। भले ही चाहे वह कविता या कहानी ही क्यों न हो । बाल मनोविज्ञान तो यह भी कहता है कि बच्चा कुछ पलों से अधिक न तो चुप ही रह सकता है और न ही वह एक स्थान पर लंबे समय तक बैठ ही सकता है। फिर हमें खुद तय करना होगा कि हम बच्चों के लिए क्या सृजन करें और बाल मन के लिए लिखने की और क्या संभावनाएं हो सकती हैं। अपनी रचनाओं में हमें सरल भाषा और लघु संवादों यानी छोटे छोटे संवादों का उपयोग करना होगा। हमें बच्चों के लिए लिखते हुए सदैव छोटी-छोटी और कम पंक्तियों वाली कविताएं ही लिखनी चाहिएं ताकि बच्चा उन्हें कंठस्थ करने में सहजता महसूस करे। मैं स्पष्ट लफ्जों में यह भी कहता चलूं कि आने वाले समय के लिए हम साहित्यकारों को बाल साहित्यकार पैदा करने होंगे और यह तभी संभव हो सकेगा जब हम अपनी 'श्रेष्ठता' के अहम को ताक पर रखकर यह पुनीत कार्य करने को सदैव तत्पर होंगे, प्रयत्नशील होंगे।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# आधुनिक डिजिटल युग में दवा के साइड इफेक्ट

आज के आधुनिक डिजिटल युग में अधिकांश काम कंप्यूटर और मोबाइल फोन के जरिए एक जगह बैठकर हो रहे हैं, ऐसे में परिवार को स्वस्थ रखना एक चुनौतीपूर्ण कार्य बन गया है। अधिकांश घरों में किसी न किसी रूप में दवाइयां नियमित रूप से ली जाती हैं। हर दिन नई-नई बीमारियां सामने आ रही हैं, जो देश-विदेश के डॉक्टरों को चुनौती दे रही हैं। हर दिन नई-नई दवाइयां खोजी जा रही हैं, फिर भी मरीजों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। जरा सा भी बीमार पड़ते ही हम डॉक्टर के पास यह सोचकर जाते हैं कि गोली, इंजेक्शन आदि से हम स्वस्थ हो जाएंगे, लेकिन एक बीमारी में आराम मिलता है, तो दूसरी बीमारी लग जाती है। अगर कोलेस्ट्रॉल में आराम मिलता है तो कोलेस्ट्रॉल की दवा के साइड इफेक्ट से बीपी या डायबिटीज होने का खतरा रहता है।

आज हर आधुनिक दवा के साइड इफेक्ट देखने को मिल रहे हैं। हम इसी भ्रम में फंसकर अपना समय गोलियों और इंजेक्शन में ही गुजारते रहते हैं। स्वस्थ मरीजों को हम भूल गए हैं। एक और बात यह भी गौर करने लायक है कि आजकल ज्यादातर लोग आईसीयू में ही मरते हैं। अस्पताल में डॉक्टर आखिरी समय तक इंजेक्शन और दवाइयों की खुराक देते रहते हैं, चाहे शरीर मर रहा हो या नहीं। आखिर में बात यहां तक पहुंच जाती है कि घरवाले कहने लगते हैं, हे भगवान, अब इसे ले जाओ, हम इसका दर्द नहीं देख सकते। शायद कोई भगवान हो जिसे असली जीवन मिल जाए। क्या हमने कभी सोचा है कि जानवर भी बीमार पड़ते हैं, अगर होते भी हैं, तो वह कैसे ठीक होते हैं? हां, पालतू जानवर अपवाद हैं, क्योंकि वे अपना स्वाभाविक प्राकृतिक जीवन नहीं जी पाते। फिर भी हमने देखा है कि जब जंगली जानवर या पालतू जानवर बीमार पड़ते हैं, तो वे या तो खाना खाना बंद कर देते हैं या फिर पालतू जानवर भी घास खाने लगते हैं।



**लेखक : संजय गोस्वामी**
स्वतंत्र टिप्पणीकार

हम उपवास करके या अपनी कार, मोटरसाइकिल या कमरे के बारे में पढ़कर खुद को स्वस्थ रखते हैं। हम जिज्ञासावश अपनी कार, मोटरसाइकिल या कमरे के बारे में पढ़कर आधिकारिक जानकारी प्राप्त करने की कोशिश करते हैं, लेकिन हम अनुभवी बने रहना चाहते हैं या शरीर विज्ञान में हमारी रुचि नहीं है। वास्तविक जीवनशैली जो भी है, हमने उसे हल्के में ले लिया है। आखिर हम कितने डरे हुए हो गए हैं? क्या इससे बीमारी आती है? क्या दवा से बीमारी ठीक हो सकती है? हां, कुछ समय के लिए बीमारी के लक्षण दवा के असर से दब जाते हैं और गायब हो जाते हैं, लेकिन बीमारी दूर नहीं होती। हम इंसान खुद को बहुत बुद्धिमान समझते हैं, लेकिन बीमारी के निदान के मामले में हम जानवरों से भी पीछे हैं। साइड इफेक्ट, जिन्हें प्रतिकूल प्रतिक्रिया के रूप में भी जाना जाता है, अवांछित अवांछनीय प्रभाव हैं जो संभवत: किसी दवा से संबंधित होते हैं। साइड इफेक्ट नाक बहने जैसी छोटी समस्याओं से लेकर दिल का दौरा पड़ने या लीवर को नुकसान जैसी जानलेवा घटनाओं तक हो सकते हैं।

कई चीजें इस बात को प्रभावित कर सकती हैं कि दवा लेने पर किस पर साइड इफेक्ट होता है अन्य दवाओं, विटामिन या आहार पूरक का उपयोग या अन्य अंतर्निहित बीमारियां या स्थितियां उदाहरण के लिए, ऐसी बीमारियां जो प्रतिरक्षा प्रणाली को कमजोर करती हैं या गुर्दे या लीवर के कार्य को प्रभावित करती हैं। आम साइड इफेक्ट में पेट खराब होना, मुंह सूखना और उनींदापन शामिल हैं। साइड इफेक्ट को गंभीर माना जाता है अगर इसका परिणाम, मृत्यु, जीवन के लिए खतरा, अस्पताल में भर्ती होना, विकलांगता या स्थायी क्षति, या गर्भधारण से पहले या गर्भावस्था के दौरान एक्सपोजर के कारण जन्म दोष, ये हो सकते हैं। कोई नई दवा या आहार पूरक उदाहरण के लिए, विटामिन लेना शुरू करते हैं कोई ऐसी दवा लेना बंद कर देते हैं जो आप कुछ समय से ले रहे हैं, या आप जो दवा ले रहे हैं उसकी खुराक (मात्रा) बढ़ा या घटा देते हैं। आपके प्रिस्क्रिप्शन दवाओं के साइड इफेक्ट के बारे में जानने और साइड इफेक्ट का अनुभव करने के अपने जोखिम को कम करने के कई तरीके हैं। उदाहरण के लिए, आपका स्वास्थ्य सेवा पेशेवर मतली की संभावना को कम करने के लिए दवा को भोजन के साथ लेने या अन्य दवाओं के साथ दवा न लेने की सलाह दे सकता है।

जब आप अपना प्रिस्क्रिप्शन प्राप्त करते हैं तो दवा के बारे में जानकारी के लिए अपने स्वास्थ्य सेवा पेशेवर से पूछें रोगियों के लिए एफडीए स्वीकृत लेबलिंग में दवा गाइड और रोगी जानकारी शामिल है। इन दस्तावेजों में संभावित सामान्य और गंभीर साइड इफेक्ट शामिल होंगे। फार्मेसी लेबल और किसी भी स्टिकर को पढ़ें जो प्रिस्क्रिप्शन की बोतल या बॉक्स से जुड़ा हो सकता है। लेबल और स्टिकर में दवा लेने के तरीके और संभावित साइड इफेक्ट के बारे में जानकारी हो सकती है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### कांगड़ में सामाजिक बुराइयों के विरुद्ध जागरूक किया



**अनंत ज्ञान, हरोली।** हरोली के तहत पीएम श्री राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कांगड़ में सात दिवसीय एनएसएस शिविर सोमवार को संपन्न हुआ। समापन समारोह में रिटायर्ड प्रिंसिपल व एडवोकेट धर्मपाल ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने स्वयंसेवियों द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की। शिविर में 28 एनएसएस वालंटीयर्स भाग ले रहे हैं। स्कूल प्रधानाचार्य स्नेहलता शर्मा, एनएसएस प्रभारी संदीप कुमार, सह प्रभारी गुरप्रीत कौर और स्टाफ के अन्य सदस्यों ने मुख्य अतिथि को सम्मानित किया।

### नारी स्कूल बना ओवरऑल चैंपियन



**अनंत ज्ञान, ऊना।** धमांदरी स्कूल में चल रही प्राथमिक स्कूलों के लड़कों एवं लड़कियों की खंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का समापन हुआ। लड़कों की कबड्डी में नारी ने पहले व बदोली ने दूसरा स्थान पाया। लड़कों की खो-खो प्रतियोगिता का खिताब नारी ने जीता और हारसा स्कूल दूसरे स्थान पर रहा। लड़कियों की खो-खो प्रतियोगिता भी नारी स्कूल प्रथम व दूसरे स्थान पर बडूही स्कूल रहा। इसके अतिरिक्त एथलेटिक्स लड़के व लड़कियों की प्रतियोगिता में भी नारी स्कूल ने प्रथम स्थान प्राप्त कर ओवरऑल चैंपियन का खिताब लगातार दूसरे वर्ष अपने नाम किया। वॉलीबाल लड़कों की प्रतियोगिता में तलमेंडा प्रथम और दूसरा स्थान अमरोह ने प्राप्त किया एवं वॉलीबाल लड़कियों की प्रतियोगिता में हारसा एवं घंडावल ने क्रमशः प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कबड्डी लड़कियो का खिताब धमांदरी स्कूल ने जीता एवं उपविजेता घंडावल रहा। समापन समारोह के मुख्य अतिथि राज्य पुरस्कार से सम्मानित केंद्र मुख्य शिक्षक नारी ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरित किए।

### धुसाड़ा अस्पताल में बच्चों ने सीखा योग



**अनंत ज्ञान, ऊना।** जिला स्वास्थ्य विभाग की ओर से आयुष्मान भारत के तहत धुसाड़ा अस्पताल में बच्चों के लिए योग शिविर का आयोजन किया गया। इसमें ज्योति पब्लिक हाई स्कूल के 20 बच्चों ने शिरकत की। धुसाड़ा की आशा वर्कर निशा देवी तथा अस्पताल का समस्त स्टाफ भी उपस्थित रहा। योग शिक्षक संदीप कुमार ने बच्चों के लेवल का का योग और प्राणायाम खुद करके बच्चों से करवाया। अस्पताल में तैनात डॉ. विकास कुमार ने भी बच्चों को बताया कि यदि योग व प्राणायाम को हर रोज करेंगे तो हमेशा निरोग रहेंगे और पढ़ाई में भी मन लगेगा। उन्होंने कहा कि योग व प्राणायाम को अपने तक ही सिमित न रखें, घर जाकर अपने परिवार के सदस्यों को भी इनके लाभों के बारे में जानकारी दें।

### एनसीसी कैडेट्स की रैंक सेरेमनी आयोजित



**विवेक शर्मा, अंब।** महाराणा प्रताप गवर्नमेंट डिग्री कॉलेज अंब के एनसीसी कैडेट्स द्वारा मंगलवार को रैंक सेरेमनी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की शुरुआत कैडेट शिवांग के द्वारा प्राचार्य से अनुमति लेकर की गई। कैडेट कृतिका शर्मा तथा कैडेट मुस्कान के द्वारा मनसंचालन को संभाला गया। इस सेरेमनी में मुख्यातिथि के रूप में महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. दर्शन कुमार, एएनओ लेफ्टिनेंट अनिल वर्मा, प्रो. रेखा शर्मा, प्रो.अमित शर्मा तथा अन्य अध्यापक शामिल रहे द्य इस कार्यक्रम में 42एनसीसी कैडेट शामिल रहे तथा प्रिंसिपल प्रो. दर्शन कुमार ने एनसीसी कैडेट्स का मार्गदर्शन किया। कॉलेज प्रिंसिपल प्रोफेसर दर्शन कुमार के द्वारा सभी रैंक होल्डर्स को शपथ दिलाई। स कार्यक्रम के अंत में लेफ्टिनेंट अनिल वर्मा ने सभी कैडेट्स को एनसीसी कैडेट्स की उपलब्धियों के बारे में बताया।

### पार्षद मंजू सैनी से व्यक्ति ने किया अभद्र व्यवहार

**ऊना।** संतोषगढ़ नगर परिषद के वार्ड 4 की सदस्य ने एक व्यक्ति पर उनसे अभद्र व्यवहार करने का आरोप लगाया है। वार्ड सदस्य मन्जु सैनी ने पुलिस की दी शिकायत में बताया कि 18 नवंबर को उन्होंने वार्ड में गंदे नाले की सफाई के लिए जेसीबी मशीन बुलाई थी। जब जेसीबी चालक अनिल ने नाले की सफाई करनी शुरू की तो उसी समय स्वर्ण सिंह मौके पर पहुंचकर उन्हें अश्लील गालियां देने लगा, जब उसे समझाने की कोशिश की तो स्वर्ण सिंह एकदम आग बबूला हो गया और इसे फट्टा लेकर मारने दौड़ पड़ा। गलत नीयत से उसे गले से पकड़ा और गले के पास से कमीज फाड़ दी। इस संबंध मामला दर्ज किया गया है।

### स्व. इंदिरा गांधी की जयंती पर लगाया रक्तदान शिविर



**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** भारत की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जयंती पर मंगलवार को कुटलैहड़ विस क्षेत्र के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मंदली में रक्तदान शिविर का आयोजन स्कूल प्रिंसिपल देवेंद्र चौहान द्वारा किया गया। इसमें कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा ने शिरकत करके स्व. इंदिरा गांधी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करके श्रंद्धाजलि दी और उसके बाद बल्ड भी डोनेट किया। इस रक्तदान शिविर में करीब 21 रक्तदानियों ने रक्तदान किया।

### धूमधाम से मनाया वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** उपमंडल बंगाणा के साइंस भवन का उद्घाटन आने वाली पहली अप्रैल को करके भवन छात्रों को समर्पित होगा। अधूरे भवन के निर्माण कार्य को पूरा करने के लिए जितने भी धन की जरूरत होगी, उसे हम मुहैया करवाएंगे, लेकिन उक्त ठेकेदार और लोक निवि इस भवन निर्माण कार्य में तेजी लाएं ताकि नए सत्र में यह भवन छात्रों को समर्पित हो सके। ये शब्द उपमंडल बंगाणा के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, बंगाणा में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में पहुंचे मुख्य अतिथि विधायक विवेक शर्मा ने संबोधन में रहे। ीविद्यालय के प्रधानाचार्य ने मुख्यातिथि और अन्य गणमान्य अतिथियों का स्वागत करते हुए विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। बहीं, स्कूल की मांग पर मुख्यातिथि विवेक शर्मा ने 10 लाख बैडमिंटन कोर्ट का कार्य पूरा करने के लिए, 5 लाख शौचालयों के लिए, 5 लाख ब्लॉक डालने के लिए एवं साइंस भवन के अधूरे कार्य को पूरा करने के लिए अतिरिक्त धन देने, स्कूल के सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए 5100 ओर प्राइमरी स्कूल के लिए 2100 रूपये देने की घोषणा की।

### गुर्जर कॉलेज बीटन में टीम का निरीक्षण

**अनंत ज्ञान, ऊना।** राजकीय महाविद्यालय बीटन में एसएआर टीम द्वारा महाविद्यालय का निरीक्षण किया गया। इस टीम में जुखाला महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ध्रुव पाल सिंह, राजकीय महाविद्यालय घंडावली की प्राचार्य डॉ. रिता शर्मा तथा अन्य सदस्य गण महाविद्यालय के मूल्यांकन हेतु उपस्थित रहे। मूल्यांकन के उपरांत सदस्यों द्वारा रिपोर्ट की सराहना की गई। निरीक्षण के समापन पर महाविद्यालय के समग्र एवं कुशल प्रबंधन हेतु टीम ने महाविद्यालय की प्राचार्य को भी बधाई दी।

# डीसी जतिन ने लालसिंगी में दुर्घटनास्थल का किया दौरा

## जांच के बाद अधिकारियों को नाले पर रेलिंग लगाने के दिए निर्देश

**राजेश शर्मा, ऊना**

उपायुक्त जतिन लाल ने मंगलवार को लालसिंगी में पिकअप-बाइक दुर्घटना स्थल का दौरा कर अधिकारियों को जन सुरक्षा की दृष्टि से सड़क के साथ नाले पर रेलिंग लगाने के निर्देश दिए। इस दौरान एमसी ऊना के अधिकारी तथा स्थानीय लोग उपस्थित रहे। उपायुक्त ने बताया कि लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को भी यहां सुरक्षा को लेकर पुख्ता इंजाम करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि आगे दुर्घटना की आशंका को टाला जा सके।

बता दें पुराना-होशियारपुर रोड पर लालसिंगी के समीप गत दिवस हुए सड़क हादसे में बाइक सवार दो व्यक्ति सड़क के साथ लगते नाले में गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए थे। यहां आए-दिन होने वाले हादसों की रोकथाम के लिए लालसिंगी के लोगों ने मंगलवार को उपायुक्त से मिलकर उन्हें ज्ञापन सौंपा था तथा सड़क के साथ लगते नाले को लेकर जनसुरक्षा के लिए पक्का इंतजाम करने का आग्रह किया था। इसका तुरंत संज्ञान लेते हुए उपायुक्त जतिन लाल ने मंगलवार को ही घटनास्थल का दौरा किया तथा अधिकारियों को शीघ्र सुधारात्मक कदम उठाने के निर्देश दिए।



उपायुक्त जतिन लाल लालसिंगी दुर्घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए।

गांववासियों ने बताया कि सड़क के साथ नाला काफी ज्यादा बड़ा और गहरा है और किसी भी तरह की कोई सुरक्षा के इंतजाम नहीं हैं जिस कारण नाले में कोई न कोई राहगीर दुर्घटना का शिकार होता रहता है। उपायुक्त ने उन्हें यथाशीघ्र समुचित समाधान का भरोसा दिलाया था, जिसे उन्होंने अब पूरा कर दिया है। (अनंत ज्ञान)

# विधायक ने स्वीकृति योजनाओं की जल्द औपचारिकताएं पूरे करने के दिए निर्देश



विधायक सुदर्शन बबलू अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए।

**विवेक शर्मा, अंब**

विधायक सुदर्शन सिंह बबलू ने लोक निर्माण विभाग के विश्रामगृह अंब में विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक करके प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को लेकर चर्चा की। विधायक की एक हफ्ते में अधिकारियों के साथ यह दूसरी बैठक थी। विधायक ने कहा कि सरकार की मंशा योजनाओं के माध्यम से लोगों के जीवन स्तर को उठाकर विकास की मुख्यधारा के साथ जोड़ना है। विधायक ने अधिकारियों को साफ निर्देश देते हुए कहा कि जनहित के कार्यों को पूरी प्राथमिकता से पूरा किया जाए।

उन्होंने लोक निर्माण, जल शक्ति और विद्युत विभाग से विधानसभा में चल रहे नए स्वीकृत हुए कार्यों की प्रगति जानी। उन्होंने कहा कि खेल मैदान अंब में निर्माणाधीन इंडोर स्टेडियम के लिए 1.60 करोड़ रुपए की किस्त जारी हो चुकी है, साथ ही पीएचसी लोहारा के लिए 96 लाख रुपए, शहीद अमोल कालिया से किन्नू वाया रेड़ा-पेड़ा सड़क मार्ग के लिए 16.94 करोड़ व ज्वार स्कूल मैदान के लिए 15 लाख और लोहारा स्कूल खड्ड पर पुल के लिए 47 लाख रुपए का बजट जारी हो चुका है।

इसी तरह से विधानसभा में बिजली की समस्या से निपटने के लिए करीब 19 करोड़ रुपए बजट जारी हुआ है। इस राशि से लो बोल्टेज की समस्या को सुधारा जाएगा, साथ ही बिजली के उपकरणों के रखरखाव पर खर्च किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि नई योजनाओं के संबंध में जल्द सभी औपचारिकताएं पूरी करके इनके निर्माण कार्य को गति दी जाए।

इस मौके पर एसडीएम अंब सचिन शर्मा, डीएफओ ऊना सुशील राणा, तहसीलदार प्रेम धीमान, खंड विकास अधिकारी ओमपाल डोगरा, डीएसपी अंब डॉ. वसुधा सूद, अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण विभाग दिनकर शर्मा, अधिशाषी अभियंता जलशक्ति विभाग होशियार सिंह जस्सल, अधिशाषी अभियंता विद्युत विभाग खुशविंद्र सिंह, एसडीपीओ विजय कुमार, कृषि विभाग के विषय वाद विशेषज्ञ रमेश लाल, एसएमओ अंब डॉ. राहुल कतना सहित अन्य विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

### सात दिवसीय एनएसएस शिविर का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, ऊना।** वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रायसरी में एनएसएस शिविर का शुभारंभ एसएमसी अध्यक्ष हेम लता द्वारा किया गया। एनएसएस के स्वयंसेवक दिन-रात स्कूल में रहेंगे। शिविर के दौरान स्वयंसेवकों के साथ रहने के लिए शिक्षकों की भी ड्यूटी लगाई गई है।

राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता प्रदीप सिंह प्रिंसिपल ने छात्रों को टीम और अनुशासन में काम करने के लिए कहा। शिविर के दौरान संसाधन व्यक्ति विभिन्न विषयों पर व्याख्यान भी देंगे। शिविर का आयोजन प्रोग्रामिंग अधिकारी अनिल शर्मा एवं सुमन भारद्वाज के मार्गदर्शन में किया जाएगा। स्वयंसेवकों को विभिन्न गतिविधियों जैसे स्कूल में स्वच्छता, गांव को गोद लेना, अस्पताल में सेवाएं आदि में शामिल किया जाएगा।

# बंगाणा को नगर पंचायत का दर्जा मिलने पर विधायक विवेक का भव्य स्वागत

**राजेश ठाकुर, बंगाणा**

उपमंडल बंगाणा की ग्राम पंचायत मुच्छाली को राज्य सरकार की तरफ से नगर पंचायत बनाने की घोषणा पर बंगाणा चौक पर कुटलैहड़ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विधायक विवेक शर्मा का जोरदार स्वागत किया। बंगाणा चौक पर पटाखे फोड़े ओर लड्डू भी बांटे।

इस दौरान विधायक विवेक शर्मा ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का आभार प्रकट करते हुए कहा कि कुटलैहड़ विस क्षेत्र की मुच्छाली पंचायत को नगर पंचायत का दर्जा देने पर बंगाणा बाजार की सभी समस्याओं का समाधान होगा। विवेक शर्मा ने कहा कि नगर बनने



विधायक का स्वागत करते बंगाणा के लोग।

से बंगाणा बाजार तरक्की की ओर जाएगा और बंगाणा बाजार की सभी समस्याओं का समाधान होगा।

वहीं, बंगाणा में जल्द बस स्टैंड का भी निर्माण होगा। उन्होंने कहा कि बंगाणा बाजार के दुकानदार और आम जनता इस मांग को लेकर मेरे पास आए थे और मैंने जनता की इस मांग को मुख्यमंत्री सुक्खू के पास रखा था ओर उन्होंने पुख्ता से जनता की मांग को पूरा करते हुए बंगाणा को नगर पंचायत का दर्जा दिया है। विवेक शर्मा ने कहा कि नगर पंचायत बनने से केवल बंगाणा बाजार का विकास नहीं होगा। बल्कि जितने भी नगर पंचायत के वार्ड बनेंगे, उन सभी वार्डो में सड़क रास्ते,पुल गंदे नाले एवं नगर पंचायत की सारी समस्याओं का विधिवत समाधान होगा। (अनंत ज्ञान)

### हटली कृषि सहकारी सभा बंगाणा में चुनाव संपन्न, अशोक कुमार बने अध्यक्ष



**बंगाणा।** हटली कृषि सहकारी सभा में सर्वसम्मति से रिटायर्ड नायब तहसीलदार अशोक कुमार को अध्यक्ष चुना गया। उपाध्यक्ष पद पर महिंद्र और कोषाध्यक्ष के रूप में राकेश कुमार का चयन हुआ। सभा समिति के सचिव मुकेश ने जानकारी दी कि यह चुनाव अध्यक्ष विजय शर्मा की उपस्थिति में आयोजित किया गया। चुनाव प्रक्रिया के दौरान सभा के सदस्य राजेश कुमार, सुरेश कुमार और रोहित उपस्थित रहे। सभी ने नए पदाधिकारियों को उनकी जिम्मेदारियों के लिए शुभकामनाएं दीं। सभा के सदस्यों ने संगठन को और मजबूत बनाने और क्षेत्र के किसानों की समस्याओं को सुलझाने के लिए नए नेतृत्व से उम्मीदें जताई हैं।

### प्रश्नोत्तरी के माध्यम से वनों को आग से बचाने के लिए किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, दौलतपुर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यामिक पाठशाला गोंदपुर बनेहड़ा में प्रश्नोत्तरी का आयोजन वन्य जीव सुरक्षा अभियान के अंतर्गत बच्चों की उपस्थिति में किया गया। वन्य जीव सुरक्षा अभियान के अंतर्गत प्रदेश में वन विभाग के साथ मिलकर हंस संस्था जंगलों में लगने वाली आग की रोकथाम को लेकर अभियान चला रही है। इस कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यवाहक प्रधानाचार्य राजेश शर्मा ने किया। इसमें कक्षा 11वीं तथा 12वीं के साइंस, आर्ट्स तथा कॉमर्स के बच्चों की चार टीमों ने भाग लिया तथा उन के बीच प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता हुई। प्रधानाचार्य ने चारों टीमों के विद्यार्थियों को पुरस्कारों से सम्मानित किया। इस अवसर पर हंस संस्था के खंड समन्वयक किरण पंवर के साथ सामाजिक संयोजक इशु सैनी, सामाजिक संयोजक मलिका तथा समस्त स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

### परख के मॉक टेस्ट के साथ परखा ज्ञान

**ऊना।** उपनिदेशक प्रारंभिक शिक्षा जिला ऊना हिमाचल प्रदेश सोमालाल धीमान के द्वारा राजकीय प्राथमिक पाठशाला एरिया कॉलोनी, वैली मोहल्ला, कुठार कलां, नगड़ा, फतेहपुर, खानपुर, सनौली, बेनीवाल, माध्यमिक पाठशाला फतेहपुर, खानपुर,बेनीवाल और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कुठार कलां तथा नगड़ा का परख-2024 के लिए अंतिम तीसरे चरण के मॉक टेस्ट का निरीक्षण किया, जिसके तहत तीसरी छठी व नवमी कक्षा के छात्रों का गणित, विज्ञान व भाषा के विषयों का आकलन किया गया। इसमें सरकारी व निजी पाठशालाओं का भी मॉक टेस्ट करवाया गया। स्कूली बच्चों के सीखने की क्षमता जांचने के लिए 4 दिसंबर, 2024 को होने वाली परख परीक्षा के लिए समस्त स्कूल प्रबंधन को दिशा निर्देश दिए गए कि वह बच्चों को पूरी तैयारी करवा वे बच्चों को ओएमआर शीट को सही से भरना आदि सभी बातों की जानकारी प्रदान करवाएं। इससे पहले सभी स्कूलों में दो मॉक टेस्ट करवाए जा चुके हैं जिसमें पहले मॉक टेस्ट गत 10 सितंबर व 9 अक्तूबर को करवाया गया था। इन दोनों टेस्ट तैयार करके इनमें पाई गई कमियों को दूर करने के लिए उपनिदेशक प्रारंभिक द्वारा स्कूलों को निर्देश जारी किए गए हैं। परख सर्व 2024 बच्चों के अभ्यास के तहत ऊना जिले के स्कूलों में जीरो पीरियड भी लगाए जा रहे हैं, वह शिक्षा विभाग की ओर से परख सर्वे में आने वाले संभावित प्रश्नों पर सामग्री अभ्यास हिमाचल बाट वेबसाइट के माध्यम से तैयार कर स्कूलों को उपलब्ध करवाई जा रही है।

# वशिष्ट स्कूल के छात्रों ने प्रतियोगिताओं में दिखाई प्रतिभा

**अनंत ज्ञान, ऊना**

वशिष्ट पब्लिक स्कूल ऊना में छात्रों की प्रतिभा को उभारने के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसमें कक्षा पहली और दूसरी के लिए 'हिंदी कैलीग्राफी प्रतियोगिता', कक्षा तीसरी और चौथी के लिए 'पर्यावरण और विज्ञान क्विज' तथा कक्षा पांचवीं से दसवीं के लिए 'स्पेल- बी प्रतियोगिता' का आयोजन किया गया। इसमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

हिंदी कैलीग्राफी प्रतियोगिता का उद्देश्य हिंदी लेखन को सुंदर और कलात्मक तरीके से प्रस्तुत करना है। इस प्रतियोगिता से छात्रों में रचनात्मकता और भाषाई जुड़ाव बढ़ाने की कोशिश की गई है। स्ट्रॉबेरी ग्रुप (कक्षा प्रथम) से आराध्या शर्मा, गीतांशी शर्मा प्रथम, जैस्मिन, अक्षिता द्वितीय तथा अराध्या तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा दूसरी से सुब्रजीत प्रथम, अभिनव दत्त, राजवीर कौर द्वितीय तथा आयुष, देवांश धीमान तृतीय स्थान पर रहे। 'पर्यावरण और विज्ञान क्विज' छात्रों को पर्यावरणीय



प्रतिभाशाली बच्चों के साथ गणमान्य व अध्यापक।

समस्याओं की जानकारी देता है और उनमें समाधान की समझ विकसित करता है।

एप्पल ग्रुप में 'टीम अर्थ' से आयुष सिंह, सिद्धि बराह, समृद्धि शर्मा, ईशान पटियाल तथा सिमरन प्रथम स्थान पर रहे। 'टीम मर्करी' से देवांशी, ओजस जसवाल, यक्ष बस्सी, अमायरा तथा विराज कंवर द्वितीय स्थान पर रहे। 'टीम वीनस' से एलिसिया, सुमन, मालती धीमान, रिद्विका कंवर तथा वेदिका तृतीय स्थान पर रहे।

'स्पेल-बी प्रतियोगिता' छात्रों के शब्द ज्ञान और उच्चारण कौशल को विकसित करने का महत्वपूर्ण मंच प्रदान करती है। ऑरेंज ग्रुप में 'ग्रुप-1' से सीरत कौर, अशमीत कौर, सानवीं, जसकीरत, दक्ष शर्मा तथा त्रिनभ शर्मा प्रथम स्थान पर रहे।

'ग्रुप-4' से विरांश राणा, शिवांश वशिष्ट, जय कौशल, अनिरुद्ध कुमार, कर्मन सिंह तथा सक्षम राणा द्वितीय स्थान पर रहे। मैंगो ग्रुप में 'रविंद्रनाथ टैगोर टीम' से दिव्यांश कुमार, गुरलीन कौर, अरमान राणा, मनमीत कौर, सुहाना अरोड़ा तथा अनिरुद्ध गोयल प्रथम स्थान पर रहे। 'विक्रम सेठ टीम' से जैस्मिन धीमान, इनायत राणा, नयोनिका शर्मा, जसकीत कौर, दिव्या, जशनदीप सिंह द्वितीय स्थान पर रहे। 'जॉन कीट्स टीम' से कबीर राणा, धैर्य शर्मा, हरनीत कौर, अंशिका धीमान, रियांश ठाकुर, करण सैनी तृतीय स्थान पर रहे। ग्रुप मेलन में 'जॉन डन टीम' से जाग्रत शर्मा, राजवंश राणा, राधिका पराशर, गुंजन शर्मा तथा शैलजा रायजादा प्रथम स्थान पर रहे। 'जॉन कीट्स टीम' से हरमनजोत सिंह, राघव, ईशान बोंसरे, गुंजन तथा सुनेत्रा द्वितीय स्थान पर रहे।

'विलियम शेक्सपियर टीम' से कृष्णव शर्मा, सहजदीप सिंह, हर्षिता चौधरी, सार्थक शर्मा तथा नेहा तृतीय स्थान पर रहे। स्कूल के निदेशक अनुज वशिष्ट ने कहा कि ये सिर्फ शैक्षणिक प्रतियोगिताएं नहीं है, बल्कि छात्रों को भविष्य में नेतृत्व करने के लिए तैयार करने का एक प्रयास है। स्कूल के प्रधानाचार्य दीपक कौशल ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं शैक्षिक विकास के साथ-साथ छात्रों के व्यक्तित्व निर्माण में भी मदद करती हैं।

**मंथन** बाल कल्याण समिति के कार्यों की समीक्षा

# डीसी ने वन स्टॉप सेंटर का किया निरीक्षण

**अनंत ज्ञान, ऊना**

बाल कल्याण समिति की त्रैमासिक बैठक जिला मुख्यालय में मंगलवार को आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त जतिन लाल ने की। इस अवसर पर बाल कल्याण समिति द्वारा किए जा रहे कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। उपायुक्त ने बाल कल्याण समिति को निर्देश दिया कि बच्चों से संबंधित कोई भी मामला समिति के संज्ञान में आते ही तुरंत उनके ध्यान में लाया जाए, ताकि समय पर उचित समाधान सुनिश्चित किया जा सके।

उन्होंने जानकारी दी कि जुलाई से सितंबर 2024 के दौरान स्पॉन्सरशिप एवं फोस्टर केयर योजना के तहत चार प्रस्ताव प्राप्त हुए थे। समिति ने इन प्रस्तावों का निरीक्षण कर सभी मामलों को अनुमोदित कर जिला बाल संरक्षण अधिकारी को आवश्यक कार्रवाई के लिए भेज दिया है। इसके अलावा, फोस्टर केयर योजना के तहत सहायता प्राप्त कर रहे 40 बच्चों के घरों और स्कूलों का भी निरीक्षण किया गया है ताकि उनकी स्थिति का आकलन हो सके। बैठक के उपरांत उपायुक्त ने वन स्टॉप सेंटर ऊना का



बाल कल्याण समिति की त्रैमासिक बैठक में मौजूद डीसी जतिन लाल व अन्य।

निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने खाली पड़े पदों के संबंध में जानकारी ली और निर्माणाधीन नए भवन की प्रगति का भी जायजा लिया। इस दौरान अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इसके अलावा उपायुक्त ने संप्रेक्षण गृह एवं विशेष गृह संस्थान समूर कलां का दौरा किया, जहां उन्होंने बच्चों की देखरेख, रहने की व्यवस्था और अन्य सुविधाओं का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को व्यवस्थाओं को सुदृढ़ बनाने के निर्देश दिए।

बाल कल्याण समिति की अध्यक्ष मीनाक्षी राणा ने बताया कि समिति नियमित रूप से संप्रेक्षण गृह, विशेष गृह संस्थान समूर कलां और प्रेम आश्रम का निरीक्षण करती है। हर माह दो बार इन संस्थानों का दौरा कर बच्चों की रहने की व्यवस्था, खाद्य सामग्री और अन्य आवश्यक सेवाओं की जांच की जाती है।

इसके अलावा, समिति विभिन्न योजनाओं जैसे पॉक्सो एक्ट, जेजे एक्ट, बाल विवाह निषेध कानून और बच्चों के कल्याण के लिए संचालित अन्य सरकारी योजनाओं के बारे में स्कूलों में जाकर जागरूकता अभियान भी चलाती है। बैठक में बाल कल्याण समिति की अध्यक्ष मीनाक्षी राणा, जिला बाल संरक्षण अधिकारी कमलदीप सिंह, सीपीओ संजय सांख्यान और अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



## न्यूज ब्रीफ

### चिकन की दुकान से 5 बोतलें देसी शराब बरामद

**आनी।** पुलिस थाना निरमंड के अंतर्गत आने वाली पुलिस चौकी निथर की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर सराहर में गश्त के दौरान एक चिकन की दुकान में तलाशी ली इस दौरान 5 बोतलें देसी शराब बरामद की हैं। इस संदर्भ में नीलम ठाकुर निवासी गांव शमोह डाकघर शारवी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत थाना निरमंड में मामला दर्ज किया गया है।

### केलांग में 21 नवंबर को होगा किसान मेला

**केलांग।** परियोजना निदेशक आत्मा जिला लाहौल-स्पीति भूपेंद्र सिंह ने कहा कि कृषि विभाग और आत्मा परियोजना 21 नवंबर को पुलिस ग्राउंड केलांग में किसान मेले का आयोजन करने जा रहा है। कृषि उपकरण व ड्रोन तकनीक मेले का मुख्य आकर्षण होंगे। मेले में कृषि व पशुपालन मंत्री प्रो. चंद्र कुमार बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे। लाहौल-स्पीति की विधायक अनुराधा राणा विशेषातिथि होंगी। भूपेंद्र सिंह ने बताया कि मेले के आयोजन को लेकर डीसी लाहौल-स्पीति की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में यह तय किया गया है कि मेले में कृषि विज्ञान केंद्र कुकुमसेरी, कृषि, बागवानी, पशुपालन, वन विभाग व महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा विभागीय गतिविधियों को प्रदर्शित करने के लिए किसान मेले में प्रदर्शनियां लगाई जाएंगी। इसके अतिरिक्त स्वास्थ्य विभाग और आयुष विभाग द्वारा मेले में निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन भी किया जाएगा।

### हाइजंप में प्रथम स्थान पर रही अनामिका



**कुल्लू।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद हरिपुर इकाई द्वारा रानी लक्ष्मीबाई जयंती के उपलक्ष पर कॉलेज में महिला सशक्तिकरण के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं करवाई गईं, जिसमें विभिन्न प्रकार की गतिविधि शामिल थी। प्रतियोगिता में सर्वप्रथम हाई जंप करवाया गया, जिसमें हरिपुर कॉलेज की छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। सर्वप्रथम शॉट पुट में प्रथम स्थान पर मुस्कान, द्वितीय स्थान पर आरती और तृतीय स्थान पर पलक रही। इसके बाद हाइजंप खेल में प्रथम स्थान पर अनामिका और द्वितीय स्थान पर पलक व तृतीय स्थान पर प्रवीना रही। हरिपुर कॉलेज में सभी छात्रों ने इसमें बढ़-चढ़कर भाग लिया और महिला सशक्तिकरण को मजबूत करने में अपनी भागीदारी सुनिश्चित की। इस दौरान विजेता खिलाड़ियों को मेडल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित हरिपुर इकाई अध्यक्ष जिला संयोजक सारांश, प्रांत कार्यकारिणी सदस्य सानिया, खेल प्रमुख सानिया और अन्य कार्यकर्ता बालमुकुंद, कार्तिक, समीर, निशांत, पियूष आदि मौजूद रहे।

### आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का महत्व तेजी से बढ़ रहा

**केलांग।** पीएम श्री केंद्र विद्यालय केलांग में कक्षा 8 के छात्रों के लिए राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान शिमला द्वारा 5 दिवसीय आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग पर आधारित एक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को भविष्य की तकनीकों से अवगत करवाना और उन्हें व्यावहारिक कौशल प्रदान करना है। कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय के प्राचार्य युधबीर सिंह के द्वारा किया गया। आज के दौर में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग जैसी तकनीकों का महत्व तेजी से बढ़ रहा है। यह प्रशिक्षण छात्रों के लिए एक अनूठा अवसर है, जिससे उन्हें न केवल इन तकनीकों की मूलभूत जानकारी मिलेगी, बल्कि भविष्य में इसे अपने करियर का हिस्सा बनाने में भी मदद मिलेगी। राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान शिमला के प्रशिक्षकों द्वारा छात्रों को पायथन प्रोग्रामिंग के माध्यम से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग की बुनियादी जानकारी दी जाएगी। कार्यक्रम के पहले दिन छात्रों में जबरदस्त उत्साह देखा गया। उन्होंने प्रशिक्षकों के साथ बातचीत कर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग से जुड़े सवाल पूछे और तकनीक की गहराई को समझने की रुचि दिखाई।

# सैंज के शाक्टी में मकान जलकर राख, आठ लाख का नुकसान

## एक साल पहले तीर्थ राम का आपदा की भेंट चढ़ चुका है पक्का मकान

**अनंत ज्ञान, सैंज**

जिला कुल्लू के सैंज घाटी की अति दुर्गम पंचायत गाड़ापारली के शाक्टी गांव में आगजनी की घटना पेश आई है। इस घटना में तीर्थ राम पुत्र लाल चंद का डेढ़ मंजिला चादर पोश मकान जलकर पूरी तरह से राख हो गया है।



सैंज घाटी के शाक्टी में डेढ़ मंजिला स्लेट पोश मकान में लगी आग को बुझाते ग्रामीण।

इस घटना में आठ लाख का नुकसान हुआ है। पंचायत गाड़ापारली के शाक्टी के वार्ड पंच ने प्रशासन को फोन के माध्यम से जानकारी दी कि गांव के तीर्थ राम के घर में मंगलवार सुबह अचानक आग लगने से आठ लाख का नुकसान हुआ है। उधर, नायब तहसीलदार सैंज हीरा लाल ने जानकारी देते हुए बताया कि सूचना मिलते ही टीम मौके पर रवाना गई और फौरी राहत के तौर पर अग्नि प्रभावित परिवार को 20 हजार रुपए व तिरपाल सहित अन्य सामान मुहैया करवाया गया है। तीर्थ राम का पक्का मकान गत वर्ष आपदा की भेंट चढ़ा है और अभी वह नए घर का निर्माण कर रहे थे, जिसके चलते वह फिलहाल स्लेट पोश डेढ़ मंजिला मकान में रह रहे थे और सामान भी सारा इसी घर में रखा था। इस घटना में तीर्थ राम का सारा सामान जलकर राख हो गया है, जिसमें उन्हें आठ लाख का नुकसान हुआ है। उन्होंने बताया कि बुधवार को भी टीम अग्नि प्रभावित परिवार से मिलेगी और जरूरत का सामान मुहैया करवाया जाएगा। सनद रहे कि यह गांव सड़क सुविधा से वंचित है। सड़क से इस गांव तक पहुंचने के लिए करीब सात से आठ घंटे का समय लगता है। इस कारण इस गांव में अग्निशमन विभाग की गाड़ी नहीं पहुंच पाई और नुकसान अधिक हुआ।

## पर्यटन कारोबार पर भारी पड़ रही सूखे की मार

**कुल्लू।** जिला कुल्लू में सूखे की मार पर्यटन कारोबार पर भारी पड़ रही है। कुल्लू व मनाली के पर्यटन स्थलों को लंबे समय से बर्फबारी का इंतजार है। बर्फबारी न होने के कारण मात्र सप्ताहांत में ही पर्यटकों की आमद बढ़ रही है। रोहतांग जाने वाले पर्यटक वाहनों की आमद घटी है, लेकिन वाहनों की आवाजाही जारी है। मंगलवार को भी 306 परमिट बुक हुए हैं। इन दिनों रोहतांग जाने वाले पर्यटक वाहनों की आमद कम हुई है, लेकिन आवाजाही जारी है। पर्यटक मनाली से मढ़ी होते हुए रोहतांग जा रहे हैं, जबकि कोकसर व अटल टनल होते हुए मनाली लौट रहे हैं। हिमपात न होने से रोहतांग दर्रे में पर्यटक साहसिक गतिविधियों का आनंद नहीं ले पा रहे हैं। रोहतांग की महिला पर्यटन कारोबारी तुली, उर्मिला व रीना ने बताया कि बर्फबारी न होने से उनका काम नहीं चल रहा है। मनाली के सभी पर्यटन कारोबारियों को हिमपात का इंतजार है। होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष मुकेश ठाकुर ने कहा कि बर्फबारी न होने से पर्यटन कारोबार रफ्तार नहीं पकड़ पा रहा है।

## 8 ग्राम चिट्टे और 190 ग्राम चरस के साथ नेपाली मूल का युवक गिरफ्तार



8 ग्राम चिट्टे और 190 ग्राम चरस के साथ पुलिस की गिरफ्त में नेपाली मूल का युवक।

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल**

पतलीकूहल पुलिस ने नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में एक बड़ी सफलता हासिल की है। गश्त के दौरान पतलीकूहल पुलिस की टीम ने नग्गर के समीप बनोण मोड़ के पास 29 वर्षीय कर्ण जो मूल रूप से नेपाली है उसको संदिग्ध अवस्था में घूमते हुए देखा।

शक के आधार पर तलाशी लेने से कर्ण के कब्जे से 8 ग्राम चिट्टा (हेरोइन) और 190 ग्राम चरस (कैनाबिस) बरामद की गई। पुलिस ने कर्ण के खिलाफ मादक पदार्थ अधिनियम की धारा 20 और 21 के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद रिमांड पर लिया जाएगा, ताकि मामले की गहराई से जांच की जा सके। आरोपी वर्तमान में गांव रामशिला जुआणीरोपा, कुल्लू में रह रहा है। एसपी कुल्लू डॉ. कार्तिकेयन गोकुलचंद्रन ने बताया कि मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ पुलिस का विशेष अभियान चल रहा है। इस अभियान के तहत हर संदिग्ध गतिविधि पर पैनी नजर रखी जा रही है। उन्होंने आम जनता से अपील की है कि अगर उन्हें नशे के कारोबार या इसके संबंध में कोई जानकारी मिले, तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। इस तरह की सूचनाएं पुलिस के लिए अपराधियों को पकड़ने में मददगार साबित हो सकती हैं।

## सुई-धागा प्रतियोगिता में दीक्षा ने झटका प्रथम स्थान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**



अखिल भारतीय परिषद कुल्लू इकाई द्वारा कुल्लू महाविद्यालय में रानी लक्ष्मीबाई की जयंती के उपलक्ष्य पर नारी शक्ति दिवस के रूप में खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्यातिथि कबड्डी की नेशनल प्लेयर निकिता तथा विशिष्टातिथि प्रांत संगठन मंत्री धनदेव ठाकुर और कार्यक्रम अध्यक्ष के रूप में प्रियंका ठाकुर उपस्थित रही। खेल प्रतियोगिता में मुख्य रूप से चार प्रकार की खेले रही, जिसमें सुई धागा, स्पून रेस, थ्री लैग रेस, म्यूजिकल चेयर और साथ ही एलएमएस स्कूल के स्टूडेंट्स द्वारा कराटे प्रदर्शनी की गई। खेल प्रतियोगिता की सुई धागा रेस में 15 छात्राओं द्वारा भाग लिया गया, जिसमें प्रथम स्थान दीक्षा, द्वितीय स्थान कृति और तृतीय स्थान जावना ने प्राप्त किया। स्पून रेस में 10 छात्राओं ने भाग लिया, जिसमें प्रथम स्थान पर कृति, द्वितीय स्थान पर गायत्री और तृतीय स्थान पर जया रही।

म्यूजिकल चेयर में कुल 17 छात्राओं ने भाग लिया, जिसकी विजेता जया रही, इसके बाद अंतिम में थ्री लैग रेस करवाई गई, जिसमें 20 छात्राओं ने भाग लिया। इसमें प्रथम स्थान रिंपल और पलक ने प्राप्त किया। इन सभी विजेताओं को मेडल व ध्येय यात्रा की पुस्तिका द्वारा सम्मानित किया गया।

## प्रदेश स्तरीय युवा महोत्सव आज से

**कुल्लू।** प्रदेश स्तरीय युवा महोत्सव (ग्रुप-4) का बुधवार को शुभारंभ होगा। अटल सदन में आयोजित कार्यक्रम में सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी के कुलपति डॉ. ललित अवस्थी बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहेंगे। शैक्षिक सत्र के युवा महोत्सव (ग्रुप-4) का आयोजन कुल्लू कॉलेज द्वारा किया जा रहा है। प्राचार्य डॉ. मनदीप शर्मा ने बताया कि युवा महोत्सव (ग्रुप-4) का शुभारंभ बुधवार को 11 बजे होगा। इस दौरान 700 से ज्यादा प्रतिभागियों के भाग लेने की उम्मीद है। डॉ. शर्मा ने बताया कि युवा महोत्सव (ग्रुप-4) में वन एक्ट प्ले, स्कीट, माइम और मिमिकरी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। यह प्रतियोगिता चार दिनों तक चलेंगी। 23 को समापन समारोह का आयोजन किया जाएगा, जिसमें अव्वल आने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया जाएगा।

## दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों को कानूनी अधिकारों बारे किया जागरूक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

जिला मुख्यालय के देवसदन में सांफिया फाउंडेशन द्वारा एकदिवसीय कार्यशाला के दौरान दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों को दिव्यांगता के विषय में संविधान द्वारा दिव्यांगों को दिए जाने वाले अधिकारों के बारे में जागरूक किया।



दिव्यांगता से जुड़े विभिन्न संस्थानों के प्रतिनिधियों के लिए बैठक में मौजूद लोग।

इस दौरान विख्यात संस्था लतिका के कानूनी सलाहकार रिजवान अली ने विशेष सत्र के माध्यम से अहम जानकारी दी। डॉ. श्रुति भारद्वाज निदेशक सांफिया फाउंडेशन ने बताया कि सांफिया फाउंडेशन ने दिव्यांगजनों के अभिभावकों और दिव्यांगता से जुड़े विभिन्न संस्थानों के प्रतिनिधियों के लिए एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसका मकसद दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों को कानूनी सहायता एवं वितीय प्रबंधन की जानकारी देना था। अकसर दिव्यांग बच्चों के अभिभावक इस बात के लिए चिंतित रहते हैं कि माता-पिता के बाद बच्चों की देखभाल कौन करेगा, तो इस तनाव पूर्ण स्थिति से निपटने के लिए इस तरह की कार्यशाला का होना बेहद आवश्यक था। वहीं, लतिका संस्था से निदेशक सेवा डॉ. आरती नायर ने भी सांफिया के स्टाफ के लिए बच्चों के क्लिनिकल प्रबंधन को लेकर एक विशेष सत्र दिया। कार्यशाला में अन्य संस्थाएं डीडीआरसी, सीआरसी सुंदरनगर, नवचेतना, चारु फाउंडेशन, डे-स्टार पब्लिक स्कूल मनाली भी उपस्थित रहे।

## तीन दशक बाद लाहौल में सब्जी मंडी बनने का सपना होगा साकार : अनिल सहगल

**केलांग।** जिला कुल्लू व लाहौल से कृषि उपज मंडी समिति के सदस्य अनिल सहगल ने कहा कि विधायक अनुराधा राणा के प्रयासों से तीन दशक बाद लाहौल में सब्जी मंडी बनने का सपना साकार होने जा रहा है। अनिल सहगल ने कहा कि विधायक अनुराधा राणा के नेतृत्व में लाहौल-स्पीति जिला आगे बढ़ रहा है। अनेक विकास की योजनाएं धरातल पर उतारी जा रही हैं। सहगल ने कहा कि पशुपालन एवं कृषि मंत्री चंद्र कुमार 21 को एकदिवसीय दौरे पर केलांग आ रहे हैं। इस दिन कृषि मंत्री केलांग में किसान मेले में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे। मंत्री सुबह 11 बजे दालंग में कोलड स्टोर का शिलान्यास करने के बाद तांदी पंचायत के कारगा में सब्जी मंडी का भूमि पूजन करेंगे। कृषि उपज मंडी समिति (एपीएमसी) द्वारा एक करोड़ 21 लाख रुपए की भूमि को समतल करने व डंगा लगाने आदि के लिए बजट का प्रावधान किया गया है। सहगल ने कहा कि मंत्री के साथ विधायक अनुराधा राणा और कृषि उपज समिति के चेयरमैन मियां राम सिंह भी विशेषातिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। उन्होंने सीएम का भी आभार जताया।

## नवजात शिशुओं की देखभाल का ध्यान रखाना जरूरी : डॉ. नागराज



जिला स्तरीय राष्ट्रीय नवजात शिशु देखभाल सप्ताह का शुभारंभ जोनल अस्पताल में हुआ।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

**जिला** स्तरीय राष्ट्रीय नवजात शिशु देखभाल सप्ताह का शुभारंभ जोनल अस्पताल कुल्लू में हुआ।

इसमें मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. नागराज पवार ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की और उनके संबोधन से इस कार्यक्रम की शुरुआत हुई। यह कार्यक्रम 15 से 21 नवंबर तक चलेगा। इस वर्ष का थीम नवजात शिशुओं में रोगाणुरोधी प्रतिरोध को रोकने के लिए रोगाणुरोधी उपयोग को अनुकूलित करना रहा और इस कार्यक्रम में जिले के स्वास्थ्य कर्मियों सहित आशा वर्कर्स व चामुंडा नर्सिंग इंस्टीट्यूट के छात्रों ने हिस्सा लिया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. नागराज पवार ने बताया कि किस तरह से नवजात शिशुओं की देखभाल के लिए स्वास्थ कर्मियों व शिशु के माता-पिता व परिवार को विशेष ध्यान रखना चाहिए और क्या-क्या सावधानी बरतनी चाहिए।

## एनएचपीसी के निदेशक ने पार्बती जलविद्युत परियोजना चरण-दो का किया दौरा

## कर्मियों के विभिन्न मुद्दों पर की चर्चा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

एनएचपीसी के निदेशक (कार्मिक) उत्तम लाल ने पांच दिनों तक पार्बती जलविद्युत परियोजना, चरण-दो का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने बांध परिसर बरशेणी, एडिट-1, सेरीनाला डायवर्जन वर्कर्स साइट तथा पावर हाउस, सियूंड का दौरा कर निरीक्षण किया।

परियोजना के कार्यपालक निदेशक निर्मल सिंह ने परियोजना में चल रहे कार्यों के बारे में तथा सीएसआर के अंतर्गत परियोजना की ओर से किए जा रहे कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। निदेशक (कार्मिक) ने सभी कर्मियों को निर्धारित समय सीमा के अंदर परियोजना के कार्य को पूर्ण करने के लिए प्रोत्साहित किया तथा इस संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने नवनियुक्त कर्मियों से परियोजना में उपलब्ध सुविधाओं के बारे में चर्चा की तथा परियोजना के विभिन्न कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की, जिसमें कर्मियों के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। इस अवसर पर परियोजना के वरिष्ठ अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।



एनएचपीसी के निदेशक उत्तम लाल पार्बती जलविद्युत परियोजना चरण-दो के दौरे के दौरान।

## पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी को अर्पित की श्रद्धांजलि

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**



देश की प्रथम महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जंयती भुट्टि वीवर्ज को-ऑपरेटिव सोसायटी परिसर में धूमधाम से मनाई गई।

भुट्टिको के उपाध्यक्ष रोहित ने स्व. इंदिरा गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित किए और उनको याद करते हुए अपने संबोधन में कहा कि स्व. इंदिरा गांधी देश की प्रथम महिला प्रधानमंत्री थी। उन्होंने देश को प्रगति के पथ पर चलाने, देश की एकता के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। देश की अखंडता के लिए अपने अंत समय तक देश के लिए कुर्वान रहने की जो प्रेरणा मिली है। आज की पीढ़ी को उसे जीवंत रखने की अत्यंत आवश्यकता है। वर्ष 1971 के भारत-पाकिस्तान यद्ध में पाकिस्तान को नाको चन्ने चवाए थे और बांग्लादेश को एक स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में स्थापित करने के लिए उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही थी। उनके द्वारा देश के लिए किए गए अभूतपूर्व विकासशील कार्य व देश रक्षा के लिए उठाए गए कदमों के कारण स्व. इंदिरा गांधी को आयरन लेडी के नाम से जाना जाता है। इस अवसर पर सभा उपाध्यक्ष मोहर सिंह, निदेशक मंडल की सदस्य निर्मला देवी, कलावती, इंद्रा देवी, आत्मा राम, टिकम राम सभा मुख्य सलाहकार रमेश ठाकुर, महाप्रबंधक किशन चंद, सूरती देवी, दिनेश ठाकुर, ओम प्रकाश, यशवीर, गौरव, नीना ठाकुर व सभा के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

**बैठक** प्रदेश राजकीय सी एंड वी अध्यापक संघ ने 16 नवंबर की नोटिफिकेशन का किया विरोध

# सरकार पुन: मंथन कर अधिसूचना को तुरंत निरस्त कर ले उचित निर्णय : ओम प्रकाश

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल**

हिमाचल प्रदेश राजकीय सी एंड वी अध्यापक संघ के जिला कुल्लू की बैठक मंगलवार को आयोजित हुई। इस मौके पर संघ के जिला अध्यक्ष ओम प्रकाश ने बताया कि संघ ने मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री हिमाचल प्रदेश सरकार से आग्रह किया कि प्रारंभिक शिक्षा निदेशक शिक्षा विभाग हिमाचल प्रदेश ने जो अधिसूचना 16 नवंबर को प्रदेश के उच्च और वरिष्ठ माध्यमिक पाठशालाओं में गैर शैक्षिक कार्यों का कार्यभार सी एंड वी अध्यापकों को सौंपने की अधिसूचना जारी की उसे सरकार वापस ले। इस संदर्भ में सरकार पुन: मंथन कर उचित निर्णय ले।



हिमाचल प्रदेश राजकीय सी एंड वी अध्यापक संघ जिला कुल्लू के सदस्य।

संघ के जिला अध्यक्ष ओम प्रकाश ने कहा कि यह एक आनन-फानन में की गई अधिसूचना प्रतीत है, जो किसी भी तरीके से न्यायसंगत और तर्कसंगत नहीं है, जब सी एंड वी शिक्षक विभाग और सरकार से अपने किसी भी हक को अदा करने की बात करते हैं, तो विभाग का तर्क रहता है कि स्कूलों में टीजीटी वरिष्ठ अध्यापक होते हैं और उन्हें शिक्षण कार्य के अतिरिक्त और भी बहुत से कार्य निर्वहन की जिम्मेदारी रहती है। इस कारण सी एंड वी अध्यापकों का वेतमान और अन्य भत्ते उनके बराबर नहीं हो सकते, जबकि अनेक स्कूल ऐसे हैं, जहां सरकार ने टीजीटी के पद वर्षों से नहीं भरे हैं और वहां सी एंड वी अध्यापक ही गणित, विज्ञान, अंग्रेजी, समाज आदि विषयों का अध्यापन कर शत-प्रतिशत परिणाम भी दे रहे हैं, जब बात आती है गुणवत्ता युक्त शिक्षा प्रदान करने की तो सी एंड वी वर्ग को सारा बोझ थोपने के लिए अधिसूचना भी जा कर दी गई है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि माना सी एंड वी वर्ग इन आदेशों को मान भी ले, लेकिन यदि इस प्रयोग के बाद भी गणित और विज्ञान विषयों का परिणाम संतोषजनक नहीं रहा, तो फिर क्या किया जाएगा।

दूसरे विद्यालय में कुछ चार्ज ऐसे हैं, जो किसी भी सूरत में सी एंड वी को दिए ही नहीं जा सकते, जिनमें चिल्ड्रन साइंस कांग्रेस, प्रयोगशाला, इंस्पायर, ग्रीन स्कूल प्रोग्राम, हैल्थवेलनेस, विब्स, हैल्थहाइजिन आदि मुख्य हैं। विभाग फूट डालो की नीति को विद्यालयों में क्रियान्वित करने का प्रयास कर रही है, जो किसी भी सूरत में मंजूर नहीं की जाएगी। हर विषय की अपनी महत्ता है किसी भी विषय को एक-दूसरे से कमतर नही आंका जा सकता, अब यदि विभाग चाहता है कि शिक्षकों को गैर शैक्षणिक कार्यों से मुक्त रखना है, तो इन कार्यों के लिए सरकार से विद्यालयों में विशेष पद सृजित करने की अनुशंसा करे या हर विद्यालय प्रबंधन समिति को इस कार्य को पूरा करने के लिए उनके स्तर पर प्रबंधन के लिए अंधिकृत किया जाए। यदि काम का अधिक बोझ होने के कारण सी एंड वी वर्ग के विषयों का परीक्षा परिणाम प्रभावित होता है, तो क्या उसकी जिम्मेदारी विभाग लेगा और किसी भी तरह का स्पष्टीकरण संबंधित अध्यापक से नहीं मांगा जाएगा। संघ के समस्त पदाधिकारियों ने प्रारंभिक शिक्षा निदेशक से सभी पहलुओं का अध्ययन करने व न्यायोचित निर्णय लेने की मांग की है। उनका कहना है कि गुणवत्ता युक्त शिक्षा में हिंदी, संस्कृत, कला, शारीरिक शिक्षा आदि सभी विषयों की अपनी-अपनी महत्ता है। कुल्ल्ज़ू सी एंड वी अध्यापक संघ राज्य सरकार और शिक्षा विभाग के हर उस निर्णय के साथ खड़ा होने और अपने कर्तव्यों के प्रति कृत संकल्प है, जो छात्र हित में लिए गए है, लेकिन इस तरह के तुगलकी फरमान संघ किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं करेगा।

## खंड विकास अधिकारी पंचायतों के लोगों के साथ तालमेल बिठाकर करें कार्य : तोरुल रवीश



बचत भवन में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करती डीसी व साथ खंड विकास अधिकारी।

**अनंत ज्ञान, कुल्लू**

कुल्लू के जिला मुख्यालय स्थित बचत भवन में आनी, भुंतर, नग्गर, निरमंड, बंजार तथा कुल्लू के खंड विकास अधिकारियों, विभिन्न विभागों के तकनीकी सहायकों, पंचायत इंस्पेक्टरों की बैठक की गई। इसकी अध्यक्षता डीसी तोरुल एस रवीश ने की। इस दौरान विकास कार्यों तथा लंबित पड़े कार्यों की समीक्षा की गई। डीसी ने कहा कि पंचायत घरों के निर्माण, आंगनबाड़ी भवनों के निर्माण, शौचालय निर्माण, प्रधानमंत्री आवास योजना, ज्ञान केंद्रों के निर्माण, पंचायत निरीक्षण, प्लास्टिक कचरा प्रबंधन तथा संचालन, तरल कचरा प्रबंधन, ठोस कचरा प्रबंधन, हिम ईरा दुकानों एवं कैंटीन के निर्माण, सांसद ग्राम सेवा योजना, मुख्यमंत्री लोक भवन निर्माण एवं मनरेगा से कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूर्ण किया जाए।

उन्होंने सभी खंड विकास अधिकारियों को पंचायतों के लोगों के साथ तालमेल बिठाकर कार्य करने के निर्देश दिए। डीसी ने कहा कि पंचायत इंस्पेक्टर महीने में कम से कम एक या दो प्रतिशत कार्यों का स्वयं मौके पर जाकर निरीक्षण करें। उन्होंने सभी फील्ड अधिकारियों को नए निर्माण कार्यों के प्राक्कलन को विवेक पूर्ण तरीके से निर्माण कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। डीसी ने कहा कि आंगनबाड़ी भवनों के निर्माण के नए कार्यों को मनरेगा के अंतर्गत जल्द शुरू किया जाए। बैठक में जानकारी दी गई कि 21 आंगनबाड़ी केंद्र के कार्य में से 11 के निर्माण कार्य लंबित हैं। डीसी ने क्षतिग्रस्त आंगनबाड़ी केंद्रों के पुनरुद्धार के लिए भी जल्द कार्य आरंभ करने के निर्देश दिए। पीएम आदर्श ग्राम योजना के अंतर्गत पूर्ण हुए कार्यों की उपयोगिता प्रमाण पत्र जल्द भेजना सुनिश्चित करें। उन्होंने एसडीआरएफ तथा एनडीआरएफ के कार्यों की उपयोगिता प्रमाण पत्रों को भी फील्ड निरीक्षण के उपरांत सही तरीके से जांच कर भेजने के निर्देश दिए। डीसी ने पंचायत स्तर पर गो सदनों के लिए तथा खेलकूद अधोसंरचना के लिए मैदान आदि के लिए भूमि चिन्हित करने के निर्देश दिए।



## न्यूज ब्रीफ

### स्व. इंदिरा गांधी के जीवन के बारे में बताया



**दाड़लाघाट।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बुघार में भारत की प्रथम महिला प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी की जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर प्रातः कालीन सभा में भगत सिंह सदन की छात्रा पलक ने इंदिरा गांधी के जीवन पर प्रेरणादायी भाषण दिया। अध्यक्षता करते हुए प्रधानाचार्य रेखा राठौर ने इंदिरा गांधी की तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की और अन्य अध्यापकों व हेडगर्ल बबली ने भी पुष्प अर्पित किए। प्रवक्ता राजनीति शास्त्र देवेंद्र चौहान ने इंदिरा गांधी के जीवन के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। डॉक्टर देवेंद्र चौहान ने बताया कि इंदिरा गांधी के राजनीतिक साहसिक निर्णय का परिणाम था कि 1971 में भारत की भारत-पाक युद्ध में विजय और बांग्लादेश का निर्माण हुआ। प्रधानाचार्य ने कहा कि देश के विकास के साथ-साथ इंदिरा गांधी का महिलाओं के विकास एवं उत्थान में विशेष योगदान रहा और हमें इंदिरा गांधी के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए।

### उचित मूल्य की दुकानों का किया औचक निरीक्षण



**सोलन।** नायब तहसीलदार कृष्णगढ़ ने उपतहसील के अधीन विभिन्न उचित मूल्य की दुकानों का औचक निरीक्षण किया। नायब तहसीलदार सूरत सिंह वर्मा ने बताया कि डीसी सोलन के आदेशों की अनुपालना में चंडी स्थित उचित मूल्य की दुकान का निरीक्षण किया गया, जिसमें यह पाया गया कि उचित मूल्य की दुकान जिसका संचालन विशाल वशिष्ठ द्वारा किया जा रहा है। डिपो धारक द्वारा हिमाचल सरकार द्वारा उपदान के तहत प्रदान किया जा रहे खाद्यान्नों का वितरण उपभोक्ताओं को आधार कार्ड की प्रमाणिकता के आधार पर किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान संचालकों को निर्देश दिए गए कि दुकान के बाहर सरकार द्वारा उपलब्ध खाद्यान्नों की रेट लिस्ट स्पष्ट रूप से चस्पा की जाए तथा दुकान के अंतर्गत आने वाले राशन कार्ड धारकों से संबंधित आंकड़े, जिसमें बीपीएल, आईआरडीपी, अंत्योदय एवं सामान्य श्रेणी के कार्ड धारकों का विवरण स्पष्ट रूप से अंकित किया जाए। नायब तहसीलदार ने बताया कि चंडी स्थित उचित मूल्य की दुकान में रिकॉर्ड नियमों के अनुरूप पाया गया।

### मांगू स्कूल में बिरसा मुंडा के संघर्षों के बारे में बताया



**दाड़लाघाट।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मांगू में आयोजित प्रातः कालीन सभा में जनजातीय गौरव बिरसा मुंडा की जानकारी दी गई। इतिहास प्रवक्ता ताराचंद ने बिरसा मुंडा के जीवन और उनके संघर्षों के बारे में विस्तार से बताया। इसके बाद कार्यकारी प्रधानाचार्य विनोद ने जिला स्तरीय बाल मेले में भाषण प्रतियोगिता में प्रथम आने पर छात्रा कशिश को बधाई दी। इसके अलावा ईको क्लब प्रभारी आरती और विद्यालय परिवार को ईको क्लब में श्रेष्ठ प्रदर्शन पर पुरस्कार प्राप्त करने पर बधाई दी। प्रधानाचार्य ने बच्चों को परख विषय पर भी जागरूक किया। इस कार्यक्रम में प्राथमिक और वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला के सभी अध्यापक उपस्थित रहे।

### स्वयंसेवियों ने फूलों की झाड़ियों की कटाई-छंटाई की

**दाड़लाघाट।** राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला धुंदन की एनएसएस इकाई ने विद्यालय परिसर में सफाई अभियान चलाया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी संतोष बट्टू और सुरेंद्र के नेतृत्व में स्वयंसेवियों ने पोषण वाटिका में खुदाई की और केंचुआ खाद डालकर धनिया और लहसुन का बीजा रोपण किया। प्रवक्ता इतिहास और मीडिया प्रभारी अमर सिंह वर्मा ने बताया कि इसके अलावा विद्यालय परिसर में फूलों की झाड़ियों की कटाई और छंटाई भी की गई। प्रधानाचार्य सरताज सिंह राठौर ने स्वयंसेवियों को विद्यालय को स्वच्छ रखने की महत्ता पर जोर दिया और उन्हें इस नेक कार्य के लिए प्रोत्साहित किया।

### पर्यटन एवं आदित्य सत्कार बारे दी जानकारी



**राजगढ़।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला हरिपुरधार के जमा एक और जमा दो कक्षाओं के विद्यार्थियों ने हरिपुरधार के निकट मानव हिल रिजॉर्ट में दो दिवसीय कार्यशाला के दौरान पर्यटन एवं आदित्य सत्कार विषय का व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त किया। इस दो दिवसीय कार्यशाला के दौरान विद्यार्थियों को मानव हिल रिजॉर्ट में पर्यटन व्यवसाय के विभिन्न पहलुओं का प्रशिक्षण दिया गया। कार्यशाला के दौरान विद्यार्थियों ने भोजन व्यवस्था, हाउस कीपिंग, हासपिटेलिटी, आतिथ्य सत्कार, साफ-सफाई और पर्यटन व्यवसाय से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों में भाग लेकर टूरिज्म की बारीकियों को अच्छे से समझने का प्रयास किया। इस कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने मानव रिजॉर्ट में सांस्कृतिक गतिविधियों, सिरमौर नाटियां और रासा नृत्य में भाग लेकर मौज मस्ती की। कार्यशाला में ट्रैकिंग टूर के दौरान कैंपिंग के समय विद्यार्थियों को टेंट लगाने के तरीके समझाये और ट्रैकिंग की बारीकियां बताई। इस मौके पर मानव हिल रिजॉर्ट के प्रबंध निदेशक मेलाराम शर्मा ने विद्यार्थियों के साथ पर्यटन व्यवसाय के अनुभवों को साझा करते हुए बताया कि हिमाचल में प्राकृतिक सौंदर्य और स्वच्छ हवा के चलते इस व्यवसाय की अपार संभावनाएं हैं और इस व्यवसाय के अंतर्गत विद्यार्थी अपने जीवन को रोचक और अधिक सार्थक बना सकते हैं।

### शूलिनी ने ताशकंद के साथ किया एमओयू



**सोलन।** शूलिनी विश्वविद्यालय ने ताशकंद फार्मास्यूटिकल इंस्टीट्यूट के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए, जो 1937 में उज्बेकिस्तान में स्थापित दुनिया के सबसे पुराने सरकारी वित्त पोषित फार्मास्यूटिकल संस्थानों में से एक है। यह सहयोग फार्मास्यूटिकल विज्ञान में अंतरराष्ट्रीय अनुसंधान और अकादमिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। एमओयू पर फार्मास्यूटिक्स एंड लाइफ साइंसेज फ्रंटियर्स ऑफ रिसर्च एंड एजुकेशन (आईसीपीएल-2024) पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के दौरान हस्ताक्षर किए गए, जहां स्कूल ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज के प्रोफेसर और आईहब शूलिनी के समन्वयक डॉ. दीपक कुमार ने शूलिनी विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया। डॉ. कुमार को सम्मेलन के पहले दिन पूर्ण व्याख्यान और दूसरे दिन फार्मास्यूटिकल तकनीकी विश्वविद्यालय, ताशकंद में एक सार्वजनिक व्याख्यान देने के लिए आमंत्रित किया गया था। डॉ. कुमार ने हिमालयी पौधों पर प्रयोगशाला में किए जा रहे अभूतपूर्व शोध पर प्रकाश डाला और आईहब शूलिनी और आईहब दिव्यसंपर्क की अभिनव पहल की शुरुआत की, जिसका उद्देश्य नवाचार और अनुसंधान को बढ़ावा देना था।

# ठेकेदारों ने विकास कार्यों पर लगाई ब्रेक

## निगम से 5 से 7 करोड़ की पेमेंट पेंडिंग होने का दावा, नए टेंडर भरने में नहीं दिखा रहे दिलचस्पी

**आर मोहन चौहान, सोलन**

करोड़ों रुपए की पेंडिंग पेमेंट नहीं मिलने से नगर निगम सोलन के ठेकेदारों ने शहर के विकास कार्यों पर ब्रेक लगा दी है। ठेकेदार अब पेमेंट की मांग पर अड़ गए हैं साथ ही नए टेंडर नहीं भरने का निर्णय भी लिया है।

निगम के ठेकेदारों का आरोप है कि निगम की तरफ से आवंटित कार्य पूरा होने के बावजूद बिल पास नहीं किए जा रहे हैं। हालांकि नगर निगम की माने, तो ठेकेदारों से कार्य पूरा होने की सूची मांगी जा रही है, जिसे वह नहीं दे रहे हैं। वहीं, ठेकेदारों की माने तो अभी तक 5 से 7 करोड़ रुपए के कार्य पूरे हो चुके हैं, जिसकी पेमेंट नहीं की जा रही है। ठेकेदारों ने मंगलवार से नगर निगम परिधि में चल रहे विकास कार्यों को करना बंद कर दिया। वहीं, ऑनलाइन और ऑफलाइन लगने वाले टेंडर का बहिष्कार करने का निर्णय लिया है। यदि परिस्थितियां ऐसी ही रही, तो वार्ड क्षेत्रों में लंबित कार्यों को सिरे चढ़ाना मुश्किल हो जाएगा। ठेकेदारों का आरोप है कि निगम मेयर और स्थानीय विधायक व मंत्री के बीच के गतिरोध के कारण जानबूझ कर पेंडिंग पेमेंट रोकने के लिए आयुक्त पर दवाब बनाया जा रहा है। इससे पहले भी ठेकेदार निगम में ऑनलाइन टेंडर भरने की दिलचस्पी नहीं दिखा चुके हैं। ऐसे में निगम की ओर से लगाए जाने वाले कई टेंडर में एक भी कोटेशन नहीं आ रही है। इससे विकास कार्यों को करवाने में बड़ी बाधा बन रही है। साथ ही कार्यों में देरी भी हो रही है। (अनंत ज्ञान)



टेंडर नहीं होने से लंबित वार्ड-14 के मिनी पार्क का निर्माण।

### 29 टेंडर को नहीं मिली कोटेशन

**कई** टेंडर बार-बार लगाने के बाद भी कोई ठेकेदार उसे भरने के लिए आगे नहीं आ रहा है। कोटेशन न आने के कारण टेंडर प्रक्रिया पूरी नहीं हो रही है। हालही में 29 टेंडर में किसी ने कोटेशन नहीं दी थी। दूसरी ओर निगम का आरोप है कि ठेकेदार मनमानी पर उतर आए हैं। इस कारण नगर निगम को काफी दिक्कतें आ रही हैं। निगम की ओर से डंगे, रास्ते, नालियां समेत अन्य कई प्रकार के विकास कार्यों को लेकर योजना तैयार की हुई है। इन योजनाओं में निर्माण कार्य शुरू करवाने के लिए निगम की ओर से टेंडर भी लगाए जा रहे हैं, लेकिन बीते कुछ समय से देखने में आया है कि टेंडर प्रक्रिया अधर में ही लटक रही है।

शहर में हुए विकास कार्यों की नगर निगम ने पेमेंट रोक रखी है, जिससे आगामी कार्य करने में दिक्कत आएगी। निगम के रवैये को देखते हुए ठेकेदार संघ ने निर्णय लिया है कि फिलहाल विकास कार्यों को रोककर बहिष्कार किया जाएगा।

**कर्णजीत, अध्यक्ष, ठेकेदार संघ सोलन।**



**निगम** शहर के विकास कार्यों के टेंडर कर रहा है, लेकिन ठेकेदार मनमानी कर टेंडर को भरने में रुचि नहीं दिखा रहे हैं। ठेकेदारों से पूरे किए गए कार्यों की सूची मांगी गई है, जो अभी भी नहीं मिली है।

**उषा शर्मा, महापौर, नगर निगम, सोलन।**

# निगम की उद्योगपतियों व बिल्डरों को लाभ देने के उद्देश्य से दी गई मंजूरी: बलविंद्र

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

प्रदेश सरकार द्वारा बद्दी नगर परिषद को निगम बनाने के प्रस्ताव के खिलाफ अब स्थानीय लोगों ने विरोध शुरू कर दिया है। क्षेत्र के जन प्रतिनिधियों ने एक मंच पर बद्दी निगम के प्रस्ताव का विरोध किया।

उन्होंने कहा कि अगर प्रदेश सरकार द्वारा जबरन बद्दी को निगम थोपा और पंचायतों को शामिल कर लिया जाता है, तो प्रदेश सरकार को विरोध का सामना करना पड़ेगा। अगर जरूरत पड़ी तो स्थानीय लोग एकत्र होकर हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाएंगे। बलविंद्र ठाकुर ने कहा कि निगम में पंचायतों को शामिल करने से ग्रामीण क्षेत्र के 90 फीसदी लोगों को इसका नुकसान होगा। क्षेत्र में 90 फीसदी जमीन लोगों की कृशि योग्य जमीन है। इस जमीन पर मिलने वाली सब्सिडी बंद हो जाएगी। बलविंद्र सहित करीब पांच पंचायतों के प्रतिनिधियों ने कहा कि बद्दी को निगम बनाने के पीछे केवल एकमात्र मकसद धारा 118 के तहत उद्यमियों व बिल्डरों को लाभ देना है।

### औद्योगिक पॉलिसी बनाने की दी सलाह

बद्दी औद्योगिक क्षेत्र को निगम की नहीं, बल्कि औद्योगिक पॉलिसी की जरूरत है। निगम बनाने से कोई उद्योग यहां नहीं आएंगे, बल्कि रिहायशी कॉलोनियों व बिल्डरों का आगमन होगा, जो किसानों की कृषि योग्य भूमि को बाहरी राज्यों के लोगों को बेच देंगे। राज्य सरकार को यह प्रस्ताव वापस लेना चाहिए।

### किसानों की भूमि पर नियम थोपना गलत

**पंचायतों** के प्रतिनिधियों ने कहा कि निगम में प्रस्तावित जन पंचायतों को दर्शाया गया है, वहां 90 फीसदी भूमि किसानों की है। सभी किसान इस निगम के विरोध में हैं। चंडीगढ़ और पंचकूला की तर्ज पर अगर सरकार निगम बनाना चाहती है, तो उन्हीं की तरह उन्हें सारी जमीन को पहले एक्वायर करना चाहिए। उसके बाद ही ऐसे नियम लागू करने चाहिए।

# फुट ओवरब्रिज के निर्माण कार्यों में लाएं तेजी : डीसी

**अनंत ज्ञान, सोलन**



डीसी सोलन मनमोहन शर्मा की अध्यक्षता में परवाणू से लेकर सोलन-शिमला जिले की सीमा तक भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के फोरलेन कार्य के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। डीसी ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि यह राष्ट्रीय राजमार्ग सोलन के साथ-साथ शिमला एवं किन्नौर के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

सामरिक महत्व के अतिरिक्त यह राजमार्ग किसानों-बागवानों की आर्थिकी को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण है। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के फोरलेन कार्य के दृष्टिगत जहां यात्रियों एवं स्थानीय निवासियों को बेहतर सुविधा मिल रही है। वहीं, सुरक्षा की दृष्टि से कुछ चुनौतियां भी उत्पन्न हुई हैं। इन चुनौतियों का निराकरण किया जाना आवश्यक है। डीसी ने कहा कि एनएचएआई पर फोरलेन निर्माण के कारण कुछ स्थान 'ब्लैक स्पॉट' बनकर उभरे हैं। इन स्थानों पर बार-बार हो रही दुर्घटनाओं को रोकने के लिए एहतियाती उपाय अपनाने आवश्यक हैं।

उन्होंने ऐसे स्थानों पर स्पीड ब्रेकर निर्मित करने, सूचना पट्ट स्थापित करने और अन्य आवश्यक उपाय अपनाने के निर्देश दिए। डीसी ने कहा कि फोरलेन कार्य के साथ-साथ कुछ स्थानों पर आमजन की सुविधा के लिए फुट ओवरब्रिज भी निर्मित किए जाने है। उन्होंने एनएचएआई के अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्मित किए जा रहे फुट ओवर ब्रिज के निर्माण कार्यों में तेजी लाएं और चिन्हित स्थानों पर इनका निर्माण कार्य आरंभ करें।

## पाइन ग्रोव में बेटियों के लिए निशुल्क शिक्षा

**सोलन।** पाइनग्रोव स्कूल सूबाथू सोलन में लड़कियों के लिए चयन परीक्षा 22 दिसंबर को सुबह 10 बजे से आयोजित की जाएगी। समाजसेवा को जारी रखते हुए प्रवेश परीक्षा में भाग लेने के लिए छात्रा हिमाचल प्रदेश, जिला सोलन की स्थायी निवासी होनी चाहिए। यह योजना सोलन के परिवारों में एक उम्मीद की किरण ला सकती है। पाइनग्रोव स्कूल पिछले कई वर्षों से सोलन की छात्राओं को चयनित कर रहा है और कुछ छात्राएं आज भी स्कूल में शिक्षा ग्रहण कर रही हैं। छात्रा प्रथम कक्षा से ही सरकारी पाठशाला में पढ़ रही हो। छात्रा की आयु 10 वर्ष होनी चाहिए तथा वर्तमान में पांचवीं कक्षा में पढ़ रही हो। प्रत्येक वर्ष चयन परीक्षा के आधार पर दो सर्वश्रेष्ठ छात्राओं को पाइनग्रोव स्कूल, सूबाथू में प्रवेश दिया जाता है। इन छात्राओं को पाइनग्रोव स्कूल द्वारा निशुल्क शिक्षा प्रदान की जाएगी। पाइनग्रोव स्कूल न केवल हिमाचल का बल्कि, देश के प्रतिष्ठित स्कूलों में से एक है।

### यूरो किड्स स्कूल का वार्षिक समारोह आयोजित, स्वास्थ्य मंत्री रहे मुख्यातिथि

# बच्चों का बेहतर भविष्य बनाने में दें सहयोग






यूरो किड्स स्कूल सोलन के वार्षिक समारोह में सांस्कृतिक प्रस्तुति देते बच्चे (दाएं) डॉ. धनीराम शांडिल बच्चों को सम्मानित करते हुए।

**अनंत ज्ञान, सोलन**

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता और सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल ने कहा कि यूरो किड्स स्कूल बच्चों की प्रतिभा को निखारने के लिए बेहतर कार्य कर रहा है।

डॉ. शांडिल यूरो किड्स स्कूल सोलन के वार्षिक समारोह की अध्यक्षता कर रहे थे। डॉ. शांडिल ने नन्हे छात्रों के अभिभावकों से आग्रह किया कि इन बच्चों का बेहतर भविष्य बनाने में अपना सहयोग दें। प्रतिस्पर्धात्मक युग में बच्चों को खेलने का समय नहीं मिल पाता है। पढ़ाई व अन्य गतिविधियों के साथ-साथ खेल गतिविधियों में भाग लेना आवश्यक है, ताकि बच्चों का सर्वांगीण विकास हो सके। अभिभावक छोटे बच्चों को आदर्श बनाने के लिए उन्हें संस्कार युक्त शिक्षा दें। यूरो किड्स की मुख्याध्यापक सीमा बहल ने मुख्यातिथि का स्वागत किया और विद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर स्कूल के नन्हे बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। स्कूल के बच्चों को सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने के लिए अपनी ऐच्छिक निधि से 21 हजार रुपए देने की घोषणा की।

# अंजलि को सर्वश्रेष्ठ बॉक्सर के खिताब से नवाजा

**जीता सिंह नेगी, रिकांगपिओ**



पांचवी राज्य स्तरीय युवा वूमन बॉक्सिंग प्रतियोगिता का समापन जेएसडब्ल्यू हाइड्रो एनर्जी छोलतू में हुआ। इस बॉक्सिंग प्रतियोगिता के समापन दिवस पर डीसी किन्नौर डॉ. अमित कुमार शर्मा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।

इस प्रतियोगिता का आयोजन जेएसडब्ल्यू हाइड्रो एनर्जी एवं किन्नौर बॉक्सिंग एसोसिएशन के संयुक्त तत्वाधान में 17 से 19 तक किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक किन्नौर अभिषेक शेखर विशेषातिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर डीसी किन्नौर डॉ. अमित ने सभी प्रतिभागियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि आज के बदलते परिवेश में युवा पीढ़ी का खेल से जुड़े रहना आवश्यक है। राज्य स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न जिलों के कुल 49 प्रतिभागियों ने भाग लिया। बॉक्सिंग प्रतियोगिता के 48 किलोग्राम भार वर्ग में जेएसडब्ल्यू किन्नौर की अंजलि देवी ने स्वर्ण पदक, प्रिया देवी ने रजत, कुल्लू की मुरीदुल राणा तथा किन्नौर की शीतल नेगी ने कांस्य पदक हासिल किया। 51 किलोग्राम भार वर्ग में किन्नौर की अदिति नेगी ने स्वर्ण पदक, ऊना की रुहानी ने रजत, रोहड़ू की शगुन तथा किन्नौर की अंजलि ने कांस्य पदक अपने नाम किया। 54 भार वर्ग में शिमला की मेवी ने स्वर्ण पदक, रोहड़ू की शार्या ने रजत, किन्नौर की सपना थापा एवं अक्षिता ने कांस्य पदक प्राप्त किया। तीन दिवसीय राज्य स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता में किन्नौर जिले की अंजलि नेगी को सर्वश्रेष्ठ बॉक्सर के खिताब से नवाजा गया, जबकि ओवरऑल विजेता की ट्रॉफी जिला शिमला तथा रनरअप ट्रॉफी जेएसडब्ल्यू छोलतू के नाम रही। (अनंत ज्ञान)

## एनीमिया के बारे में जागरूक किया

**दाड़लाघाट।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मांगल में द हंस फाउंडेशन की प्रथम ईकाई अर्की द्वारा आयोजित जागरूकता शिविर में किशोरियों को मासिक धर्म स्वच्छता व अनिमिया के बारे में जागरूक किया। शिविर में डॉक्टर श्वेता गुलेरिया ने किशोरियों को संबोधित करते हुए मासिक धर्म स्वच्छता और अनिमिया के महत्व पर प्रकाश डाला। साथ ही किशोरियों को सेनेटरी किट भी आवंटित की गई। विद्यालय में विद्यार्थियों की जानकारी के लिए हस्त प्रक्षालन के 9 अहम कदम के पोस्टर भी चिपकाए।

## रोलर एंड आइस स्केटिंग रिंक तैयार करने में कैबिनेट मंत्री का अहम योगदान: विक्रम

**अनंत ज्ञान, रिकांगपिओ**

रोलर एंड आइस स्केटिंग एसोसिएशन किन्नौर के प्रयासों से किन्नौर के कल्पा में रोलर एंड आइस स्केटिंग रिंक बन कर तैयार हो गया है, जिस का लोकार्पण हालही में हिमाचल सरकार के कैबिनेट मंत्री जगत सिंह नेगी ने किया।



रोलर एंड आइस स्केटिंग एसोसिएशन किन्नौर के जिलाध्यक्ष एवं डायरेक्टर स्टेट को-ऑपरेटिव बैंक विक्रम सिंह नेगी ने बताया कि 9710 फुट की ऊंचाई पर इस रिंक को तैयार करने में प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री जगत सिंह नेगी का बहुत बड़ा योगदान रहा है। इस रिंक का विशेष लाभ जिले के उन युवाओं को होगा, जो ऐसे साहसिक खेलों के प्रति रुचि रखते हैं। एसोसिएशन की यह भी योजना है कि इस खेल को जिले के उन सभी स्कूलों में भी शुरू किया जाएगा, जहां पर बास्केटबॉल कोर्ट हैं। स्कूलों में ऐसे मैदान नहीं है, उन स्कूलों में भी इस खेल को शुरू करने के लिए एसोसिएशन व सरकार प्रयास कर रही है।

# सामुदायिक सशक्तिकरण के लिए माइंडफुलनेस पर राजस्थान में पहल

**अनंत ज्ञान, सोलन**



सोलन के प्रतिष्ठित जन स्वास्थ्य और सामुदायिक सहभागिता विशेषज्ञ डॉ. दमन आहूजा की ओर से संचालित एक अभिनव माइंडफुलनेस प्रशिक्षण कार्यक्रम ने राजस्थान में सरकारी क्षमता निर्माण के क्षेत्र में नई क्रांति ला दी है।

ह्ययह कार्यक्रम परंपरागत विषय-केंद्रित प्रशिक्षण से हटकर एक समग्र दृष्टिकोण अपनाता है, जहां व्यक्तिगत विकास और पेशेवर क्षमता निर्माण को माइंडफुलनेस के माध्यम से एकीकृत किया जाता है। डॉ. आहूजा का यह प्रयोग अन्य राज्यों के लिए एक आदर्श मॉडल के रूप में उभरा है, जो सरकारी प्रशिक्षण कार्यक्रमों में नवीन दृष्टिकोण अपनाने की प्रेरणा देता है। डॉ. आहूजा का कहना है कि राज्य स्तरीय प्रशिक्षकों के लिए डिजाइन किए गए इस कार्यक्रम में वर्तमान-क्षण की जागरूकता, भावनात्मक नियंत्रण और प्रामाणिक संवाद पर विशेष ध्यान दिया गया। प्रशिक्षकों ने न केवल अपने कार्य से जुड़ने के नए तरीके खोजे, बल्कि प्रशिक्षण सत्रों को अधिक गतिशील और प्रभावशाली बनाने में भी सफलता प्राप्त की। माइंडफुलनेस के माध्यम से, प्रतिभागियों ने अपनी व्यक्तिगत और पेशेवर चुनौतियों से निपटने की नई क्षमताएं विकसित की।

# राजगढ़ में सूखे की मार, तीन माह से बारिश का इंतजार

**अनंत ज्ञान, राजगढ़**

राजगढ़ में पिछले लगभग तीन महीनों से भंयकर सूखा पड़ने से किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मौसम विभाग के अलर्ट के बावजूद यहां मौसम शुष्क बना हुआ है। किसान पिछले दो, तीन दिनों से बारिश का इंतजार कर रहे हैं, मगर आज भी यहां सुबह ही तेज धूप खिल गई और आसमान में बादल का नामो निशान नहीं है और इसके साथ ही यहां लगातार पिछले तीन महीनो के सूखे का रिकॉर्ड भी बन गया है। इस लंबे ड्राई स्पेल के कारण गेहूं, मटर जौ, सरसो, धनिया आदि की बिजाई पर असर पड़ रहा है।

सूखे के कारण किसान अपने खेतों को बुआई के लिए तैयार ही नहीं कर पा रहे हैं, यहां इन दिनों लहसुन व बरसाती मटर की फसलें लगी हैं, जिसमें से बरसाती मटर की लगभग 80 फीसदी फसल तो सूखे की भेंट चढ़ गई है। बिना बारिश के लहसुन की गुडाई संभव नहीं हो पा रही है। यहां किसान काफी हद तक अपनी लहसुन की फसल को सूखे से बचाने के लिए सिंचाई कर रहे हैं, मगर अब सिचाई के लिए भी जल स्रोत सूखने लगे हैं, अगर जल्द बारिश नहीं होती है, तो सिचाई की सुविधा भी बंद हो सकती है। यहां पूरे क्षेत्र में अधिकतर खेत अभी खाली पड़े हैं। राजगढ़ में 40 प्रतिशत सिंचित व 60 प्रतिशत क्षेत्र में सिचाई सुविधा उपलब्ध नहीं है। 60 प्रतिशत किसान वर्षा जल पर निर्भर हैं। इस बारे में कृषि विभाग राजगढ़ के विशेषज्ञ शिवराम ने कहा कि पिछले काफी समय से बारिश न होने के कारण काफी सूखा चल रहा है, मगर अभी किसानों को घबराने की जरूरत नहीं है क्योंकि यहां फसलों की बिजाई की तीन स्टेज होती हैं अरली, मिड़ व लेट तो ऐसे में किसान अरली वैरायटी की फसलों के बीजन एवाइड करें और वह मिड़ व लेट वैरायटी की फसलों को बीजने का प्रयास करें।



### दो वर्षों से बारिश सामान्य से काफी कम हो रही

**पूरे** राजगढ़ क्षेत्र में पिछले लगभग दो वर्षों से बारिश सामान्य से काफी कम हो रही है। अगर आंकड़ों पर एक नजर दोड़ाई जाए, तो यहां साल 2023 में जनवरी में 40 एमएम, फरवरी में 7 एमएम मार्च में 18 एमएम अप्रैल में, 110 एमएम मई में, 140 एमएम जून में, 141 एमएम जुलाई में, 706 एमएम अगस्त में, 248 एमएम सितंबर में, 110 एमएम अक्तूबर में, 26 एमएम नंवबर व दिसंबर में शून्य एमएम बारिश रिकॉर्ड की गई। इसी तरह साल 2024 में जनवरी में शून्य एमएम, फरवरी में 68 एमएम, मार्च में 117 एमएम, अप्रैल में 26 एमएम, मई में 50 एमएम, जून में 137 एमएम, जुलाई में 101 एमएम, अगस्त में 309 एमएम, सितंबर में 124 एमएम, अक्तूबर में शून्य एमएम व नंबवर में भी अभी तक शून्य एमएम बारिश रिकॉर्ड की गई है। अगस्त 2023 को छोड़ कर यहां पिछले दो सालों से सामान्य से काफी कम बारिश हो रही है, जिससे नदी नालों में पानी का स्ता लगातार घटता जा रहा है, इसके साथ-साथ पानी के प्राकृतिक स्रोत भी सुखने की कगार पर हैं, जिस कारण यहां आने वाले समय में पानी का संकट पैदा हो सकता है।

## डॉ. शांडिल आज सोलन के प्रवास पर

**सोलन।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल 20 को सोलन के प्रवास पर आ रहे हैं। डॉ. शांडिल 20 को प्रातः 11 बजे सोलन की पंचायत झाजा में झाजा स्थित कॉमन सर्विस सेंटर व डिजिटल साक्षरता केंद्र, ज्वाला माता मंदिर चौहड़ा तक संपर्क मार्ग का लोकार्पण करेंगे तथा चौहड़ा स्थित खेल मैदान की आधारशिला रखेंगे। स्वास्थ्य मंत्री तदोपरांत दोपहर 12.30 बजे घैनटी स्कूल के अतिरिक्त भवन की आधारशिला रखेंगे। डॉ. शांडिल तत्पश्चात घैनटी स्कूल में वार्षिक समारोह में मुख्यातिथि होंगे।

**बैठक** — औद्योगिक क्षेत्र बद्दी-बरोटीवाला-नालागढ़ के उद्योगों में फायर जैसी घटनाओं से निपटने के लिए उद्योग संगठनों की बैठक झाड़माजरी में हुई

# फायर सेफ्टी की निगरानी के लिए कमेटी का गठन, दो सप्ताह में देनी होगी विस्तृत रिपोर्ट

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

औद्योगिक क्षेत्र बद्दी-बरोटीवाला-नालागढ़ के उद्योगों में फायर जैसी घटनाओं से निपटने के लिए उद्योग संगठनों की एक बैठक झाड़माजरी बीबीएनडीए कार्यालय में हुई। बैठक की अध्यक्षता बीबीएनडीए की सीईओ सोनाक्षी सिंह तोमर ने की।

बैठक में उद्योगों में फायर सेफ्टी को लेकर चर्चा की गई, ताकि भविष्य में कोई हादसा होता है, तो उस समय आपदा प्रबंध पूर्ण हो और समय रहते निपटा जा सके। बीते फरवरी में झाड़माजरी के कैमिकल उद्योग में हुए भयंकर हादसे के बाद ही बीबीएन विकास प्राधिकरण के जिम्मे यह काम था कि हर उद्योग की फायर सेफ्टी की जांच की जाए। इसी बीच फायर विभाग ने भी अपने नियमों व कानूनों में सख्ती कर दी, जिसकी अनुपालना छोटे उद्योग नहीं कर पा रहे थे। इन्हीं मुद्दों को लेकर सोनाक्षी तोमर ने क्षेत्र के आधा दर्जन उद्योग संगठनों के साथ बैठक बुलाई। बैठक में यह तय हुआ कि उद्योग विभाग के उपनिदेशक योगेश गुप्ता की अध्यक्षता में एक कमेटी का गठन किया जाएगा। यह कमेटी दो हफ्ते के अंदर फायर सेफ्टी को लेकर अपनी विस्तृत रिपोर्ट बीबीएनडीए की सीईओ को प्रस्तुत करेगी। इस कमेटी में फायर विभाग से सेवानिवृत्त अफसर को सदस्य बनाया जाएगा। वहीं, हर उद्योग संगठन से एक उद्यमी इसका सदस्य होगा। इसके अलावा बड़े उद्योगों के सेफ्टी अफसरों को भी इसमें विशेष तौर पर जोड़ा जाएगा। यह कमेटी दो हफ्ते के अंदर हर इंडस्ट्रियल एरिया में जाकर देखेगी कि फायर सुरक्षा कैसे मजबूत हो सकती है। अध्यक्ष राजीव अग्रवाल व महामंत्री वाईएस गुलेरिया ने कहा कि छोटे उद्योग फायर सेफ्टी के नियम पूरे नहीं कर सकते इसलिए हर एरिया में एक कलस्टर बनाकर सब कारखानों को इसके साथ जोड़ा जा सकता है।



बीबीएनडीए सीईओ सोनाक्षी तोमर बैठक की अध्यक्षता करती हुई साथ हैं अन्य।

### फायर सेफ्टी को लेकर बनाई गई एक कमेटी : सीईओ

**बीबीएनडीए** की सीईओ आईएएस सोनाक्षी सिंह तोमर ने बताया कि बैठक में फायर सेफ्टी पर एक कमेटी बनाने का निर्णय हुआ है। यह कमेटी अपनी रिसर्च में जो रिपोर्ट बीबीएनडीए को सौंपेगी, उस पर यथासंभव कार्रवाई की जाएगी। यह एक गंभीर मुद्दा है और हम सुरक्षा के प्रति सचेत व जागरूक हैं तथा हमारे लिए हर जिंदगी कीमती है। इस मौके पर बैठक में उपनिदेश उद्योग विभाग योगेश गुप्ता, बीबीएनआईए के अध्यक्ष राजीव अग्रवाल, यशवंत गुलेरिया, दिनेश जैन, रजनीश बिज, राजीव सत्या, लघु उद्योग भारती के महासचिव संजीव शर्मा, एचडीएम के अध्यक्ष डॉ. राजेश गुप्ता, कोषाध्यक्ष संजय शर्मा आदि उपस्थित रहे।

### बीबीएन उद्योग संघ करेगा लीड

**फायर** सेफ्टी व आपदा प्रबंधन की कमेटी व सुझाव का समस्त जिम्मा उद्योग संगठनों ने सर्वसम्मति से बीबीएन उद्योग संघ को सौंपा दिया। एचडीएमए के अध्यक्ष डॉ. राजेश गुप्ता व लघु उद्योग संघ के प्रदेशाध्यक्ष अशोक राणा और लघु उद्योग भारती के राज्य महासचिव संजीव शर्मा ने कहा कि इन समस्त कार्यों के बेहतर निष्पादन को लेकर बीबीएन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन सक्षम है और सुरक्षा के मुद्दे को लेकर हम सब इनके साथ हैं।

